जबलपुर

शनिवार, 11 अक्टूबर 2025

कार्तिक मास कृष्ण पक्ष–5

वर्ष : 20, अंक : 164

पृष्ठ : 8+6=14 मूल्य : 3 .00 *

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


**मौसम**

अधि. 25

न्यून. 15

ट्रंप रह गए खाली हाथ, वेनेजुएला की विपक्षी नेता मारिया कोरिना मचाडो को मिला

**शांति का नोबेल**

# दुनिया में फिर चली गांधी की आंधी, मारिया 'बापू' की कट्टर अनुयायी, वे बढ़ते अंधकार के बीच लोकतंत्र की लौ जलाए हैं



*वेनेजुएला की आयरन लेडी हैं मचाडो, वे अपने ही देश में छिपकर रह रही हैं*

**8** देश ट्रंप को नोबेल के लिए नॉमिनेट कर चुके थे, जिसमें पाकिस्तान, इजराइल, अमेरिका, आर्मेनिया, अजरबैजान, माल्टा, कंबोडिया और अर्जेंटीना जैसे देश

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इस साल के नोबेल शांति पुरस्कार का ऐलान हो गया है। मरिया कोरिना मचाडो को यह सम्मान मिला है। इसी के साथ अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इस पुरस्कार से चूक गए हैं।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की उम्मीदों पर पानी फेरते हुए 2025 का नोबेल शांति पुरस्कार शुक्रवार को वेनेजुएला की मुख्य विपक्षी नेता मारिया कोरिना मचाडो को प्रदान किया गया, जो फिलहाल अपने ही देश में छिपकर रह रही हैं।



### मचाडो ने सुमाते नाम के संगठन की स्थापना की

पुरस्कार की घोषणा के दौरान नोबेल समिति ने कहा कि वह वेनेजुएला के लोगों के लोकतांत्रिक अधिकारों को बढ़ावा देने में मचाडो के अथक कार्य और तानाशाही से लोकतंत्र में एक न्यायसंगत और शांतिपूर्ण बदलाव प्राप्त करने के संघर्ष के लिए उन्हें सम्मानित करती है। मचाडो ने सुमाते नाम के संगठन की स्थापना की, जो लोकतंत्र की बेहतरी के लिए काम करता है। जो कि मुफ्त और निष्पक्ष चुनावों की मांग करता रहा है। मारिया कोरिना मचाडो साल 2024 के चुनाव से पहले विपक्ष की राष्ट्रपति उम्मीदवार थीं, लेकिन वेनेजुएला की सरकार ने उम्मीदवारी रद्द कर दी।

**सिवनी में हवाला के करीब 3 करोड़ रुपए की बंदरबांट**

# एसडीओपी नपीं, आईजी ने 10 पुलिसकर्मियों को किया सस्पेंड

*करीब 3 करोड़ रुपए जब्त किए थे, रिपोर्ट में जब्ती सिर्फ एक करोड़ 45 लाख रु. की दिखाई*

*जबलपुर एएसपी आयुष गुप्ता मामले की जांच करेंगे तीन दिन में रिपोर्ट देंगे*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सिवनी के बंडोल एसडीओपी और थाना प्रभारी को हवाला के डेढ़ करोड़ रुपए दबाने के मामले में डीजीपी कैलाश मकवाना ने सस्पेंड कर दिया है। अफसरों ने नागपुर के शख्स से करीब 3 करोड़ रुपए जब्त किए थे।



पूजा पांडे

### एक करोड़ 45 लाख रुपए मिले : एसपी

सिवनी एसपी सुनील कुमार मेहता ने बताया कि कार में एक करोड़ 45 लाख रुपए मिले थे। पुलिसकर्मियों ने जब्ती बनाने में विलंब किया। मामले की जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को नहीं दी। इसके बाद यह कार्रवाई की गई है। आईजी ने तीन दिन में रिपोर्ट मांगी है।

**राजधानी की पुलिस की यह बर्बर करतूत**

# कार में पार्टी करते युवकों को पुलिस ने पाइप से बेरहमी से पीटा, मौत हुई

मृतक डीएसपी का साला, दोनों पुलिसकर्मी सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पिपलानी स्थित इंद्रपुरी में दो पुलिसकर्मियों की मारपीट से डीएसपी के साले की मौत हो गई। दरअसल, डीएसपी का साला गुरुवार-शुक्रवार की दरमियानी रात अपने दोस्तों के साथ कार में बैठकर पार्टी कर रहा था, तभी पुलिसकर्मी पहुंच गए और मारपीट शुरू कर दी। मारपीट से तबीयत बिगड़ने पर दोस्त उसे अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।



उदित गायकी

### उदित ने हाल ही में बीई किया था

जानकारी के अनुसार उदित गायकी पिता राजकुमार गायकी (21) बैंक कॉलोनी अशोका गार्डन में रहता था। उसने इसी वर्ष इंजीनियर की पढ़ाई पूरी की थी और बेंगलुरु के एक कॉलेज में आगे की पढ़ाई के लिए एडमिशन लेने की तैयारी में था। गुरुवार-शुक्रवार की दरमियानी रात वह स्कूल के पुराने दोस्तों के साथ इंद्रपुरी के एक गार्डन में कार में बैठकर पार्टी कर रहा था। इस दौरान रात करीब डेढ़ बजे चार्लीमें गश्त कर रहे ।

**उधर, अशोकनगर में भी पुलिस की पिटाई से युवक की मौत**

# 4 पुलिसकर्मी निलंबित टीआई भी लाइन अटैच

*मजिस्ट्रीयल जांच के आदेश दिए*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



जिला मुख्यालय से 15 किलोमीटर दूर शाढ़ौरा थाने के ग्राम बमुरिया में एक 50 वर्षीय ग्रामीण की मौत के मामले में पुलिस की कार्रवाई को लेकर ग्रामीणों और परिवारजनों द्वारा पुलिस कर्मियों पर हत्या के आरोप लगाए हैं। विरोध प्रदर्शन के बाद एसपी राजीवकुमार मिश्रा ने 4 पुलिस कर्मियों को निलंबित कर दिया है। थाना प्रभारी रितु चौहान को लाइन अटैच की कार्यवाही की गई है। जिन पर निलंबन पर कार्यवाही की गई है, उनमें प्रधान आरक्षक नितिन यादव, आरक्षकों में विष्णु धाकड, संजीव साहू और शाहरूख खान शामिल हैं। कांग्रेस विधायक हरीबाबू राय मौके पर पहुंचे और मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। घटना गुरुवार की रात 8 बजे की है। जब बमुरिया गांव में पुलिस पहुंची तब एक स्थान पर बैठे ग्रामीण पुलिस को देखकर भागने लगे। जिसमें लखन पुत्र लक्ष्मण यादव (50) साल तालाब की ओर गया। जिसके बाद रात 10 बजे पुलिस बमुरिया गांव में पहुंची और तालाब से लखन यादव को निकालकर चुपचाप शाढ़ौरा अस्पताल ले गई। जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।



inh 24x7

छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें

TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### महाभारत: 25 को वेव्स ओटीटी पर एआई वर्जन



**नई दिल्ली।** प्रसार भारती और कलेक्टिव मीडिया नेटवर्क ने आज की पीढ़ी के लिए महाभारत की पुनर्कल्पना करने के लिए साझेदारी की है। कलेक्टिव मीडिया नेटवर्क ने प्रसिद्ध महाकाव्य 'महाभारत' के एआई वर्जन प्रसारण की घोषणा की है। इस एपिसोड का विशेष डिजिटल प्रीमियर 25 अक्टूबर को वेव्स ओटीटी पर होगा। इसके बाद 2 नवंबर 2025 से हर रविवार सुबह 11:00 बजे दूरदर्शन पर इसका प्रसारण होगा। यह एपिसोड दर्शक वेव्स ओटीटी में देख सकेंगे।

### यशस्वी ने डॉन ब्रैडमैन की लिस्ट में बनाई जगह



**नई दिल्ली।** अरुण जेटली स्टेडियम में वेस्टइंडीज के खिलाफ भारत के दूसरे टेस्ट के दौरान ओपनिंग सुपरस्टार यशस्वी जायसवाल ने रिकॉर्ड बनाने की होड़ में थे। टेस्ट के पहले दिन शानदार 150 रन बनाकर उन्होंने खुद को डॉन ब्रैडमैन, सुनील गावस्कर, सचिन तेंदुलकर, विराट कोहली, वीरेंद्र सहवाग, ग्रीम स्मिथ और जावेद मियांदाद जैसे नामों के साथ खड़ा कर लिया। यह यशस्वी का पांचवां 150-प्लस स्कोर था।

25 बच्चों की मौत का जिम्मेदार 'कोल्ड्रिफ' का मालिक रंगनाथन परासिया कोर्ट में पेश, 10 दिन की रिमांड

**कफ सिरप कांड**

# रंगनाथन का रंग कितने 'नाथों' पर, अब खुलेंगे कई छिपे नाम





मौत का सौदागर रंगनाथन अब शिकंजे में है पर अभी सिरप कांड में कई और मौत के सौदागर हैं, जिन्होंने किसी लालच में बच्चों की मौत का सौदा किया था, उनके गिरहबान तक भी कानून के हाथ पहुंचेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

जहरीले कफ सिरप से 25 बच्चों की मौत के मामले में चेन्नई से गिरफ्तार दवा कंपनी श्रीसन फार्मास्युटिकल्स के मालिक गोविंदन रंगनाथन को एसआईटी ने गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया था। शुक्रवार को रंगनाथन को छिंदवाड़ा जिले के परासिया के कोर्ट में पेश किया गया। इस दौरान कोर्ट परिसर के बाहर पुलिस का कड़ा पहरा रहा। इससे पहले रंगनाथन को चेन्नई से नागपुर तक मध्यप्रदेश एसआईटी की टीम फ्लाइट से लेकर पहुंची। नागपुर एयरपोर्ट से सुबह करीब 7 बजे कड़ी पुलिस सुरक्षा में रंगनाथन को कार से छिंदवाड़ा लाया गया।



किन अफसर व नेताओं ने किस एवज में सिरप को मंजूरी दी, पुलिस यह उगलवाएगी



### रंगनाथन ने कोर्ट में दी सफाई

**दवा सप्लाई 5 राज्यों में पर मौतें मप्र में**

एडीपीओ रतन धुर्वे ने बताया कि रंगनाथन ने स्वयं अपनी पैरवी की। उसने खुद को हाई बीपी और शुगर पेशेंट बताया। रंगनाथन के मुताबिक दवाई की सप्लाई 5 राज्यों में की गई लेकिन सिर्फ मप्र में नुकसान हुआ। ब्लड प्रेशर हाई होने के चलते रंगनाथन को डॉक्टर के पास ले जाया गया। इसके बाद उसे पुलिस अभिरक्षा में परासिया पुलिस थाने में रखा गया। फिर उसे कोर्ट में पेश किया गया।

### सुप्रीम कोर्ट ने सिरप कांड से जुड़ी याचिका खारिज की

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को मध्य प्रदेश और राजस्थान में जहरीली सिरप से बच्चों की मौत के मामलों पर सीबीआई जांच और देशभर में दवा सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की मांग करने वाली जनहित याचिका को खारिज कर दिया। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई, न्यायमूर्ति उज्जल भूयान और न्यायमूर्ति के. विनोद चंद्रन की पीठ ने वकील विशाल तिवारी द्वारा दायर याचिका को खारिज कर दिया।

1. *आरोपी पर कोर्ट में हमले की कोशिश वकीलों ने कहा-हत्यारे को फांसी दो*
2. *परासिया अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष ने कहा- न रंगनाथन की पैरवी करेंगे, न करने देंगे*
3. *मप्र एसआईटी शुक्रवार सुबह करीब पौने 7 बजे फ्लाइट से नागपुर एयरपोर्ट पहुंची, यहां से रंगनाथन को कार से छिंदवाड़ा लाया गया*
4. *परासिया थाने में अतिरिक्त पुलिस फोर्स तैनात किया गया है, परासिया कोर्ट परिसर में भी भारी पुलिस बल ने संभाला मोर्चा*

**करवा चौथ** | **चंद्रदर्शन के बाद सुहागिनों का पूरा हुआ व्रत**



अरेरा कॉलोनी में सामूहिक रूप से करवाचौथ मनातीं महिलाएं

**भोपाल।** करवा चौथ का त्योहार भोपाल सहित देशभर में धूमधाम से मनाया गया। सुहागिन महिलाओं ने शुक्रवार को सूर्योदय से लेकर चंद्रोदय तक करवा चौथ का व्रत रखा। रात को करवा माता की पूजा, आरती और कथा के बाद चांद को अर्घ्य अर्पित कर छलनी से पति का दीदार किया। इसके बाद व्रत का पारायण किया।

**बैतूल में आरएसएस प्रचारक से मारपीट का मामला**

# पांच आरोपी गिरफ्तार, थाना प्रभारी लाइन अटैच, 2 सब इंस्पेक्टर सस्पेंड

कार्रवाई में देरी करने के चलते एसपी ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

मुलताई में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के जिला प्रचारक शिशुपाल यादव के साथ मारपीट के मामले में पुलिस ने 5 आरोपियों गिरफ्तार कर लिया है। एसपी वीरेंद्र जैन ने बताया कि कार्रवाई में देरी से करने के कारण दो सबइंस्पेक्टरों को सस्पेंड किया गया है ।

### पुलिस कर रही निगरानी

मौके पर कलेक्टर, एसपी, एसडीओपी, टीआई सहित भारी पुलिस बल पहुंचा। स्थिति पर नियंत्रण पाने के लिए अतिरिक्त बल तैनात किया गया है। घटना के बाद नगर के सभी संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस की सख्त निगरानी रखी जा रही है।

**हाई कोर्ट से मुस्लिम पक्ष को झटका**

# गिराई गई 200 साल पुरानी मस्जिद नहीं बनेगी दोबारा

अनुरोध करने वाली याचिका खारिज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

मध्यप्रदेश हाई कोर्ट ने उज्जैन के महाकाल लोक परिसर के विस्तार के लिए प्रशासन के जमीन अधिग्रहण के बाद ढहाई गई करीब 200 साल पुरानी तकिया मस्जिद को फिर से बनाए जाने का अनुरोध करने वाली याचिका खारिज कर दी है। अदालत ने मुस्लिम समुदाय के लोगों की याचिका यह कहते हुए खारिजकर दी कि धर्म का पालन करने के संविधानप्रदत्त अधिकार का किसी विशेष स्थान से कोई संबंध नहीं है।

चुनाव आयोग ने राज्य के मुख्य चुनाव अधिकारियों से अगले 10 से 15 दिनों में एसआईआर शुरू करने के लिए तैयार रहने को कहा

# जिन राज्यों में अगले साल विधानसभा चुनाव, वहां शुरु हो सकती है चरणबद्ध तरीके से एसआईआर की प्रक्रिया

असम, केरल, पुडुचेरी तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में साल 2026 में विधानसभा चुनाव होने हैं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

चुनाव आयोग देश में चरणबद्ध तरीके से मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का काम शुरू कर सकता है। आयोग के अधिकारियों ने बताया कि एसआईआर प्रक्रिया की शुरुआत उन राज्यों से हो सकती है, जहां अगले साल विधानसभा चुनाव होने हैं। आयोग उन राज्यों में मतदाता सूची संशोधन अभियान नहीं चलाएगा जहां स्थानीय निकाय चुनाव होने हैं या हो रहे हैं। चुनाव आयोग का कहना है कि चुनाव मशीनरी, निकाय चुनाव में व्यस्त है और इसके चलते वे एसआईआर पर ध्यान केंद्रित नहीं कर पाएंगे। गौरतलब है कि असम, केरल, पुडुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में साल 2026 में विधानसभा चुनाव होने हैं। इन पांच राज्यों के अलावा पहले चरण में कुछ अन्य राज्यों में भी एसआईआर की प्रक्रिया शुरू की जा सकती है। बिहार में एसआईआर का काम पूरा हो गया है, जहां 30 सितंबर को लगभग 7.42 करोड़ नामों वाली अंतिम सूची प्रकाशित की गई थी। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा कि सभी राज्यों में मतदाता सूचियों का गहन पुनरीक्षण शुरू करने का काम चल रहा है और इसे शुरू करने पर अंतिम फैसला चुनाव आयोग द्वारा लिया जाएगा।



### राज्य निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश

अधिकारियों के अनुसार चुनाव आयोग के शीर्ष अधिकारियों ने इस महीने की शुरुआत में एक सम्मेलन में राज्य के मुख्य चुनाव अधिकारियों (सीईओ) से अगले 10 से 15 दिनों में एसआईआर शुरू करने के लिए तैयार रहने को कहा था। मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे अपने राज्यों की मतदाता सूचियों को अंतिम एसआईआर के बाद प्रकाशित रखें। दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी की वेबसाइट पर 2008 की मतदाता सूची है, जब राष्ट्रीय राजधानी में अंतिम बार गहन पुनरीक्षण हुआ था। उत्तराखंड में, अंतिम एसआईआर 2006 में हुआ था, और उस वर्ष की मतदाता सूची अब राज्य मुख्य निर्वाचन अधिकारी की वेबसाइट पर है। अधिकांश राज्यों में मतदाता सूची की अंतिम एसआईआर 2002 और 2004 के बीच थी। एसआईआर का प्राथमिक उद्देश्य अवैध मतदाताओं के जन्म स्थान की जांच करके उन्हें मतदाता सूची से बाहर निकालना है।




# विधानसभा चुनावों से पहले एनडीए-महागठबंधन में मशक्कत बढ़ी, प्रत्याशियों की घोषणा की चुनौती 'बड़ी'

### चिराग ने एनडीए में सीट बंटवारे को लेकर दिया खुलकर बयान

## सभी चीजों पर विस्तार से बात कर रहे ताकि दिक्कत न हो प्रधानमंत्री के रहते हमें सम्मान पर सोचने की जरूरत नहीं

एजेंसी ▶▶ पटना

*बिहार विधानसभा चुनावों से पहले एनडीए गठबंधन में सीट बंटवारे को लेकर एक सकारात्मक खबर सामने आई है। लोक जनशक्ति पार्टी (राम विलास) के नेता चिराग पासवान ने पहली बार खुलकर कहा है कि उनकी भाजपा के साथ बातचीत बहुत सकारात्मक रही है।*

बिहार विधानसभा चुनावों से पहले एनडीए गठबंधन में सीट बंटवारे को लेकर एक सकारात्मक खबर सामने आई है। लोक जनशक्ति पार्टी (राम विलास) के नेता चिराग पासवान ने पहली बार खुलकर कहा है कि उनकी भाजपा के साथ बातचीत बहुत सकारात्मक रही है। उन्होंने सीटों के अलावा गठबंधन की हर छोटी-बड़ी बात पर विस्तार से चर्चा जारी रहने की बात कही है। चिराग ने कहा कि बहुत ही सकारात्मक बात हुई है। बात हो रही है। इंतजार बहुत जल्द खत्म होगा। हमलोग सीट के अलावा सभी चीजों पर विस्तार से बात कर रहे हैं, जिससे गठबंधन में कोई दिक्कत कभी न आए। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जिक्र करते हुए जोड़ा कि जहां हमारे पीएम हैं, वहां मुझे अपने सम्मान के बारे में सोचने की जरूरत नहीं है। केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय ने कहा कि कैबिनेट मंत्री चिराग पासवान ने स्पष्ट शब्दों में कहा है।

केंद्रीय मंत्री राय ने साफ शब्दों में यह बात बताई

### बातचीत इसलिए कि कोई संशय न रहे



बिहार चुनाव को लेकर भाजपा के साथ सीट बंटवारे की बातचीत पर चिराग ने कहा कि बातचीत सकारात्मक ढंग से चल रही है और अब अपने अंतिम चरण में है। जिस घोषणा का इंतजार आपलोग कर रहे हैं, वह भी जल्द होने वाली है। हम लोग हर एक चीजों पर विस्तार से चर्चा कर रहे हैं। ताकि बाद में गठबंधन के अंदर किसी भी चीजों को लेकर कोई संशय नहीं हो।

### सीट शेयरिंग में देरी को लेकर कांग्रेस ने राजद को दिया अल्टीमेटम

## इन 13 सीटों पर भी नाम किए फाइनल

बिहार चुनाव के लिए पहले चरण के नामांकन आज से शुरू हो गए है। गठबंधन के अहम सहयोगी दल कांग्रेस की पहली लिस्ट तैयार हो गई है। बताया जा रहा 13 उम्मीदवारों के नाम फाइनल है, बस ऐलान बाकी है। इस बीच कांग्रेस ने राजद को अल्टीमेटम दे दिया है कि सीटों का बंटवारा जल्द करें। अगर ऐसा नहीं हुआ तो कांग्रेस पहले चरण वाले इलाकों में अपने दावों वाली सीटों पर नामांकन शुरू कर देगी।कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में पार्टी ने अपने हिस्से की संभावित सीटों के प्रत्याशियों के नाम तय कर दिए हैं। बिहार कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम अपनी मौजूदा सीट कुटुंबा से चुनाव लड़ेंगे। कांग्रेस विधायक दल के नेता शकील अहमद खान भी अपनी मौजूदा सीट कदवा से फिर से चुनावी मैदान में उतरने वाले हैं। किशनगंज से इजहारुल हुसैन, मनिहारी से मनोहर प्रसाद सिंह, मुजफ्फरपुर से विजेंद्र चौधरी, करहगर से संतोष मिश्रा, औरंगाबाद से आनंद शंकर सिंह को पार्टी टिकट देगी। ये सभी अभी मौजूदा विधायक हैं। इसके अलावा बेगूसराय से अमिता भूषण, बछवाड़ा से बिहार यूथ कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष शि वप्रकाश गरीब दास, रीगा से अमित कुमार टुन्ना, रोसड़ा से बीके रवि, वारिसलीगंज से सतीश कुमार और चेनारी से मंगल राम को टिकट मिलेगी।

### अपने हिस्से की सभी सीटों पर तय किए उम्मीदवार




कांग्रेस ने अपने हिस्से की सभी सीटों पर उम्मीदवार के नाम फाइनल कर दिए हैं। इस बात के संकेत बिहार प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष राजेश राम ने भी दिए है। राजेश का कहना है कि हमने अपने उम्मीदवारों के सभी विधानसभा क्षेत्र तय कर लिए है। 11 अक्टूबर को कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति इस पर अंतिम मुहर लगाएगी। 12 अक्टूबर को सीटों के समझौते पर सहमति का इंतजार किया जाएगा। इस बीच कांग्रेस ने राजद को अल्टीमेटम दे दिया है कि सीट बंटवारा जल्द करें। अगर ऐसा नहीं हुआ तो कांग्रेस पहले चरण वाले इलाकों में अपने दावों वाली सीटों पर नामांकन शुरू कर देगी।

### संतोष ने थामा तेजस्वी का हाथ

बिहार की सियासत में एक बड़ा भूचाल आ गया। जदयू को पूर्णिया क्षेत्र में एक तगड़ा झटका देते हुए पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व लोकसभा सांसद संतोष कुमार कुशवाहा राष्ट्रीय जनता दल में शामिल हो गए हैं।

### पहले चरण की सीटों के लिए नोटिफिकेशन जारी

## 17 अक्टूबर तक भरे जाएंगे नामांकन पत्र



भारतीय निर्वाचन आयोग ने बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। शुक्रवार से पहले चरण के विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। नोटिफिकेशन राज्यपाल की ओर से जारी किया गया है। भारत निर्वाचन आयोग ने पहले चरण के लिए नामांकन करने की अंतिम तिथि 17 अक्टूबर निर्धारित की है। 18 अक्टूबर को नामांकन की जांच होगी। अभ्यर्थियों के नाम वापस लेने की अंतिम तिथि 20 अक्टूबर रखी गई है।

**नामांकन केंद्रों के आसपास कड़ी सुरक्षा के निर्देश दिए**

आयोग ने नामांकन केंद्रों के आसपास कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के विशेष निर्देश दिए हैं। नामांकन के समय प्रत्याशी के साथ सिर्फ 3वाहन और प्रस्तावक समेत अधिकतम 5 व्यक्ति ही जा सकेंगे। पूरी नामांकन प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी की जाएगी। इस संबंध में आयोग ने बताया कि प्रक्रिया के सुचारू संचालन के लिए राज्यभर में लगभग 8.50 लाख अधिकारियों की तैनाती की है।

### पहली लिस्ट आते ही जन सुराज में बगावत

## 200 कार्यकर्ताओं ने दिया इस्तीफा



हाल ही में प्रशांत किशोर की पार्टी जन सुराज ने प्रत्याशियों की पहली लिस्ट जारी की है। इसके बाद नालंदा जिले में पार्टी के अंदर बगावत शुरू हो गई है। इसका विरोध स्थानीय कार्यकर्ताओं के द्वारा किया जा रहा है। नालंदा विधानसभा के करीब 200 कार्यकर्ताओं ने सामूहिक रूप से इस्तीफा देने की पेशकश कर दी है। कार्यकर्ताओं का कहना है कि पार्टी के लिए प्रियदर्शी अशोक कुमार शुरुआती दौर से ही काम कर रहे थे, लेकिन पार्टी ने छलावा करते हुए टिकट किसी और को दे दिया।

## पीके से मिलीं पवन की पत्नी ज्योति सियासी गलियारों में अटकलें शुरू



पवन सिंह की पत्नी ज्योति को लेकर बड़ी खबर है। ज्योति सिंह जनसुराज पार्टी के प्रमुख और रणनीतिकार प्रशांत किशोर से मिली हैं। पीके से मिलने के बाद ज्योति ने कहा कि मैं यहां चुनाव लड़ने या टिकट मांगने नहीं आई हूं, मैं यह सुनिश्चित करने आई हूं कि किसी और महिला को मेरे जैसा अन्याय न सहना पड़े।

### आईपीएस पूरन आत्महत्या मामला

## आईजी की अध्यक्षता वाली कमेटी करेगी केस की जांच

एजेंसी ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा के आईपीएस अधिकारी एडीजीपी वाई पूरण कुमार की आत्महत्या मामले की जांच अब चंडीगढ़ पुलिस करेगी।



जांच के लिए एसआईटीका गठन किया गया है। चंडीगढ़ के आईजी पुष्पेंद्र कुमार की अध्यक्षता में 6 सदस्यीय टीम जांच करेगी। पूरण की पत्नी आईएएस अधिकारी अमनीत पी कुमार ने दर्ज एफआईआर पर सवाल उठाए हैं। महिला एसएसपी कंवरदीप कौर को पत्र लिख एफआईआर को अधूरा बताया है।

### अभी भी पोस्टमार्टम को तैयार नहीं

आईएएस डी सुरेश और मृतक पूरण के भाई जो विदेश से आए हैं, उन्होंने सेक्टर 9 पुलिस मुख्यालय में चंडीगढ़ के डीजीपी डॉ. सागर प्रीत हुड्डा से मुलाकात की है। उन्होंने डीजीपी को बताया कि जब तक डीजीपी और एसपी रोहतक गिरफ्तार नहीं हो जाते तब तक वह एडीजीपी पूरण कुमार का पोस्टमार्टम नहीं करवाएंगे।

## एक्टर शेट्टी पहुंचे हाईकोर्ट मांगी कानूनी सुरक्षा

**मुंबई।** बॉलीवुड के जाने-माने अभिनेता सुनील शेट्टी ने हाल ही में बॉम्बे हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है, क्योंकि सोशल मीडिया और कुछ वेबसाइट्स पर उनकी तस्वीरों का अनधिकृत इस्तेमाल किया जा रहा है। बिना अनुमति उनकी छवि और फोटोज का इस्तेमाल व्यावसायिक हो रहा है, जिससे नुकसान हो रहा है।

## बीफ बिरयानी विवाद पर हाईकोर्ट पहुंचे मेकर्स

**चेन्नई।** मलयालम अभिनेता शेन निगम की अपकमिंग फिल्म 'हाल' पर विवाद शुरू हो गया है। सेंसर बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन (सीबीएफसी) ने फिल्म में 15 बदलाव करने का सुझाव दिया था। इसमें फिल्म के किरदार बीफ बिरयानी खाते हैं। इस मामले में अब निर्माताओं ने केरल हाई कोर्ट का रुख किया है और सवाल उठाए हैं।

### एसआईआर को लेकर वार-पलटवार

## आयोग आग से खेल रहा 'सर' से होंगे दंगे: ममता



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बेनर्जी की टिप्पणी की आलोचना की और उन पर दंगे भड़काने की धमकी देने का आरोप लगाया। बेनर्जी ने तीखा हमला करते हुए आरोप लगाया था कि निर्वाचन आयोग के अधिकारी उनकी सरकार के अधिकारियों को 'धमका'रहे हैं और विधानसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा से पहले ही 'राजनीतिक प्रभाव में काम' कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा मतदाता सूची के एसआईआर के नाम पर 'आग से खेल रही है' और चेताया कि मतदाता सूची के साथ छेड़छाड़ करने का कोई भी प्रयास 'लोकतंत्र के साथ विश्वासघात' के समान होगा। पात्रा ने आरोप लगाया कि बेनर्जी ने आदिवासी सांसद खगेन मुर्मू समेत भाजपा नेताओं पर हाल में हमले कराके बंगाल में दंगा शुरू कर दिया है। हम इसे लोकतांत्रिक तरीके से रोकेंगे। तृणमूल कांग्रेस हारेगी और भाजपा (आगामी चुनावों में) जीतेगी।

### ममता संवैधानिक प्रक्रिया को ही चुनौती दे रहीं

तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता पात्रा ने कहा कि ममता ने जिस तरह से निर्वाचन आयोग की एसआईआर प्रक्रिया पर टिप्पणी की है, वह चौंकाने वाली और चिंता का विषय है। भाजपा सांसद ने संवाददाताओं से कहा कि उन्होंने कहा कि यदि एसआईआर किया गया तो बंगाल में दंगे होंगे और भयावह परिणाम होंगे। इसका मतलब है कि ममता धमकी दे रही हैं कि यदि बंगाल में संवैधानिक प्रक्रिया शुरू हुई तो वह दंगे करवाएंगी और इसके भयावह परिणाम होंगे।



# जलसंसाधन इंजीनियरों से परेशान: अब हाईकोर्ट व सुप्रीम कोर्ट के मामलों में ईएनसी खुद अफसरों से पूछेंगे, कितनी की वसूली

## तीस जून और 31 दिसंबर में काल्पनिक वेतन वृद्धि के प्रकरण की जानकारी भी मांगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट में चल रहे और निर्णित आदेशों में जलसंसाधन विभाग में अनियमितताओं के लिए दोषी अधिकारियों और कर्मचारियों से कितनी वसूली हुई है। इसकी समीक्षा विभाग ईएनसी दस अक्टूबर को करेंगे।

सभी मैदानी मुख्य अभियंताओं को इससे जुड़ी जानकारी लेकर तलब किया गया है। न्यायालयों में तीस सितंबर 2025 की स्थिति में दर्ज रिट और अवमानना प्रकरणों की संख्या कितनी है। इन प्रकरणों की संख्या में बढ़ोतरी के क्या कारण है तथा इन्हें शीघ्र निपटाने की कार्ययोजना की जानकारी भी ईएनसी ने मांगी है।

*अनियमितताओं के लिए दोषी अधिकारियों और कर्मचारियों से कितनी वसूली हुई है, इसकी समीक्षा ईएनसी आज करेंगे*



### जानकारी न देने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई होगी

न्यायालयों में बहुत से अवमानना के प्रकरण भी है। इन सभी की अद्यतन जानकारी के साथ अफसरों को बुलाया गया है। रिट अपील से संबंधित विषयों की प्रकरणों की जानकारी भी तलब की गई है। तीस जून और 31 दिसंबर में काल्पनिक वेतन वृद्धि के प्रकरण की जानकारी भी मांगी गई है। न्यायालय द्वारा पारित निर्णयों के परिप्रेक्ष्य में स्पीकिंग आदेश संबंधित प्रकरणों की भी समीक्षा होगी। न्यायालयों में तीस सितंबर 2025 की स्थिति में दर्ज रिट और अवमानना प्रकरणों की संख्या और इन प्रकरणें की संख्या में बढ़ोत्तरी के कारण तथा शीघ्र निपटाने की कार्ययोजना की जानकारी भी ईएनसी इनसे मांगेगे। जो बैठक में अनुपस्थित रहेगा, उसके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

### एक दर्जन अभियंताओं को तलब किया

जलसंसाधन विभाग के प्रमुख अभियंता विनोद देवड़ा ने दस अक्टूबर को प्रदेश के एक दर्जन मुख्य अभियंताओं को हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट से जुड़े प्रकरणों की पूरी जानकारी लेकर तलब किया है। चंबल बेतवा कछार, भोपाल, गंगा कछार रीवा, बेनगंगा कछार सिवनी, जलसंसाधन विभाग उज्जैन, राजघाट नहर परियोजना दतिया, धसान केन कछार सागर, यमुना कछार ग्वालियर, नर्मदा ताप्ती कछार इंदौर, जलसंसाधन विद्युत यांत्रिकी विभाग भोपाल, जलसंसाधन विभाग नर्मदापुरम, बोधी भोपाल, बांध सुरक्षा जलसंसाधन विभाग भोपाल के मुख्य अभियंताओं को सारी जानकारी लेकर बुलाया गया है। बैठक में सबसे पहले सर्वोच्च न्यायालय से संबंधित प्रकरणों की जानकारियों पर चर्चा की जाएगी। इसके बाद जिन मामलों में कोर्ट ने राजस्व वसूली के निर्देश दिए है उन पर क्या कार्रवाई की गई इस पर मंथन होगा। रिट अपील से संबंधित विषयों के प्रकरणों पर चर्चा की जाएगी।

## मुंबई में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रमुख उद्योगपतियों और एसोसिएशन के साथ की वन-टू-वन मीटिंग

# प्रगति के क्षेत्र में महाराष्ट्र और मप्र जोड़ीदार मजबूत होंगे उद्योग व व्यापार क्षेत्र के संबंध

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने महाराष्ट्र के उद्यमियों से मध्यप्रदेश में निवेश का अनुरोध करते हुए कहा कि प्रगति के क्षेत्र में महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश जोड़ीदार राज्य हैं। अतीत के गौरवशाली पृष्ठ को देखें तो महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश का गहरा संबंध रहा है। उन्होंने कहा कि शिवाजी महाराज और प्रदेश के सिंधिया, होल्कर, पवार इतिहास के उस दौर में भारतीय समाज के लिए महत्वपूर्ण भूमिका में रहे। उज्जैन में बाबा महाकाल की ध्वजा जिस शान से लहराती है, उसके अतीत में शिवाजी महाराज का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा। मुख्यमंत्री ने आशा व्यक्त की कि मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र के मध्य उद्योग और व्यापार के क्षेत्र में संबंध अधिक सशक्त होंगे। डॉ. यादव मुम्बई में 'इंटरएक्टिव सेशन ऑन इन्वेस्टमेंट ऑपर्च्युनिटीज इन पॉवर एंड रिन्यूएबल एनर्जी इक्विपमेंट मैन्युफैक्चरिंग एंड वाइट गुड्स इन मध्यप्रदेश' को संबोधित कर रहे थे।

*'इंटरएक्टिव सेशन ऑन इन्वेस्टमेंट ऑपर्च्युनिटीज इन पॉवर एंड रिन्यूएबल एनर्जी इक्विपमेंट मैन्युफैक्चरिंग एंड वाइट गुड्स इन मध्यप्रदेश' में बताई एमपी की खूबियां*




### सृजित होंगे सात हजार से अधिक रोजगार

कार्यक्रम में 20 से अधिक प्रमुख उद्योगपतियों और एसोसिएशन, संस्थानों के साथ वन-टू-वन मीटिंग की गई। चर्चाओं में, टैक्सटाइल, ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रानिक्स, नवकरणीय उर्जा एवं फार्मास्युटिकल्स एवं कॉस्मेटिक्स जैसे प्रतिष्ठित समूहों ने विशेष रुचि दिखाई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि इस सत्र के माध्यम से रिन्यूएबल एनर्जी सेक्टर में 19,900 करोड़ रुपए से अधिक के निवेश एवं अन्य सभी सेक्टर्स में 54,400 करोड़ रूपए से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। इस प्रकार कुल 74,300 करोड़ रुपए से अधिक के निवेश प्रस्ताव मिले। इससे लगभग 7000 से अधिक रोजगार सृजन की संभावना है।

### सभी पैमानों पर खरा उतर रहा मप्र

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मुझे यह कहते हुए गर्व है कि मध्यप्रदेश सभी पैमानों पर खरा उतर रहा है। लक्ष्य है कि मप्र में निवेश का हर निर्णय व क्रियान्वयन इतनी तेजी से हो कि यह देश के लिए एक नया बेंचमार्क बने। हमारी निवेशक-हितैषी नीतियां व्यापार के लिए ग्रोथ की लाइफलाइन बनें।

### मध्य प्रदेश सरकार ने किया सुझावों पर गंभीरता से काम

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज के इस इंटरेक्टिव सत्र का मुख्य उद्देश्य था नर्मदापुरम जिले के मोहासा-बाबई में स्थित, भारत के पहले अत्याधुनिक 'मैन्युफैक्चरिंग जोन फॉर पावर एंड रिन्यूएबल एनर्जी इक्विपमेंट' के बहुप्रतीक्षित फेज 2 में निवेश आकर्षित करना। इस जोन में भूमि आवंटन के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 12 अक्टूबर 2025, है, जिससे निवेशकों को इस अवसर का लाभ उठाने के लिए एक स्पष्ट दिशा मिली। यह हमारी दूसरी मुंबई यात्रा है।

### मप्र की विकास आकांक्षाओं का साक्षी बन रहा मुंबई

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मुंबई, सपनों का शहर है जो अपनी ऊर्जा और उद्यमशीलता के लिए जाना जाता है। आज मध्यप्रदेश की विकास आकांक्षाओं का साक्षी बन रहा है। यह संवाद केवल व्यापार का नहीं, बल्कि महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश के बीच एक नई, अटूट औद्योगिक साझेदारी की शुरुआत है। हमें मुंबई के निवेशकों से जो उत्साहजनक प्रतिक्रिया मिली है, वह हमारी उम्मीदों से बढ़कर है। कई प्रमुख औद्योगिक घरानों ने मध्यप्रदेश में निवेश करने में गहरी रुचि दिखाई, जो हमारी नीतियों पर उनके विश्वास का प्रमाण है। आज का निवेशक केवल 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' और 'कॉस्ट ऑफ डूइंग बिजनेस' ही नहीं देखता, वह 'स्पीड ऑफ डूइंग बिजनेस' भी चाहता है।*

## श्रीकृष्ण गुरूकुल शिक्षा यात्रा ज्ञान-संस्कार और भक्ति का अद्भुत संगम

# भगवान श्रीकृष्ण की स्मृतियों को संजोने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे : मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

### सीएम यात्रा के समापन कार्यक्रम में हुए वर्चुअली शामिल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने श्रीकृष्ण गुरूकुल शिक्षा यात्रा में शामिल सभी संतों, तीर्थ पुरोहित महासंघ, धर्म यात्रा महासंघ और विश्व हिंदू परिषद का अभिनंदन करते हुए कहा कि आज उज्जैन एक अद्भुत क्षण का साक्षी बन रहा है। यात्रा में सम्मिलित सभी सहभागी उस मार्ग पर चलकर आए हैं, जिस पर हमारे आराध्य श्रीकृष्ण शिक्षा ग्रहण करने के लिए मथुरा से उज्जैन स्थित आचार्य सांदीपनी के आश्रम पधारे थे।

संतगण को उस पावन मार्ग से गुजरने का अवसर मिला, जहां श्रीकृष्ण की चरणरज पड़ी थी। डॉ. यादव मथुरा से आरंभ श्रीकृष्ण गुरूकुल शिक्षा यात्रा के उज्जैन में आयोजित समापन समारोह को भोपाल स्थित मुख्यमंत्री निवास से वर्चुअली संबोधित कर रहे थे। बता दें कि मथुरा से 5 अक्टूबर को आरंभ हुई यात्रा जयपुर, कोटा, झालावाड़ और आगरा होते हुए उज्जैन पहुंची थी।

### गुरूकुल भारतीय ज्ञान परम्परा का अभिन्न अंग

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सांदीपनी आश्रम गुरू-शिष्य परम्परा की अनादि महिमा का साक्षात प्रतीक है। जहां हर कण में श्रीकृष्ण की विनम्रता, बलराम की शक्ति और सुदामा की भक्ति समाई हुई है। हमारे गुरूकुल आदि काल से भारतीय ज्ञान परम्परा का अभिन्न अंग हैं। सांदीपनी आश्रम में भगवान श्रीकृष्ण ने शिक्षा पाई और संसार को गीता का उपदेश देकर योगीराज बने। हमारी सनातन संस्कृति का परम ज्ञान परमार्थ है। हमारी संस्कृति हमें समाज और सृष्टि के कल्याण के लिए जीना सिखाती है। भगवान श्रीकृष्ण का सारा जीवन समाज और धर्म की रक्षा के लिए था।







## आसमान में गरजेगा स्वदेशी लड़ाकू विमान

# नासिक में 17 अक्टूबर को 'तेजस एमके1ए' की पहली उड़ान का रक्षा मंत्री करेंगे शुभारंभ

*रक्षा मंत्री तेजस एमके1ए की तीसरी उत्पादन लाइन और हिंदुस्तान टर्बो ट्रेनर (एचटीटी-40) की दूसरी उत्पादन लाइन का भी उद्घाटन करेंगे। हाल ही में रक्षा मंत्रालय ने एचएएल के साथ 62,370 करोड़ रुपये का एक बड़ा करार किया था*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 17 अक्टूबर को नासिक में हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) की सुविधा से स्वदेशी लड़ाकू विमान तेजस एमके1ए की पहली उड़ान का शुभारंभ करेंगे। इस खास मौके पर वह तेजस एमके1ए की तीसरी उत्पादन लाइन और हिंदुस्तान टर्बो ट्रेनर (एचटीटी-40) की दूसरी उत्पादन लाइन का भी उद्घाटन करेंगे। बता दें कि हाल ही में रक्षा मंत्रालय ने एचएएल के साथ 62,370 करोड़ रुपये का एक बड़ा करार किया था।

वायुसेना की जरूरतों को पूरा करने के लिए खास तौर पर डिजाइन किया


यह विमान ऐरे रडार, स्वयं रक्षा कवच और कई उन्नत प्रणालियों से सुसज्जित है


फाइल फोटो

### वायुसेना की बढ़ेगी ताकत

तेजस एमके1ए स्वदेशी तकनीक से बना एक अत्याधुनिक लड़ाकू विमान है, जो भारतीय वायुसेना की ताकत को और बढ़ाएगा। यह विमान इलेक्ट्रॉनिकली स्कैन्ड ऐरे (एईएसए) रडार, स्वयं रक्षा कवच, और कंट्रोल सरफेस एक्ट्यूएटर्स जैसी उन्नत प्रणालियों से लैस है। यह विमान न केवल तेज और भरोसेमंद है, बल्कि भारतीय वायुसेना की जरूरतों को पूरा करने के लिए खास तौर पर डिजाइन किया गया है।

### 62,370 करोड़ का हुआ ऐतिहासिक करार



*बता दें, हाल ही में रक्षा मंत्रालय ने एचएएल के साथ 62,370 करोड़ रुपए का एक बड़ा करार किया है, जिसके तहत भारतीय वायुसेना को 97 तेजस एमके1ए विमान मिलेंगे। इन 97 विमानों में 68 सिंगल-सीटर लड़ाकू विमान और 29 ट्विन-सीटर ट्रेनर विमान शामिल हैं। इस करार में संबंधित उपकरण और सपोर्ट सिस्टम भी शामिल हैं। यह करार 'मेक इन इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' अभियान का एक मजबूत कदम है, जो भारत को रक्षा उत्पादन में वैश्विक स्तर पर आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक और मील का पत्थर साबित होगा।*

### पुराने विमानों की जगह लेगा तेजस एमके1ए

*तेजस एमके1ए के शामिल होने से भारतीय वायुसेना की स्क्वाड्रन ताकत में काफी इजाफा होगा। यह विमान पुराने पड़ चुके मिग-21 जैसे विमानों की जगह लेगा और वायुसेना की परिचालन क्षमता को मजबूती देगा। तेजस एमके1ए की उन्नत तकनीक और स्वदेशी डिजाइन इसे भारतीय वायुसेना के लिए एक बढ़िया विकल्प बनाती है। 17 अक्टूबर को नासिक में तेजस एमके1ए की पहली उड़ान भारत के रक्षा क्षेत्र के लिए एक गर्व का पल होगा।*

## रक्षा मंत्री ने सिडनी में कुट्टाबुल नेवल बेस का किया दौरा, समुद्री सहयोग को मजबूत करने पर जोर



**सिडनी।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अपने ऑस्ट्रेलियाई दौरे के दूसरे दिन सिडनी में एचएमएएस कुट्टाबुल का दौरा किया, जो रॉयल ऑस्ट्रेलियाई नौसेना का एक प्रमुख बेस है। उन्होंने सिडनी हार्बर में एडमिरल हडसन जहाज पर जाकर वहां की आधुनिक सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने फ्लीट बेस ईस्ट का जल दौरा किया। ऑस्ट्रेलिया के सहायक रक्षा मंत्री पीटर खलील ने उनका स्वागत किया। इस यात्रा के दौरान रक्षा मंत्री को रॉयल ऑस्ट्रेलियाई नौसेना की परिचालन क्षमताओं और बुनियादी ढांचे के बारे में जानकारी दी गई। राजनाथ सिंह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा कि सिडनी में ऐतिहासिक और रणनीतिक नेवल बेस एचएमएएस कुट्टाबुल का दौरा किया। एडमिरल हडसन जहाज पर सिडनी हार्बर की शानदार सुविधाओं से परिचित हुआ। भारत-ऑस्ट्रेलिया नौसैनिक सहयोग को गहरा करने और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में समन्वित समुद्री क्षेत्र जागरूकता से दोनों देशों को लाभ होगा। एचएमएएस कुट्टाबुल नेवल बेस समुद्री क्षेत्र में ऑस्ट्रेलिया की मजबूत उपस्थिति, सक्रियता और रणनीतिक दृष्टिकोण का अहम हिस्सा है। यह ऑस्ट्रेलियाई नौसेना के लिए प्रशासनिक, प्रशिक्षण, लॉजिस्टिक्स और आवास केंद्र के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह फ्लीट बेस ईस्ट का मुख्य संचालन केंद्र है, जो रॉयल ऑस्ट्रेलियाई नौसेना का ऑस्ट्रेलिया के पूर्वी तट पर प्रमुख आधार है।

## खबर संक्षेप

### जुबिन के 2 निजी सुरक्षा अधिकारी गिरफ्तार



**गुवाहाटी।** गायक जुबिन गर्ग की मौत के सिलसिले में शुक्रवार को उनके दो निजी सुरक्षा अधिकारियों (पीएसओ) को गिरफ्तार किया गया। सरकार की ओर से जुबिन की सुरक्षा में तैनात नंदेश्वर बोरा और परेश बैश्य को असम पुलिस ने कई दौर की पूछताछ के बाद मंगलवार को निलंबित कर दिया। नंदेश्वर और परेश के बैंक खातों के माध्यम से 1.1 करोड़ रुपये से अधिक राशि का लेनदेन किया गया, जिससे संदेह पैदा हुआ। दोनों को गुवाहाटी की एक अदालत के समक्ष पेश किया गया।

### भारत दौरे पर रहेंगे यूएस राजदूत सर्जियो गोर



**नई दिल्ली।** भारत में नवनियुक्त अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर एक सप्ताह की भारत यात्रा पर आ रहे हैं। यह यात्रा 14 अक्टूबर तक रहेगी। गोर के साथ प्रबंधन एवं संसाधन उप-सचिव माइकल जे रिगास भी यहां आ रहे हैं। अमेरिकी दूतावास ने बताया कि दोनों 9 अक्टूबर से 14 अक्टूबर तक (यूएस लोकल टाइम) भारत की यात्रा पर रहेंगे। भारत में अगले राजदूत के रूप में नियुक्त होने के बाद अमेरिकी राजदूत की यह पहली भारत यात्रा है। गोर भारत में सबसे कम उम्र के अमेरिकी राजदूत हैं।

## जयशंकर से मुलाकात के बाद अफगानिस्तान के विदेश मंत्री ने दिया भरोसा

# भारत करीबी दोस्त, इसके खिलाफ अपनी जमीन का इस्तेमाल कभी नहीं होने देंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

*अफगानिस्तान के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी ने कहा कि अफगानिस्तान भारत को एक करीबी मित्र राष्ट्र के तौर पर देखता है। अफगानिस्तान भारत के साथ आपसी सम्मान पर आधारित रिश्तें चाहता है, जिसमें व्यापारिक और लोगों के लोगों से संबंध रहें। हम एक ऐसी व्यवस्था बनाने के लिए तैयार हैं*

भारत दौरे पर आए अफगानिस्तान के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी ने शुक्रवार को नई दिल्ली में भारतीय विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर से मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान अफगानिस्तान के विदेश मंत्री ने भारत को अफगानिस्तान का करीबी दोस्त देश बताया और दोनों देशों के संबंधों को मजबूत करने की मांग की। मुत्तकी ने कहा कि दिल्ली आकर अच्छा लग रहा है और यह दौरा दोनों देशों के बीच संबंधों को और बेहतर करेगा।

भारत और अफगानिस्तान को संपर्क बढ़ाना चाहिए। उन्होंने कहा कि अफगानिस्तान अपनी जमीन का इस्तेमाल किसी भी अन्य देश के खिलाफ नहीं होने देगा। मुत्तकी ने कहा कि जब अफगानिस्तान में हाल ही में भूकंप आया तो सबसे पहले मदद भेजने वाला देश भारत ही था। अफगानिस्तान भारत को एक करीबी मित्र राष्ट्र के तौर पर देखता है। अफगानिस्तान भारत के साथ आपसी सम्मान पर आधारित रिश्तें चाहता है, जिसमें व्यापारिक और लोगों के लोगों से संबंध रहें। हम एक ऐसी व्यवस्था बनाने के लिए तैयार हैं, जिससे दोनों देशों के रिश्तें मजबूत हो सकें।

### काबुल और नई दिल्ली के बीच उड़ान सेवाएं बढ़ाने किया ऐलान

### काबुल में भारतीय तकनीकी मिशन को दूतावास का दर्जा मिला



### अफगानिस्तान में खनन करेगा भारत

जयशंकर ने कहा कि अफगानिस्तान सरकार द्वारा भारतीय कंपनियों को अफगानिस्तान में खनन के लिए आमंत्रित करने का हम स्वागत करते हैं। इस बार आगे चर्चा की जाएगी। व्यापार और वाणिज्य को बढ़ावा देने के हमारे साझे हित हैं। काबुल और नई दिल्ली के बीच उड़ान सेवाएं बढ़ाने का ऐलान करते हुए हमें खुशी हो रही है।

### हवाई संपर्क मजबूत करने पर बनी सहमति

मुत्ताकी ने कहा कि भारत सरकार ने काबुल में अपने दूतावास की तकनीकी उपस्थिति को और मजबूत करने का फैसला लिया है। जल्द ही इस्लामिक अमीरात (अफगानिस्तान) का राजनयिक प्रतिनिधिमंडल भी दिल्ली पहुंचेगा। दोनों देशों के बीच व्यापार बढ़ाने के लिए हवाई संपर्क (एयर कॉरिडोर) को भी मजबूत करने पर सहमति बनी है।

### राजनयिक संबंध स्थापित करने का ऐलान

*भारत ने अफगानिस्तान के साथ द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करते हुए काबुल स्थित भारतीय तकनीकी मिशन को दूतावास का दर्जा दे दिया। इसके साथ ही भारत ने आधिकारिक रूप से अफगानिस्तान की तालिबान सरकार के साथ राजनयिक संबंध स्थापित करने का ऐलान किया। जयशंकर ने कहा कि भारत अफगानिस्तान की संप्रभुता, क्षेत्रीय अखंडता और स्वतंत्रता के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।*

### आतंकवाद से निपटने के प्रयास करने होंगे

*जयशंकर ने कहा कि विकास और समृद्धि के प्रति हमारी साझा प्रतिबद्धता है। हालांकि, दोनों देशों द्वारा सीमापार आतंकवाद के साझा खतरों का सामना किया जा रहा है। हमें आतंकवाद से निपटने के लिए समन्वित प्रयास करने होंगे। भारत की सुरक्षा चिंताओं के प्रति आपकी संवेदनशीलता की हम सराहना करते हैं। पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद हमारे साथ आपकी एकजुटता उल्लेखनीय थी।*

### 20 एंबुलेंस उपहार में दीं



भारत ने सद्भावना के तौर पर अफगानिस्तान को 20 एम्बुलेंस उपहार में दीं। विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने प्रतीकात्मक कदम के तौर पर 20 एम्बुलेंस में से पांच व्यक्तिगत रूप से अफगान विदेश मंत्री मुत्ताकी को सौंपीं। इसके साथ ही भारत और अफगानिस्तान ने मिलकर एक 'व्यापार समिति' बनाने का भी निर्णय लिया है।



## गाजा में युद्धविराम समझौता लागू

# मोर्चे पर तैनात इजराइली सैनिक निर्धारित जगहों पर लौट रहे

एजेंसी ▶▶ तेल अवीव

पश्चिम एशिया में इजराइल और हमास के बीच बीते दो साल से जारी हिंसक संघर्ष थम गया है। गाजा में ट्रंप की शांति योजना के तहत युद्धविराम समझौता लागू हो गया है। इजराइली सेना ने ट्रंप की शांति योजना पर कहा कि दोपहर 12 बजे से युद्धविराम लागू हो गया है। सैनिक वापस लौट रहे हैं। इजराइली सेना ने शुक्रवार को कहा कि हमास के साथ युद्धविराम समझौता स्थानीय समयानुसार दोपहर 12 बजे से प्रभावी हो गया है। युद्धविराम समझौता लागू करने के फैसले को इजराइली कैबिनेट में मंजूरी दी गई।

**समझौते को इजराइली कैबिनेट ने मंजूरी दी**


### 2000 फिलिस्तीनी कैदी होंगे रिहा

*हमास के वरिष्ठ अधिकारी खलील अल-हय्या ने बताया कि समझौते के तहत इजराइल लगभग 2000 फलस्तीनी कैदियों को रिहा करेगा। मिस्र से लगी सीमा को खोला जाएगा। गाजा में संकटग्रस्त लोगों तक मानवीय मदद पहुंचाने की अनुमति दी जाएगी। साथ ही इजराइली सेना को वापस बुलाया जाएगा। इजराइली जेलों में बंद सभी महिलाओं और बच्चों को भी रिहा किया जाएगा। अमेरिकी अधिकारी 200 सदस्यीय सैनिकों की अंतरराष्ट्रीय टीम इजराइल भेजेंगे। अल-हय्या ने कहा कि हम अपने लोगों के खिलाफ युद्ध और आक्रामकता को समाप्त करने के लिए समझौते पर पहुंच गए हैं। ट्रंप प्रशासन और मध्यस्थों ने आश्वासन दिया है कि युद्ध समाप्त हो गया है।*

### नेतन्याहू ने पीएम मोदी को दिया धन्यवाद

*पीएम नरेंद्र मोदी ने इजराइल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू को फोन किया और उन्हें बधाई दी। इस पर इजराइली पीएम ने भी पीएम मोदी का धन्यवाद किया। पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने इजरायल के प्रति उनके समर्थन के लिए भारतीय पीएम का धन्यवाद किया और दोनों ने घनिष्ठ सहयोग जारी रखने पर सहमति व्यक्त की।*

## भारत और यूके की नौसेनाओं का युद्धाभ्यास



*नई दिल्ली। भारत और यूनाइटेड किंगडम की नौसेनाओं ने द्विपक्षीय नौसैनिक अभ्यास 'कोंकण-25' को अंजाम दिया है। यह एक समुद्री चरण वाला महत्वपूर्ण अभ्यास था जिसमें उच्च तीव्रता वाले नौसैनिक अभियान शामिल थे। इनमें एंटी-एयर, एंटी-सर्फेस और एंटी-सबमरीन युद्धाभ्यास, फ्लाइंग ऑपरेशन्स और अन्य सीमैनशिप इवोल्यूशन्स शामिल रहे। दोनों देशों की नौसेनाओं ने समुद्र में अपने फ्रंटलाइन प्लेटफॉर्म्स तैनात किए, जिनमें विमानवाहक पोत, विध्वंसक, फ्रिगेट्स, पनडुब्बियां तथा हवाई साधन शामिल रहे। दोनों देशों की नौसेना ने यहां अत्याधुनिक सैन्य अभियानों और समुद्री सुरक्षा से जुड़ी गतिविधियों का आयोजन किया।*

## भारत-यूके ने रक्षा सहयोग को नई दिशा दी

# इंडो-पैसिफिक साझेदारी पर जोर समुद्री सहयोग को मजबूत करेंगे

एजेंसी ▶▶ मुंबई

रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने शुक्रवार को मुंबई में ब्रिटेन के रक्षा राज्य मंत्री वर्नन कोकर के साथ द्विपक्षीय बैठक की। यह बैठक भारत में ब्रिटेन के कैरियर स्ट्राइक ग्रुप (सीएसजी) की यात्रा के दौरान आयोजित की गई।

बैठक में दोनों देशों ने मौजूदा रक्षा सहयोग की समीक्षा और भविष्य में रक्षा संबंधों को और मजबूत बनाने के तरीकों पर चर्चा की गई। दोनों मंत्रियों ने द्विपक्षीय रक्षा सहयोग के विभिन्न पहलुओं की समीक्षा की और भारत की स्वदेशी रक्षा विनिर्माण क्षमताओं तथा 'आत्मनिर्भर भारत' के तहत विकसित हो रही प्रणालियों पर चर्चा की।



## भारत-बारबाडोस संबंधों में आई नई मजबूती

# द्विपक्षीय सहयोग और वैश्विक मंचों पर आपसी साझेदारी बढ़ाने पर की चर्चा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के नेतृत्व में भारतीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल ने 68वीं कॉमनवेल्थ संसदीय सम्मेलन के लिए बारबाडोस की नेशनल असेंबली का दौरा किया। बारबाडोस की हाउस ऑफ असेंबली के स्पीकर आर्थर होल्डर ने ओम बिरला और भारतीय प्रतिनिधिमंडल का गर्मजोशी से स्वागत किया। दोनों देशों के सांसदों ने इस दौरान द्विपक्षीय सहयोग, लोकतांत्रिक मूल्यों के आदान-प्रदान और वैश्विक मंचों पर साझेदारी बढ़ाने पर चर्चा की।

### प्रवासी भारतीयों से की मुलाकात



ओम बिरला ने बारबाडोस में भारतीय प्रवासी समुदाय के सदस्यों से भी मुलाकात की। उन्होंने कहा कि भारतीय प्रवासी अपनी मेहनत और ईमानदारी से पूरी दुनिया में भारत का नाम रोशन कर रहे हैं।

### शिक्षा, संस्कृति, ऊर्जा क्षेत्र में करेंगे सहयोग

*बिरला ने कहा कि भारत और बारबाडोस की लोकतांत्रिक परंपराएं और साझा मूल्य दोनों देशों को और करीब लाते हैं। दोनों पक्षों ने शिक्षा, संस्कृति, नवीकरणीय ऊर्जा और संसदीय सहयोग जैसे क्षेत्रों में साझेदारी बढ़ाने पर सहमति व्यक्त की। इस दौरे से भारत-बारबाडोस संबंधों में एक नया आयाम जुड़ा है।*

## जम्मू-कश्मीर पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

# राज्य बनाने की मांग पर केंद्र को निर्देश -चार हफ्ते में दें 'जवाब'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



जम्मू-कश्मीर को वापस राज्य का दर्जा देने की लगातार उठ रही मांग पर सुप्रीम कोर्ट ने सख्ती दिखाते हुए केंद्र सरकार को अहम निर्देश दिया है। कोर्ट ने शुक्रवार को केंद्र सरकार को चार हफ्ते का समय दिया है ताकि वह जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा वापस देने से जुड़ी याचिकाओं पर अपना जवाब दाखिल कर सके। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई की अध्यक्षता वाली पीठ ने इस मामले की सुनवाई की। बता दें कि जम्मू-कश्मीर से संबंधित ये याचिकाएं शिक्षाविद जहूर अहमद भट और सामाजिक कार्यकर्ता अहमद मलिक सहित कई लोगों ने दाखिल की हैं। इन याचिकाओं में केंद्र सरकार से मांग की गई है कि वह दिसंबर 2023 में सुप्रीम कोर्ट में दिए गए वादे के अनुसार, जम्मू-कश्मीर को जल्द से जल्द फिर से राज्य का दर्जा दे। वहीं मामले में याचिकाकर्ताओं के वकील ने सुप्रीम कोर्ट के उस फैसले का हवाला दिया।

## अटलांटिक महासागर की सतह पर फिर से दिखाई दिया समुद्री दानव

### 'कंटेंडर' नाम की शार्क ने 73 दिनों में लगभग 1,400 किलोमीटर की समुद्री यात्रा की

# सैटेलाइट ट्रैकर से दिखी 14 फीट लंबी 1653 पाउंड वजन वाली व्हाइट शार्क

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अटलांटिक महासागर की गहराई में अनेकों राज छिपे हुए हैं। समुद्र की गहराई बढ़ने के साथ ही समुद्र के तल में अनेकों जलीय जीव निवास करते हैं। हाल ही में बड़े समुद्री जीवों पर रिसर्च करने वाली एक संस्था ओसीएआरसीएच ने महासागर के अंदर लगभग 14 फुट लंबे वयस्क 'ग्रेट व्हाइट शार्क' का पता लगाया है। ओसीएआरसीएच का कहना है कि 'ग्रेट व्हाइट शार्क' को न्यूफाउंडलैंड और लैब्राडोर के पास सेंट लॉरेंस की उत्तरी खाड़ी में देखा गया। 'कंटेंडर' नाम के इस शार्क का वजन लगभग 1,653 पाउंड के आस-पास होने कि उम्मीद है। इसे पहली बार जनवरी में फ्लोरिडा-जॉर्जिया तट से लगभग 72 किलोमीटर दूर एक सैटेलाइट ट्रैकर से देखा गया था।



### प्रतिदिन 19 किलोमीटर का सफर तय किया

रिपोर्ट के अनुसार ट्रैकिंग डेटा से पता चलता है कि 'कंटेंडर' नाम के वाइट शार्क ने मैसाचुसेट्स के केप कॉड से सेंट लॉरेंस की खाड़ी तक 73 दिनों में लगभग 1,400 किलोमीटर की समुद्री यात्रा की है, यानी हर दिन शार्क ने करीब लगभग 19 किलोमीटर का सफर तय किया। ओसीएआरसीएच के को-फाउंडर क्रिस फिशर ने कहा कि कंटेंडर ने अभी-अभी सेंट लॉरेंस की खाड़ी से पिंग (ध्वनि) मिली है। कंटेंडर एक बड़ा, परिपक्व नर सफेद शार्क है जिसे हमने पिछले जनवरी में जॉर्जिया-फ्लोरिडा सीमा के तट के पास ट्रैक किया था। ये शार्क करीब 13 फुट 9 इंच लंबाई और अनुमानतः 1,653 पाउंड वजन का है।

### कंटेंडर पर लगाया स्पॉट टैग

*इस साल की शुरुआत में जनवरी में कंटेंडर तब सुर्खियों में आया था, जब ओसीएआरसीएच ने उसे पहली बार देखा था। वह जीव 13 फीट, 8 इंच लंबा और 1,652.8 पाउंड वजन का है। उस समय, ओसीएआरसीएच ने दावा किया था कि कंटेंडर पर लगाया गया स्पॉट टैग लगभग पाँच सालों तक रीयल-टाइम डेटा प्रदान करेगा, जिससे हमें उसकी गतिविधियों पर नजर रखने और उसके प्रवास पैटर्न को समझने में मदद मिलेगी।*

***शार्क अपना प्रवास मार्ग बदल रही:*** *अटलांटिक महासागर के उत्तरी तट पर ग्रेट व्हाइट शार्क का मिलना वैज्ञानिकों को हैरान कर रहा है।*

## तीन दिवसीय सीआईआई नेक्सजेन मोबिलिटी शो 2025 आयोजित

# भारत का ऑटोमोबाइल क्षेत्र 2030 तक 300 बिलियन डॉलर पहुंचने के लिए तैयार

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

सीआईआई नेक्सजेन मोबिलिटी शो 2025, जिसका विषय 'नवाचार करें, एकीकृत करें, प्रभावः मोबिलिटी का भविष्य' है 9 से 11 अक्टूबर 2025 तक पुणे अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनी और कन्वेंशन सेंटर, मोशी, पुणे में आयोजित है। यह एक तीन दिवसीय शिखर सम्मेलन और प्रदर्शनी है जिसमें ऑटोमोटिव, भविष्य के ईंधन और शहरी गतिशीलता जैसे विषयों पर ध्यान केंद्रित कर रही है। आयोजित सीआईआई नेशनल नेक्सजेन मोबिलिटी समिट शो 2025 में मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड के कार्यकारी समिति सदस्य सीवी रमन ने कहाकि आज के युवा ग्राहक कार को अपने स्मार्टफोन का एक विस्तार मानते हैं एआई-संचालित सहायक, डिजिटल सुविधाएं और इंफोटेनमेंट ने अपेक्षाओं को बदल दिया है। तकनीक न केवल ड्राइविंग अनुभव को बेहतर बना रही है, बल्कि दुर्घटना दर को भी कम कर रही है और जटिल वाहन कार्यों को एकीकृत कर रही है। टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स और टाटा पैसेंजर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी, स्वेन पटुश्का ने कहाकि भारत की सॉफ्टवेयर-आधारित मोबिलिटी क्रांति का उद्देश्य सिर्फ़ तकनीक ही नहीं है यह एक नए ग्राहक परिदृश्य के बारे में है जो डिजिटल, युवा, अधिक लैंगिक विविधता वाला, पर्यावरण के प्रति जागरूक है और स्वामित्व के बजाय अनुभवों को महत्व देता है। यह बदलाव मोबिलिटी के भविष्य को नया आकार दे रहा है।



### भारत के सकल घरेलू उत्पाद में लगभग 12 फीसदी का योगदान देगा

*भारत का ऑटोमोबाइल क्षेत्र, जिसका वर्तमान मूल्य 130 बिलियन अमेरिकी डॉलर है, 2030 तक बढ़कर 300 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है, जो भारत के सकल घरेलू उत्पाद में लगभग 12 फीसदी का योगदान देगा। अकेले इलेक्ट्रिक वाहन क्षेत्र से अगले पांच वर्षों में 20 बिलियन अमेरिकी डॉलर के निवेश को आकर्षित करने और 5 मिलियन से अधिक रोजगार सृजित करने की उम्मीद है। नेक्सजेन मोबिलिटी शो 2025, स्थायी मोबिलिटी समाधानों के लिए एक वैश्विक केंद्र बनने की दिशा में भारत की तीव्र प्रगति को रेखांकित करता है।*

### यह ईकोसिस्टम बदलाव तय करेगा कि मोबिलिटी के भविष्य का असली नेतृत्व कौन करेगा

*सीआईआई नेशनल नेक्सजेन मोबिलिटी समिट शो में ऑटोमोटिव टाटा एलेक्सी मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी सुंदर गणपति ने कहाकि सॉफ्टवेयर-परिभाषित वाहनों में बदलाव का मतलब सिर्फ कारों में कोड जोड़ना नहीं है यह संपूर्ण ई/ई आर्किटेक्चर की पुनर्कल्पना करना है, जो वितरित प्रणालियों से पूर्ण केंद्रीकृत इंटेलिजेंस की ओर विकसित हो रहा है। जहां उत्तरी अमेरिका, यूरोप, चीन और जापान जैसे क्षेत्र अपने-अपने दृष्टिकोण अपना रहे हैं, वहीं भारत अपनी लागत लाभ, व्यापक प्रतिभा पूल और तेज अनुसंधान एवं विकास वृद्धि के साथ अलग नजर आ रहा है। लेकिन ओईएम को यह समझना होगा कि सफलता सिर्फ 'सॉफ्टवेयर विशेषज्ञों की नियुक्ति' से नहीं मिलेगी। यह इकोसिस्टम बदलाव तय करेगा कि मोबिलिटी के भविष्य का असली नेतृत्व कौन करेगा।*

## गंगालूर थाना क्षेत्र के ग्राम पीड़िया की घटना, ग्रामीण आक्रोशित

# आईईडी ब्लास्ट की घटना में मासूम गंभीर घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीजापुर

जिले के गंगालूर थाना क्षेत्र के ग्राम पीड़िया से एक दर्दनाक घटना सामने आई, जहां नक्सलियों द्वारा बिछाए गए प्रेशर आईईडी की चपेट में आकर एक मासूम आदिवासी बालक गंभीर रूप से घायल हो गया। मिली जानकारी के मुताबिक गुरुवार की दोपहर बालक जैसे ही क्षेत्र से गुजर रहा था, तभी वह विस्फोट की चपेट में आ गया। यह घटना नक्सल हिंसा की अमानवीयता को दर्शाती है, जिसमें



निर्दोष ग्रामीणों को लगातार निशाना बनाया जा रहा है। पिछले कुछ महीनों में जिले के अंदुरुनी इलाकों में नक्सलियों के द्वारा लगाए गए आईईडी विस्फोटों की घटना में कई आम नागरिकों को क्षति उठानी पड़ी है। इधर घटना के तुरंत बाद सीआरपीएफ 199 और 85 वाहिनी के सुरक्षा बलों ने तत्परता दिखाते हुए घायल बालक को प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराया तथा उसे बेहतर चिकित्सा के लिए जिला अस्पताल बीजापुर लाया गया, जहां उसका उपचार जारी है। इस घटना के बाद स्थानीय आदिवासी समुदाय में नक्सलियों के विरुद्ध गहरा आक्रोश व्याप्त है। वहीं, सुरक्षा बलों के द्वारा आसपास सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया है ताकि क्षेत्र को सुरक्षित किया जा सके।

# सड़क हादसे में युवक की दर्दनाक मौत

**बालोद।** जिले के देवरी थाना क्षेत्र में शुक्रवार को एक भीषण सड़क हादसा हो गया, जिसमें एक व्यक्ति की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे की तस्वीरें इतनी विचलित करने वाली हैं कि स्थानीय लोग भी स्तब्ध रह गए। सूचना मिलते ही देवरी थाना पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल शुरू कर दी। शव की पहचान के लिए परिजनों को बुलाया गया है, उनकी पुष्टि के बाद ही मृतक की शिनाख्त संभव हो सकेगी। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि हादसा किसी अज्ञात वाहन की टक्कर से हुआ। टक्कर के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालने की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## खबर संक्षेप

### इंडेल मनी ने की छठें पब्लिक इश्यू की घोषणा

**मुंबई।** गोल्ड लोन के क्षेत्र में काम करने वाली एवं जमा स्वीकार नहीं करने वाली गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी इंडेल मनी लिमिटेड ने 1 हजार रुपए के अंकित मूल्य वाले सिक्योर्ड एनसीडी के अपने छठें पब्लिक इश्यू की घोषणा की। यह इश्यू 13 अक्टूबर 2025 को खुलेगा और 28 अक्टूबर 2025 को बंद होगा। कंपनी कार्यकारी निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी उमेश मोहनन ने कहाकि हम बाजार से धन जुटाने के बारे में बहुत आशावादी हैं। सिक्योर्ड एनसीडी का अंकित मूल्य 1 हजार रुपये है. इश्यू में 150 करोड़ रुपए तक का बेस इश्यू साइज शामिल है, जिसमें 150 करोड़ रुपए तक के ओवरसब्सक्रिप्शन का विकल्प है, जो कुल मिलाकर 300 करोड़ रुपए तक हो सकता है।

### पावर को 68.22 करोड़ का एक और ऑर्डर मिला

**अहमदाबाद।** पावर एंड इंस्ट्रूमेंटेशन लिमिटेड ने भारत सरकार की पुनर्गठित वितरण क्षेत्र योजना के तहत एक नए ऑर्डर के साथ अपने प्रोजेक्ट पोर्टफोलियो को और मजबूत किया है। यह नया ऑर्डर अगस्त 2025 में पीआईजीएल की पिछली सफलता के बाद आया है, जब कंपनी को अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड द्वारा आरडीएसएस योजना के तहत वितरण अवसंरचना के विकास के लिए 70.55 करोड़ का ठेका प्रदान किया गया था।

## ऑल इंडिया मोटर एसो. ने दी मध्यप्रदेश के लिए सभी बुकिंग बंद करने की चेतावनी

# ट्रांसपोर्ट व्यवसायी मप्र जीएसटी विभाग के बढ़ते उत्पीड़न से नाराज

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश जीएसटी विभाग के कुछ अधिकारियों द्वारा ट्रांसपोर्ट व्यवसायियों और ट्रक ऑपरेटरों के साथ अत्यधिक उत्पीडऩ किया जा रहा है। सबसे चिंताजनक स्थिति यह है कि ऐसे वाहन भी परेशान किए जा रहे हैं जिनका माल मध्यप्रदेश का नहीं होता और जो केवल मार्ग से गुजर रहे होते हैं। देश के विभिन्न राज्यों से प्राप्त शिकायतों के चलते मध्यप्रदेश सहित देशभर के ट्रांसपोर्टरों ने देशव्यापी आंदोलन की चेतावनी दी है।

ऑल इंडिया मोटर एंड गुड्स ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेंद्र कपूर ने बताया कि मध्यप्रदेश जीएसटी विभाग के कुछ अधिकारियों द्वारा विशेष रूप से परचून की गाड़ियों को निशाना बनाया जाता है। न तो कागजों की सही तरह से जांच होती है, न ही किसी वास्तविक गड़बड़ी का आधार होता है, फिर भी गाड़ियों को जब्त कर लिया जाता है। बाद में सारे दस्तावेज सही पाए जाने के बावजूद टार्गेट पूरा करने के नाम पर रसीद कटवाने को मजबूर किया जाता है और ऊपर से रिश्वत की मांग की जाती है।



राजेन्द्र कपूर



सीएल मुकाती विजय कालरा

### जीएसटी कमिश्नर के आदेश की कर रहे विभाग के अधीनस्थ अधिकारी अवहेलना

*अध्यक्ष राजेन्द्र कपूर, विजय कालरा, सीएल मुकाती ने कहाकि जो लोग भ्रष्टाचार में संलिप्त हैं, उनके ट्रक और माल को अधिकारी अनदेखा कर देते हैं। यानी ईमानदार ट्रांसपोर्टरों पर कार्रवाई और बेईमानों से समझौता, यह स्थिति पूरे विभाग की छवि को धूमिल कर रही है। उन्होंने कहाकि हालांकि मध्यप्रदेश जीएसटी कमिश्नर स्वयं एक अत्यंत ईमानदार और संवेदनशील अधिकारी हैं, लेकिन भ्रष्टाचार का जाल इतना गहराई से फैला हुआ है कि कई अधीनस्थ अधिकारी उनके आदेशों की भी अवहेलना कर रहे हैं।*

### वित्त मंत्रालय और जीएसटी काउंसिल से की हस्तक्षेप की मांग

*कपूर ने कहाकि इंदौर में पहले से ही हड़ताल की स्थिति बनी हुई है और पूरे प्रदेश में असंतोष तेजी से बढ़ रहा है। हम स्पष्ट कर देना चाहते है कि यदि यह अन्याय और अत्याचार नहीं रुका, तो वे पूरे मध्यप्रदेश में ट्रांसपोर्ट सेवाएं बंद करने पर विचार करेंगे। ट्रांसपोर्टर इस अन्यायपूर्ण रवैये की कड़ी निंदा करती है और यह स्पष्ट करती है कि यदि स्थिति में सुधार नहीं होता, तो दिल्ली से मध्यप्रदेश के लिए सभी बुकिंग अस्थायी रूप से बंद करने पर भी विचार किया जाएगा। संगठन के पदाधिकारियों ने आग्रह किया कि वित्त मंत्रालय और जीएसटी काउंसिल तत्काल इस मामले में हस्तक्षेप करें, ताकि ईमानदार ट्रांसपोर्ट व्यवसायी और ट्रक चालक आगे उत्पीडऩ का शिकार न बनें।*

## दुग्ध संघ ने दिया 'दीपावली उपहार'

# क्रय दरों में की गई वृद्धि, 21 से उत्पादकों को प्राप्त होगा यह 'अतिरिक्त लाभ'




वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

भोपाल दुग्ध संघ अंतर्गत दुग्ध समितियों के दुग्ध उत्पादकों से क्रय किए जाने वाले दूध क्रय दर में इस वर्ष तीसरी बार एतिहासिक वृद्धि की गई है। दुग्ध उत्पादकों से रूपए 860 प्रति किग्रा फैट से दूध क्रय करने का निर्णय लिया गया है, जो 21 अक्टूबर 2025 से प्रभावशील होगा। अक्टूबर माह में दुग्ध संघ के इतिहास में पहली बार दूध क्रय दर में वृद्धि की गई है। दुग्ध संघ ने अपने दुग्ध उत्पादक किसानों को दीपावली उपहार दिया है। भोपाल दुग्ध संघ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रीतेश जोशी ने बताया कि अक्टूबर माह में दुग्ध संघ का दुग्ध संकलन 04 लाख किलो ग्राम प्रतिदिन से भी अधिक हो गया है। निरंतर दूध क्रय दर वृद्धि करने से दुग्ध उत्पादक किसानों की दीपावली से अतिरिक्त लाभ प्राप्त होगा। वर्तमान में लगभग 25000 पशुपालकों को संघ से जोड़ा गया है, जो दूध क्रय वृद्धि का प्रत्यक्ष लाभ प्राप्त करेंगे।

## एडिटिंग टूल्स के जरिए तस्वीरों से की छेड़छाड़

# 36 छात्राओं की आपत्तिजनक तस्वीरें बनाईं, छात्र गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ के नवा रायपुर स्थित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी अंतरराष्ट्रीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईआईटी) के एक छात्र को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) टूल्स का इस्तेमाल कर 36 छात्राओं की आपत्तिजनक तस्वीरें बनाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। अतिरिक्त पुलिस



अधीक्षक (नवा रायपुर) विवेक शुक्ला ने बताया कि संस्थान के रजिस्ट्रार (प्रभारी) डॉ. श्रीनिवास केजी की शिकायत पर द्वितीय वर्ष का छात्र सैय्यद रहीम अदनान अली (21), निवासी बिलासपुर को हिरासत में लिया गया है। संस्थान प्रबंधन के अनुसार, आरोपी छात्र ने एआई इमेज जनरेशन और एडिटिंग टूल्स का इस्तेमाल कर छात्राओं की तस्वीरों से छेड़छाड़ करते हुए अश्लील तस्वीरें बनाई थीं। शिकायत मिलने के बाद प्रबंधन ने आंतरिक जांच की और आरोपी को निलंबित कर उसके मोबाइल फोन व लैपटॉप जब्त कर लिए। पुलिस के मुताबिक, अभी तक इस बात के कोई प्रमाण नहीं मिले हैं कि आरोपी ने बनाई गई तस्वीरों को प्रसारित या ऑनलाइन साझा किया है। हालांकि, उसके कृत्य से छात्राओं और उनके परिवारों को मानसिक और सामाजिक क्षति पहुँची है।

**SBI**
भारतीय स्टेट बैंक
केन्द्रीय भर्ती एवं पदोन्नति विभाग, कॉरपोरेट केंद्र, मुंबई
फोन: 022-22820427
आवेदन के लिए क्यूआर स्कैन करें

**नियमित आधार पर विशेषज्ञ संवर्ग अधिकारियों की भर्ती**

नियमित आधार पर निम्नलिखित पद के लिए भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं.

विज्ञापन सं.: CRPD/SCO/2025-26/12 (नियमित पद)

| अनु क्र. | पद का नाम | रिक्तिया | श्रेणी | अधिकतम आयु (कट ऑफ 01.08.2025) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | उप प्रबंधक (अर्थशास्त्री) | 03 | एमएमजीएस-II | 30 |

विज्ञापन सं.: CRPD/SCO/2025-26/14 (नियमित पद)

| अनु क्र. | पद का नाम | रिक्तिया | श्रेणी | अधिकतम आयु (कट ऑफ 01.08.2025) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | सहायक महाप्रबंधक - (उत्पाद एवं अनुसंधान-विदेशी मुद्रा एवं रुपया डेरिवेटिव्स) | 01 | एसएमजीएस-V | 45 |
| 2 | प्रबंधक - (उत्पाद एवं अनुसंधान- विदेशी मुद्रा एवं रुपया डेरिवेटिव्स) | 02 | एमएमजीएस-III | 36 |
| 3 | प्रबंधक - (अनुसंधान विश्लेषक) | 04 | एमएमजीएस-III | 36 |

पात्रता मानदंड (आयु, अनुभव, जॉब प्रोफाइल आदि), रिक्ति विवरण, आवश्यक शुल्क एवं अन्य विवरण के लिए बैंक की वेबसाइट https://sbi.bank.in/web/careers/current-openings पर लॉग ऑन करें, जहाँ आवेदन तथा आवेदन शुल्क ऑनलाइन जमा किया जा सकता है. आवेदन करने और शुल्क भेजने से पहले अपनी पात्रता सुनिश्चित करने एवं अन्य विवरणों के लिए विस्तृत विज्ञापन पढ़ें. कोई अन्य पूछताछ करने के लिए कृपया "CONTACT US" → "Post Your Query" लिंक के माध्यम से हमें लिखें, जो बैंक की अधिकृत वेबसाइट (https://sbi.bank.in/web/careers/post-your-query) पर उपलब्ध है.

- आवेदन ऑनलाइन जमा करने और शुल्क का भुगतान करने की तिथि : 08.10.2025 से 28.10.2025 तक.

स्थान: मुंबई
दिनांक: 08.10.2025
महाप्रबंधक (आरपी एंड पीएम)

## राशिफल

**मेष** — किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी।

**वृष** — धैर्यशीलता में कमी भी हो सकती है। संयत रहें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। वाहन के रखरखाव एवं वस्त्रों आदि पर खर्च बढ़ सकते हैं।

**मिथुन** — माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। लाभ में वृद्धि होगी।

**कर्क** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कुछ चिंता परेशान भी हो सकती हैं। माता का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता

**सिंह** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। कारोबार में वृद्धि होगी। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है।

**कन्या** — आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**तुला** — कला एवं संगीत में रुचि रहेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य में सुधार होगा। कारोबार में भाग-दौड़ बढ़ेगी, परन्तु स्वास्थ्य के प्रति सचेत भी रहे।

**वृश्चिक** — संयत रहें। क्रोध से बचें। बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है।

**धनु** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन अशान्त भी रहेगा। आत्मसंयत रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं।

**मकर** — माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता रहेगी। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। कारोबार से लाभ में वृद्धि होगी।

**कुंभ** — आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। फिर भी धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। बातचीत में सन्तुलित भी रहें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है।

**मीन** — आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु आत्मसंयत रहें। अपनी भावनाओं को वश में रखें। पिता का साथ मिलेगा। किसी रुके धन की प्राप्ति हो सकती है।

# फिक्की एजुकेशन में सिंबायोसिस यूनिवर्सिटी की सक्रिय भागीदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पुणे

प्रमुख उच्च शिक्षा संस्थानों में से एक सिंबायोसिस इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी ने भारत मंडपम में आयोजित 20वें फिक्की हायर एजुकेशन समिट 2025 में एक प्रायोजक और प्रमुख नॉलेज पार्टनर के तौर पर अपनी सक्रिय भागीदारी सफलतापूर्वक पूरी की। हायर एजुकेशन इन ए ट्रांसफॉर्मिंग वल्र्ड ब्रिजिंग बॉर्डर्स, बिल्डिंग फ्यूचर्स थीम वाले फिक्की हायर एजुकेशन समिट का 20वां संस्करण, दो दशकों की वार्ता और वैश्विक शिक्षा परिदृश्य को आकार देने की कार्रवाई का प्रतीक है। 2004 में शुरू हुआ यह समिट, टिकाऊ विकास और अंतरराष्ट्रीय गठबंधन के लिए शिक्षा को एक उत्प्रेरक के तौर पर प्रोत्साहित करते हुए नीति निर्माताओं, शिक्षा क्षेत्र के लोगों और उद्योग को जोडऩे वाले भारत के सबसे महत्वपूर्ण प्लेटफॉर्म के रूप में उभरा है। इस ऐतिहासिक आयोजन में 70 से अधिक देशों का प्रतिनिधित्व करते हुए 1,200 से अधिक प्रतिनिधि और 2000 से अधिक विद्यार्थी शामिल हुए। इनके साथ ही युनिवर्सिटी के लीडर्स, नीति निर्माता, नोबल पुरस्कार विजेता और उद्योग विशेषज्ञ भी इसमें शामिल हुए। नितिन गडकरी मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए और उद्घाटन सत्र को संबोधित करने के साथ ही 11वें फिक्की हायर एजुकेशन एक्सिलेंस अवॉर्ड्स भी प्रदान किए। पुरस्कार वितरण समारोह का मुख्य आकर्षण लिजेंडरी इंस्टीट्यूशन बिल्डर अवार्ड रहा जो दूरदृष्टि और भारतीय एवं वैश्विक उच्च शिक्षा में परिवर्तनकारी योगदान के लिए सिंबायोसिस इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के संस्थापक और डाक्टर एस.बी. मजूमदार को प्रदान किया गया। प्रोफेसर मजूमदार को यह सम्मान गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के जरिए अंतरराष्ट्रीय समझ बढ़ाने की उनकी पांच दशकों की लंबी यात्रा को देखते हुए दिया गया जिसने सिंबायोसिस को अकादमिक क्षेत्र में एक वैश्विक ब्रांड के तौर पर स्थापित किया है।

**आवश्यकता**

आवश्यकता है- नटराज पेन पैंसिल रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही है अगर आपको नौकरी की जरूरत है तो संपर्क करें:- 8335914373 (रायपुर/11/ अक्टूबर/25)

**छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ**


सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**छोटा लिंग निराश क्यों?**
**जोश जगा दे धूम मचा दे।**



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंगको 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं। नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330

## शब्द पहेली - 6015



**बाएँ से दाए**
1. अत्यावश्यक-6
5. कारागार, जेल-4
8. पानी, नीर-2
9. मीन, मत्स्य-3
10. लक्ष्मी, कमला-2
11. कलाकार, फनकार-4
12. मर्द, मादा का विलोम-2
14. हसरत, मुराद-4
15. कैद में, अवरुद्ध, रुका-2
17. भूमि, धरती-3
19. मतवासा, मदहोश-4
21. फिल्मी दुनिया-3,3
24. दुर्भाग्यशाली-5
27. ठोकर लगना, भिड़ना-4
29. दौंडी पीटना-3
31. सांप, सर्प-2
32. दाल-4
33. हूर, अप्सरा-2
35. गाड़ी चलाने वाला-4
36. पिता का छोटा भाई-2
38. पुत्र, बेटा-3
39. टौंटी, नलका-2
40. ललचाना, तड़फाना-4
41. टाऊन हाल, नागरिक भवन-2,4

**ऊपर से नीचे**
1. ईश्वर, अनश्वर-3,3
2. तेलहन-2
3. सुखद वस्तु, वर देना-4
4. करधनी, कमर पेटी-5
5. गलीचा-3
6. दिन-2
7. समस्या का हल-4
11. धरोहर, थाती-4
13. मिट्टी, धूल-2
16. चमकना-4
18. वायुसेना का एक विमान-3
19. इतराना-4
20. परत-2
22. जाप करना-3
23. किवाड़, द्वार-2
25. उदाहरणतः-4
26. परवरिश-3,3
28. राग छेड़ना-5
29. भेंट, मेल-मिलाप-4
30. दिया, दीपक-2
32. औषधालय, दवाखाना-4
34. खाली होना-3
37. छोटी सवारी गाड़ी-2
39. नया, नवीन-2

### शब्द पहेली - 6014 का हल



## सूडोकु नवताल - 6025

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | | | 3 | |
| | | 9 | | 8 | | 2 | 6 | 4 |
| 1 | | | | 3 | 6 | | 9 | |
| 4 | | 3 | | | | | | |
| | 8 | | | 2 | | | 1 | |
| | | | | | | 8 | | 6 |
| | 4 | | 7 | 5 | | | | 3 |
| 3 | 7 | 5 | | 4 | | 1 | | |
| | 2 | | | | 8 | | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

MANGAL SEWADHA, BANGALORE

### सूडोकु नवताल - 6024 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 4 | 5 | 6 | 1 | 3 | 7 | 2 | 9 |
| 7 | 2 | 6 | 4 | 9 | 5 | 3 | 8 | 1 |
| 9 | 3 | 1 | 7 | 8 | 2 | 6 | 5 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 9 | 6 | 8 | 4 | 3 | 5 |
| 5 | 6 | 9 | 3 | 2 | 4 | 1 | 7 | 8 |
| 4 | 8 | 3 | 5 | 7 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 2 | 9 | 7 | 1 | 5 | 6 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 8 | 2 | 4 | 7 | 5 | 9 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 7 |



## अक्षय 70वें फिल्मफेयर अवार्ड्स में देंगे प्रस्तुति

**मुंबई।** 70वें फिल्मफेयर अवार्ड्स 2025 का आयोजन 11 अक्टूबर को गुजरात के अहमदाबाद में होने वाला है। इस ऐतिहासिक समारोह में भारतीय सिनेमा के कई सितारे मौजूद रहेंगे। सितारों से सजे इस कार्यक्रम में अक्षय कुमार भी एक धमाकेदार प्रस्तुति देने के लिए तैयार हैं। कार्यक्रम में अपनी प्रस्तुति देने पर अक्षय कुमार ने कहा 'फिल्मफेयर ने मुझे हर तरह से सम्मानित किया है। मैंने खलनायक, हास्य अभिनेता और कई अन्य भूमिकाओं के लिए पुरस्कार जीते हैं। द ब्लैक लेडी मेरे कॅरियर की गवाह रही है। एक-एक भूमिका के साथ और फिल्मफेयर के 70वें वर्ष में मंच पर प्रस्तुति देना अद्भुत है। पुरस्कार समारोह में मेरी परफॉर्मेंस के लिए तैयार हो जाइए!'

लाइफ Style

## प्रियंका

### निक के नाम की मेहंदी को किया फ्लॉन्ट


एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा ने पति निक जोनस के साथ करवाचौथ के त्योहार की तैयारियां शुरू कर दी हैं। उन्होंने अपने हाथों में लगी निक के नाम की मेहंदी की झलक फैंस को दिखाई है। ग्लोबल स्टार प्रियंका चोपड़ा जोनस इन दिनों करवाचौथ की तैयारियों में जुटी हैं।

अमेरिका में रहते हुए भी वह भारतीय परंपराओं को पूरे दिल से निभाती हैं। हर साल की ही तरह इस बार भी प्रियंका ने अपने पति निक जोनस के लिए करवाचौथ का व्रत रखने की तैयारियां शुरू कर दी हैं और इसके साथ ही सोशल मीडिया पर उनकी मेहंदी की तस्वीरें वायरल हो गई हैं। प्रियंका ने अपने इंस्टाग्राम पर अपनी मेहंदी की एक झलक दिखाई है। तस्वीरों में उनकी हथेलियों पर सजी बेहद खूबसूरत और मिनिमल डिजाइन की मेहंदी दिखाई दे रही है, जिसमें निक जोनस का पूरा नाम 'निकोलस' हिंदी में लिखा गया है। प्रियंका ने पहले एक पॉडकास्ट इंटरव्यू में बताया था कि भले ही वह हिंदू परिवार से हैं और निक एक ईसाई पृष्ठभूमि से आते हैं, लेकिन दोनों की आध्यात्मिक सोच एक जैसी है। उन्होंने कहा था, 'धर्म सिर्फ ईश्वर तक पहुंचने का एक रास्ता है, हम दोनों उस ऊंची शक्ति में समान विश्वास रखते हैं।' यही वजह है कि उनके रिश्ते में धर्म की जगह प्रेम और सम्मान ने जगह बनाई है। प्रियंका और निक की लव स्टोरी किसी फिल्मी कहानी से कम नहीं है। दोनों ने दिसंबर 2018 में जोधपुर के उम्मेद भवन पैलेस में हिंदू और क्रिश्चियन रीति-रिवाजों से शादी की थी।



हॉलीवुड मसाला




## बच्चों की परवरिश को लेकर सताता है डर

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड सुपरस्टार और दो बार ऑस्कर अवॉर्ड जीत चुके जॉर्ज क्लूनी की दुनिया कायल है। बीते 47 साल में हॉलीवुड ने शोहरत, पैसा सब कुछ दिया। लेकिन, दिलचस्प है कि वह अपने बच्चों का सिनेमा की इस चकाचौंध भरी दुनिया से दूर फ्रांस में पालन-पोषण कर रहे हैं। उन्होंने कहा, 'मैं बच्चों की लॉस एंजिल्स में हॉलीवुड कल्चर के परवरिश करने को लेकर डरा हुआ था। मुझे लगता है कि वहां उन्हें उनकी जिंदगी का बेहतर हिस्सा नहीं मिलेगा। फ्रांस- यहां लोग शोहरत की फिक्र नहीं करते। मैं नहीं चाहता कि मेरे बच्चे सड़क पर चलते वक्त पपाराजी की चिंता करे।




## टेलर ने तोड़ा एडेल का दस साल पुराना रिकॉर्ड

**लॉस एंजिल्स।** पॉप म्यूजिक की दुनिया में एक बार फिर इतिहास लिखा गया है और इस बार नाम है टेलर स्विफ्ट। सिंगर का 12वां स्टूडियो एल्बम 'द लाइफ ऑफ ए शो गर्ल' रिलीज के साथ ही रिकॉर्ड तोड़ सफर पर निकल पड़ा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस एल्बम ने सिर्फ एक हफ्ते में 3.5 मिलियन यूनिट्स की बिक्री दर्ज की है, जिससे टेलर ने ब्रिटिश सिंगर एडेल का 10 साल पुराना रिकॉर्ड ध्वस्त कर दिया है। साल 2015 में एडेल का एल्बम '25' अपने पहले हफ्ते में 3.482 मिलियन यूनिट्स बेचकर एक मील का पत्थर बन गया था। तब से अब तक कोई कलाकार उस आंकड़े के करीब भी नहीं पहुंच सका था। लेकिन, 2025 में टेलर स्विफ्ट ने यह मिथक तोड़ते हुए सिर्फ पांच दिनों में ही यह आंकड़ा पार कर लिया।



## तस्वीर खिंचवाने के लिए इमोशनल हुई फैन


**मुंबई।** रणबीर कपूर इन दिनों निर्देशन नितेश तिवारी की 'रामायण' और संजय लीला भंसाली की फिल्म 'लव एंड वॉर' को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। रणबीर की फैन फॉलोइंग काफी अच्छी है। यही वजह है कि जब भी महिला फैंस रणबीर को देखती हैं, तो उनके साथ तस्वीरें खिंचवाए बगैर रह नहीं पातीं। रणबीर के साथ एक महिला फैन का वीडियो सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बना हुआ है। गुरुवार को सोशल मीडिया पर रणबीर कपूर का एक वीडियो वायरल हो रहा है। इस वीडियो में रणबीर एक महिला फैन के साथ नजर आ रहे हैं। रणबीर की यह फैन उनके साथ तस्वीर खिंचवाने के लिए इतनी इमोशनल हो गई कि उनसे थैंक्यू कहने के लिए उसने हाथ तक जोड़ लिए। रणबीर ने अपनी फैन का दिल रखते हुए उनके साथ तस्वीरें खिंचवाईं।



## एसएसएम 29 को मिला वाराणसी नाम

**मुंबई।** एसएस राजामौली के डायरेक्शन में बन रही प्रियंका चोपड़ा और महेश बाबू की फिल्म एसएसएमबी29 को उसका नाम मिल गया है! जी हां, एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि मेकर्स ने टाइटल फाइनल कर लिया है। नवंबर में इसका टीजर भी रिलीज किया जा सकता है।बाहुबली, बाहुबली 2 और आरआरआर के बाद जाहिर तौर पर राजामौली की इस नई फिल्म से हर किसी को बहुत उम्मीदें हैं। कुछ महीने पहले फिल्म के सेट से कुछ तस्वीरें वायरल हुई थीं, जिसमें करोड़ों के खर्च से बनारस शहर का सेट बनाए जाने की रिपोर्ट आई। अब खबर है कि मेकर्स ने इस फिल्म को 'वाराणसी' नाम देने का फैसला किया है। हालांकि, अभी तक इसका आधिकारिक ऐलान नहीं हुआ है। अगले महीने नवंबर में फिल्म का टीजर या फिर शॉर्ट ट्रेलर रिलीज किया जाएगा।

टीवी मसाला



## अनुपमा ने फिर मारी बाजी तुलसी की मेहनत बेकार

**नई दिल्ली।** टीवी की दुनिया में हर हफ्ते दर्शकों का प्यार और पसंद बदलता रहता है। साल 2025 के 39वें हफ्ते की बार्क इंडिया टीआरपी रिपोर्ट सामने आ चुकी है, जिसमें इस बार भी अनुपमा ने एक बार फिर सबको पछाड़कर नंबर वन की कुर्सी पर कब्जा जमा लिया है। वहीं, स्मृति ईरानी की वापसी इस हफ्ते भी दर्शकों को कुछ खास पसंद नहीं आई है। रुपाली गांगुली स्टारर 'अनुपमा' पिछले कई महीनों से टीआरपी चार्ट की बादशाह बनी हुई है। समर की मौत और अनुपमा की इमोशनल जर्नी ने दर्शकों को जोड़े रखा है। हालांकि, रेटिंग में मामूली गिरावट देखने को मिली, फिर भी शो ने 2.1 पॉइंट के साथ पहला स्थान सुरक्षित किया। स्मृति ईरानी की वापसी के साथ शुरू हुआ 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' दर्शकों की उम्मीदों पर काफी हद तक खरा उतरा है। शो के जटिल रिश्तों और तुलसी-परी की खींचतान ने कहानी को दिलचस्प बनाए रखा है। बावजूद इसके, इसे 2.0 टीआरपी रेटिंग ही मिल सकी, जिससे शो फिर दूसरे नंबर पर आ गया। 'उड़ने की आशा' अब दर्शकों की लिस्ट में मजबूती से जगह बना चुका है। सचिन और सायली की प्यारी केमिस्ट्री और छोटे शहर की कहानी ने दर्शकों का दिल जीत लिया है। इस हफ्ते शो ने 1.8 रेटिंग के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। राजन शाही का लोकप्रिय शो 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' लगातार गिरते ग्राफ से जूझ रहा है। इस बार इसे 1.8 रेटिंग मिली और यह चौथे स्थान पर पहुंच गया।

## कभी सिनेमा का हिस्सा नहीं बनना चाहते थे गुलजार

*मुंबई। गुलजार बॉलीवुड के बेहतरीन गीतकार हैं। उन्होंने किताब, किनारा और मौसम जैसी फिल्मों का निर्देशन भी किया है। हाल ही में उन्होंने लोगों को यह कह कर हैरान कर दिया है कि उनका रुझान फिल्मों की तरफ नहीं था। उनका पहला प्यार साहित्य है। बुधवार शाम फिल्म निर्माता सुभाष घई के फिल्म संस्थान व्हिसलिंग वुड्स में आयोजित एक कार्यक्रम में गुलजार ने कहा कि एक पाठक के रूप में और एक लेखक बनने का सपना देखने वाले व्यक्ति के रूप में उनका रुझान किताबों की तरफ था। गुलजार ने कहा 'मैं कभी सिनेमा में नहीं आना चाहता था और मैं सिनेमा के लिए लिखना भी नहीं चाहता था। मैं इसके लिए मना कर देता था। मुझे किताबों का बहुत शौक था।' गुलजार ने कहा 'मैं फिल्में देखता था ,लेकिन मुझे सिनेमा से उतना प्यार नहीं था कि मैं निर्देशक बनता। यह तब शुरू हुआ जब मैं सिनेमा में आया।' गुलजार ने कहा 'संगीत और कविता अहम हैं, सिनेमा में ये हमारे साथ हैं क्योंकि ये हमारी संस्कृति का हिस्सा हैं। ये पीढ़ियों से चली आ रही हैं। दोनों माध्यम आज भी याद किए जाते हैं।'*



***एआर रहमान की तारीफ की*** *: गुलजार ने भारतीय संगीत को विश्व स्तर पर लोकप्रिय बनाने का श्रेय एआर रहमान को दिया। उन्होंने कहा 'शुरुआत में, जब हम फिल्मों को अंतरराष्ट्रीय बाजारों में भेजते थे, तो फिल्मों से गाने हटा दिए जाते थे। लेकिन आज भारतीय संगीत अपने चरम पर पहुंच गया है और गाने जोड़ने की मांग बढ़ रही है। इसका श्रेय एआर रहमान को जाता है। गुलजार ने एआर रहमान के साथ 'जय हो', 'छैय्या छैय्या' और 'तेरे बिना' जैसे गीतों पर काम किया है।*

***गीतकार के रूप में कॅरियर की शुरुआत*** *: आजादी से पहले के पंजाब (अब पाकिस्तान में) में सम्पूर्ण सिंह कालरा के रूप में जन्मे गुलजार को भारतीय सिनेमा के सबसे बड़े कहानीकारों में से एक माना जाता है। गुलजार ने 'रावी पार', 'त्रिवेणी' और 'बोस्की का पंचतंत्र' जैसी किताबें लिखी हैं।*

## करवाचौथ की थीम पर फिल्माए गए ये गानें

**नई दिल्ली।** करवाचौथ के मौके पर शादीशुदा महिलाएं अपने पति की लंबी उम्र की कामना करती हैं। हाथों में मेहंदी लगाने के साथ सोलह श्रृंगार से संवरती हैं। करवाचौथ को और खास बनाने के लिए गानों का भी विशेष महत्व होता है। इस त्योहार को मनाते हुए कुछ गानों में दिखाया गया है।

***बोले चूड़ियां :*** 'कभी खुशी कभी गम' फिल्म के गाने 'बोले चूड़ियां' में काजोल और शाहरुख खान को करवा चौथ मनाते हुए दिखाया गया है। ये गाना इस करवाचौथ आप अपनी प्ले लिस्ट में शामिल कर सकते हैं। त्योहार के मौके को ये गाना और भी खास बना देगा।

***साजन जी घर आए :*** 'कुछ कुछ होता है' फिल्म के गाने 'साजन जी घर आए' भी करवाचौथ पर सुन सकते हैं। इस गाने को शादी और सुहागन महिला की थीम पर फिल्माया गया है। ये गाना करवाचौथ को और भी खास बना सकता है।





***चांद और पिया :*** 'आशिक आवारा' फिल्म के गाने 'चांद और पिया' को गाने को करवाचौथ की थीम पर बनाया गया है। इस गाने को आप भी इस करवाचौथ थीम पर शामिल कर सकते हैं। करवाचौथ पर ये गाना सुनना खास हो सकता है।

***चांद छुपा बादल में :*** फिल्म 'हम दिल दे चुके' फिल्म के गाने 'चांद छुपा बादल में' गाने को करवाचौथ की थीम पर ही बनाया गया है। इस गाने को आप करवाचौथ पर सुन सकते हैं। ये गाना करवाचौथ को और भी खास बना देगा।

## करवा चौथ पर टीवी अभिनेत्रियों भी परंपरा और प्यार के रंग में रंगी

**मुंबई।** प्यार, विश्वास और वैवाहिक बंधन की पवित्रता का प्रतीक खूबसूरत त्योहार करवा चौथ शुक्रवार को मनाया गया। इस अवसर पर एण्डटीवी की लोकप्रिय अभिनेत्रियों - सपना सिकरवार ('हप्पू की उलटन पलटन' की बिमलेश) और विदिशा श्रीवास्तव ('भाबीजी घर पर हैं' की अनीता भाबी) ने बताया कि वे इस खास दिन की तैयारी कैसे करती हैं और इसे अपने लिए यादगार कैसे बनाती हैं।सपना सिकरवार, ऊर्फ 'हप्पू की उलटन पलटन' की बिमलेश कहती हैं, "करवा चैथ हमेशा से मेरे दिल के बहुत करीब रहा है। शूटिंग चाहे कितनी भी व्यस्त क्यों न हो, मैं इस दिन के सभी रीति-रिवाज पूरे मन से निभाती हूँ। मेरी सुबह सरगी से शुरू होती है, जो मेरी सासू माँ प्यार से तैयार करती हैं। यह परंपरा मुझे उन सभी पीढ़ियों से जोड़ देती है जिन्होंने यह त्योहार मनाया है। मुझे पारंपरिक लाल साड़ी पहनना, हाथों में सुंदर मेहंदी लगाना और बाकी महिलाओं के साथ बैठकर हँसी-मजाक करते हुए चाँद का इंतज़ार करना बहुत पसंद है। मेरे लिए करवाचैथ सिर्फ व्रत रखने का दिन नहीं, बल्कि अपने जीवनसाथी के प्रति आभार व्यक्त करने और रिश्ते की डोर को और मजबूत बनाने का दिन है। मेरे पति भी हमेशा इस दिन को खास बना देते हैं। एक बार उन्होंने हमारी बालकनी को दीयों और फूलों से सजा दिया था-उस पल की याद आज भी मेरे चेहरे पर मुस्कान ले आती है।"विदिशा श्रीवास्तव, जोकि 'भाबीजी घर पर हैं' में अनीता भाबी का किरदार निभा रहीं हैं, ने कहा, "इस साल करवाचैथ मेरे लिए और भी खास है, क्योंकि लंबे समय बाद मेरे पति सायक मेरे साथ होंगे। उनका काम अक्सर उन्हें दूसरे शहर में रहता है, इसलिए यह त्योहार साथ मनाने का मौका बहुत मायने रखता है। मैंने तैयारी शुरू कर दी है - हल्के रंग की सिल्क साड़ी, पारंपरिक गहने, और इस बार मैं खुद अपने हाथों से मेहंदी लगाऊँगी, जो अब मेरा अपना छोटा-सा प्री-फेस्टिवल रिवाज़ बन चुका है। मेरे लिए करवाचैथ सिर्फ व्रत नहीं, एक एहसास है जो देखभाल, अपनापन और उन छोटी-छोटी बातों में छिपी खुशियाँ जो रिश्ते को खूबसूरत बनाता है। मुझे आज भी याद है, शुरुआती करवाचैथ पर सायक ने मुझे वो झुमके गिफ्ट किए थे जिन्हें मैं कई दिनों से देख रही थी। असल मायने उस तोहफे के नहीं थे, बल्कि उस भावना के थे जो उसमें झलक रही थी- यही प्यार और अपनापन इस त्योहार को मेरे लिए यादगार बनाता है।"



### महिलाएं अपने पति की लंबी उम्र और अच्छे स्वास्थ्य के लिए रखती हैं व्रत

## करवाचौथ का व्रत नहीं रखतीं ये बॉलीवुड अभिनेत्रियां

*मुंबई। करवा चौथ हिंदू परंपरा में बहुत खास त्योहार है। इस दिन शादीशुदा महिलाएं अपने पति की लंबी उम्र और अच्छे स्वास्थ्य के लिए दिनभर बिना खाए-पिए व्रत रखती हैं। शाम को चांद देखकर व्रत खोलती हैं। लेकिन क्या आपको पता है कि बॉलीवुड की कुछ अभिनेत्रियां करवा चौथ के व्रत को नहीं रखती हैं।*



**करीना :** करीना कपूर खान और सैफ अली खान ने एक निजी समारोह में 16 अक्तूबर 2012 को शादी की थी। सैफ और करीना को शादी का फैसला करते समय उन्हें कड़ी आलोचनाओं का सामना करना पड़ा था। करीना कपूर अपने पति सैफ के लिए करवा चौथ का व्रत नहीं रखती हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, करीना का मानना है कि रिश्ते की मजबूती के लिए प्यार और सम्मान ज्यादा जरूरी है, न कि भूखे रहना। काम की बात करें तो करीना निर्देशक मेघना गुलजार की 'दायरा' में नजर आएंगी।



**दीपिका :** रणवीर सिंह और दीपिका पादुकोण ने नवंबर 2018 में इटली के लेक कोमो में दो अलग-अलग दिनों में, कोंकणी और सिंधी रीति-रिवाजों से शादी की थी। शादी के बाद दोनों ने बेंगलुरु और मुंबई में रिसेप्शन भी आयोजित किए। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार दीपिका पादुकोण भी करवा चौथ का व्रत नहीं रखतीं। रणवीर सिंह से शादी के बाद उन्होंने इस परंपरा को नहीं अपनाया। दीपिका का मानना है कि सच्चे रिश्ते प्यार, भरोसे और समझदारी पर टिकते हैं, न कि व्रत रखने पर।



**सोनम कपूर :** सोनम कपूर और आनंद आहूजा ने 8 मई 2018 को मुंबई में सिख रीति-रिवाजों के अनुसार शादी की थी। यह शादी कारज की रस्म के साथ हुई थी, जिसमें दूल्हा-दुल्हन गुरु ग्रंथ साहिब के चारों ओर फेरे लेते हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, सोनम कपूर करवा चौथ का व्रत नहीं रखती हैं। हालांकि, वे इस त्योहार में परिवार और दोस्तों के साथ शामिल जरूर होती हैं।



**ट्विंकल :** ट्विंकल खन्ना और अक्षय कुमार ने 17 जनवरी 2001 को शादी की थी। अक्षय कुमार की पत्नी और अभिनेत्री-लेखिका ट्विंकल खन्ना भी इस व्रत को नहीं रखतीं। उनका मानना है कि पति की लंबी उम्र के लिए भूखा रहना जरूरी नहीं है। वे अपनी सोच और जीवनशैली के हिसाब से जीना पसंद करती हैं।



**हेमा मालिनी :** मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, हेमा मालिनी और धर्मेंद्र की शादी 1980 में हुई थी। बॉलीवुड की 'ड्रीम गर्ल' हेमा मालिनी भी करवा चौथ का व्रत नहीं रखतीं। वे मानती हैं कि पति की लंबी उम्र के लिए दुआ और सकारात्मक सोच ज्यादा महत्वपूर्ण है। वे अपने तरीके से रिश्तों को निभाना पसंद करती हैं।

**रत्ना पाठक शाह :** रत्ना पाठक और नसीरुद्दीन शाह ने 1982 में एक-दूसरे से शादी रचाई थी। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, नसीरुद्दीन शाह की पत्नी और अभिनेत्री रत्ना पाठक शाह भी इस व्रत को नहीं रखतीं। उनका कहना है कि रिश्ते की मजबूती के लिए विश्वास और देखभाल ही काफी है।

# जीत की हैट्रिक पूरी करने उतरेगा इंग्लैंड, घरेलू मैदान का फायदा उठाने की कोशिश करेगी श्रीलंकाई टीम

एजेंसी ▶▶| कोलंबो

चार बार की चैंपियन इंग्लैंड की टीम अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखकर शनिवार को महिला एक दिवसीय विश्व कप के मैच में जीत की हैट्रिक पूरी करने के उद्देश्य से मैदान पर उतरेगी जबकि मेजबान श्रीलंका की नजरें परिस्थितियों से परिचित होने पर टूर्नामेंट में अपनी पहली जीत दर्ज करने पर लगी होंगी।

इंग्लैंड ने अपने पहले दो मैच में दक्षिण अफ्रीका और बांग्लादेश को हराया। बांग्लादेश के खिलाफ वह एक समय वह मुश्किल स्थिति में दिख रहा था लेकिन 179 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 78 रन पर आधी टीम गंवाने के बावजूद हीथर नाइट के नाबाद 79 रन की बदौलत उसकी टीम जीत दर्ज करने में सफल रही।

## हम बेहतर प्रदर्शन कर सकते थेः नैट



इंग्लैंड की बल्लेबाजी की गहराई और अनुभव एक बार फिर चार विकेट की जीत में निर्णायक साबित हुए, हालांकि कप्तान नैट साइवर-ब्रंट ने स्वीकार किया कि टीम मुश्किल परिस्थितियों में पड़े बिना जीत हासिल करना चाहती थी। उन्होंने कहा, 'हम जीत हासिल करने में सफल रहे लेकिन हम इससे बेहतर प्रदर्शन कर सकते थे। हमें कम विकेट गंवाकर जीत हासिल करनी चाहिए थी।' इंग्लैंड की स्पिन तिकड़ी एलिस कैप्सी, सोफी एक्लेस्टोन और चार्ली डीन ने बांग्लादेश के खिलाफ सात विकेट लिए, जबकि बाएं हाथ की स्पिनर लिंसे स्मिथ और तेज गेंदबाज लॉरेन बेल ने भी उपयोगी योगदान दिया। इंग्लैंड की टीम ने अभी तक खेल के हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन किया है। उसके लिए चिंता का एकमात्र विषय सलामी बल्लेबाज टैमी ब्यूमोंट की फॉर्म है, जो अभी तक रन बनाने में संघर्ष कर रही हैं।

## पहली जीत की तलाश में श्रीलंका



जहां तक श्रीलंका का सवाल है तो उसकी टीम घरेलू परिस्थितियों का पूरा फायदा उठाने की कोशिश करेगी। वह अपने पहले मैच में भारत से हार गया था जबकि उसका दूसरा मैच बारिश की भेंट चढ़ गया था। भारत के खिलाफ अपने पहले मैच में श्रीलंका की टीम को अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में बदलने में संघर्ष करना पड़ा, जिसमें नौ बल्लेबाज दोहरे अंक तक पहुंचे, लेकिन कोई भी बड़ा स्कोर नहीं बना पाया और पूरी टीम 211 रन पर ढेर हो गई थी। वहीं श्रीलंका की टीम घरेलू मैदान में मौजूदा विश्वकप में अपनी पहली जीत हासिल करने की कोशिश करेगी। प्रेमदासा स्टेडियम में पिछले मैच में बारिश के कारण खेल में खलल पड़ा था, इसलिए दोनों टीमें मौसम के पूर्वानुमान पर भी कड़ी नजर रखेंगी।

### टीम इस प्रकार हैं

**इंग्लैंड :** नैट साइवर-ब्रंट (कप्तान), एम अर्लट, टैमी ब्यूमोंट, लॉरेन बेल, एलिस कैप्सी, चार्ली डीन, सोफिया डंकले, सोफी एक्लेस्टोन, लॉरेन फाइलर, सारा ग्लेन, एमी जोन्स, हीथर नाइट, एम्मा लैम्ब, लिन्सी स्मिथ, डैनी व्याट-हॉज।

**श्रीलंका :** चमारी अटापट्टू (कप्तान), हासिनी परेरा, विश्मी गुणरत्ने, हर्षिता समरविक्रमा, कविशा दिलहारी, नीलाक्षी डी. सिल्वा, अनुष्का संजीवनी, इमेशा दुलानी, देवमी विहंगा, पिउमी वाथसाला, इनोका राणावीरा, सुगंधिका कुमारी, उदेशिका प्रबोदानी, मल्की मदारा, अचिनी कुलसुरिया।

## खबर संक्षेप



### शंघाई टूर्नामेंट में 31वें स्थान पर अदिति

**शंघाई।** भारतीय गोल्फर अदिति अशोक ब्यूक एलपीजीए शंघाई टूर्नामेंट के दूसरे दौर के बाद संयुक्त 31वें स्थान पर हैं। अदिति ने इस टूर्नामेंट के पहले दो दिन अच्छा प्रदर्शन किया। उन्होंने दोनों दिन दो अंडर 70 का कार्ड खेला। इस तरह से उनका कुल स्कोर अब चार अंडर हो गया है। इस बीच जापान की मिनामी कात्सु ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा। दूसरे दौर के बाद वह दो स्ट्रोक से आगे चल रही थीं। उन्होंने दूसरे दौर में 11 अंडर 61 के स्कोर के साथ एकल बढ़त बना ली। दूसरे राउंड में कात्सु ने 12 बर्डी और एक बोगी लगाई। अब उनका कुल स्कोर 13 अंडर पार है। दक्षिण कोरिया की इना यून 11 अंडर पार के कुल स्कोर के साथ दूसरे स्थान पर हैं।

### स्पेन ओपनः शुभंकर की निराशाजनक शुरुआत



**मैड्रिड।** भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा 'ओपन डी एस्पाना' के पहले दिन दो ओवर 73 का निराशाजनक कार्ड खेलने के बाद संयुक्त 81वें स्थान पर खिसक गए। शुभंकर ने तीन बोगी के मुकाबले एक बर्डी लगाई। उन्हें कट में प्रवेश पाने के लिए दूसरे दिन अपने खेल का स्तर ऊपर करना होगा। सैम बेयरस्टो ने अपने आखिरी पांच होल में से चार में बर्डी लगाई और उगो कुसौड के साथ पहले दौर के बाद तालिका में शीर्ष पर पहुंच गए। इंग्लैंड के बेयरस्टो और फ्रांस के कुसौड का स्कोर छह अंडर 65 हैं।

### हमेशा शीर्ष क्रम पर दोष नहीं मढ़ सकतेः रिचा



**विशाखापत्तनम।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की विकेटकीपर रिचा घोष ने वनडे विश्व कप में टीम के शीर्ष क्रम की बल्लेबाजों के खराब प्रदर्शन का बचाव करते हुए कहा कि एक मैच से उनका आकलन नहीं किया जा सकता। बल्लेबाजों के लिए आसान पिच पर खेलने के बावजूद भारत के शीर्ष बल्लेबाज विश्व कप में लगातार तीसरी बार अच्छा प्रदर्शन करने में नाकाम रहे और टीम गुरुवार को दक्षिण अफ्रीका से तीन विकेट से हार गई। प्रतीका रावल, स्मृति मंधाना, हरलीन देओल, कप्तान हरमनप्रीत कौर और जेमिमा रोड्रिग्स के जल्दी-जल्दी आउट होने के बाद भारत का स्कोर एक समय छह विकेट पर 102 रन था। इसके बाद घोष (94) ने पुछल्ले बल्लेबाजों के साथ मिलकर पारी को संभाला और भारत को 251 के स्कोर तक पहुंचाया, लेकिन दक्षिण अफ्रीका ने मुश्किल चुनौती का सामना करते हुए यह लक्ष्य हासिल कर लिया। घोष ने कहा, 'हमारे शीर्ष क्रम के सभी खिलाड़ी अच्छे बल्लेबाज हैं। एक मैच से उनका आकलन नहीं किया जा सकता।

# भारत के नाम रहा दिल्ली टेस्ट का पहला दिन, जायसवाल 173 रन बनाकर नाबाद

**टीम इंडिया ने वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले दिन 2 विकेट पर बनाए 318 रन**

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने अपने टेस्ट करियर का सातवां शतक जड़ा जबकि साई सुदर्शन ने भी अपने कौशल का अच्छा नमूना पेश करके टीम में अपनी उपयोगिता साबित की, जिससे भारत ने वेस्टइंडीज के आक्रमण की धज्जियां उड़ाते हुए दूसरे एवं अंतिम टेस्ट क्रिकेट मैच के पहले दिन शुक्रवार को दो विकेट पर 318 रन बनाए। शुभमन गिल ने कप्तान के रूप में पहली बार टॉस जीता और पहले बल्लेबाजी का फैसला किया, जिसका जायसवाल ने पूरा फायदा उठाया। पहले टेस्ट में बड़ा स्कोर बनाने से चूकने वाले जायसवाल दूसरे मौके को हाथ से जाने देने के मूड में नहीं थे और उन्होंने कुछ आकर्षक शॉट लगाए। वह 253 गेंदों पर 22 चौकों की मदद से 173 रन बनाकर खेल रहे हैं।



### तेज 3 हजार रन बनाने वाले दूसरे भारतीय बने

| | |
|---|---|
| सुनील गावस्कर | 69 पारी |
| यशस्वी जायसवाल | 71 पारी |
| सौरव गांगुली | 74 पारी |
| शुभमन गिल | 77 पारी |
| राहुल द्रविड़ | 78 पारी |
| पॉली उमरीगर | 79 पारी |
| विराट कोहली | 80 पारी |

**वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में सबसे ज्यादा बार 150 प्लस रनों की पारी खेलने वाले खिलाड़ी**

| | |
|---|---|
| जो रूट | - 8 बार |
| यशस्वी जायसवाल | - 5 बार |
| केन विलियमसन | - 5 बार |
| मार्नश लाबुशेन | - 5 बार |

### स्कोर बोर्ड

| भारत | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| जायसवाल नाटआउट | 173 | 253 | 22 | 0 |
| राहुल स्टं. मलाचा बो वारिकन | 38 | 54 | 5 | 1 |
| सुदर्शन पगबाधा वारिकन | 87 | 165 | 12 | 0 |
| शुभमन गिल नाटआउट | 20 | 68 | 3 | 0 |

अतिरिक्त : 00, कुल योग: 90 ओवर में 318/2 रन

**गेंदबाजी**

सील्स 16-1-59-0, फिलिप 13-2-44-0, ग्रीव्स 8-1-26-0, पियरे 20-1-74-0, वारिकन 20-3-60-2, चेज 13-0-55-0

### जायसवाल ने की विलियमसन और लाबुशेन की बराबरी

यशस्वी जायसवाल ने दिल्ली टेस्ट में अपना 7वां शतक लगाया तो वहीं जब उन्होंने अपनी पारी में 150 रनों का आंकड़ा पूरा किया तो उसी के साथ वह वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के इतिहास में सबसे ज्यादा बार एक पारी में 150 या उससे अधिक रन बनाने के मामले में केन विलियमसन और मार्नश लाबुशेन के बराबर संयुक्त रूप से दूसरे नंबर पर पहुंच गए हैं। जायसवाल की ये डब्ल्यूटीसी के इतिहास में 5वीं 150 या उससे अधिक रनों की पारी थी। इस मामले में पहले नंबर पर जो रूट काबिज है, जिन्होंने अब तक वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में 8 बार एक पारी में 150 प्लस रनों की पारी खेली है।

### शतक से चूके सुदर्शन, खेली 87 रन की पारी




सुदर्शन हालांकि अपना पहला टेस्ट शतक पूरा नहीं कर पाए। उन्होंने 165 गेंद का सामना करके 87 रन बनाए जिसमें 12 चौके शामिल हैं। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज का यह सर्वोच्च टेस्ट स्कोर है। सुदर्शन और जायसवाल ने दूसरे विकेट के लिए 193 रन जोड़कर वेस्टइंडीज के कमजोर आक्रमण की कलई खोलने में कोई कसर नहीं छोड़ी। दिन का खेल समाप्त होने के समय जायसवाल के साथ कप्तान शुभमन गिल 20 रन बनाकर खेल रहे थे।

### शुभमन ने टेस्ट में जीता पहला टॉस

राहित शर्मा के बाद शुभमन गिल को नया टेस्ट कप्तान बनाया गया था। इसके बाद उन्होंने इंग्लैंड दौरे पर पांच टेस्ट मैचों में कप्तानी की, जिसमें हर बार गिल टॉस हारे। फिर वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले टेस्ट में भी उन्हें टॉस हारना पड़ा। लेकिन अब जाकर उनकी टेस्ट कप्तानी में शुभ दिन आया, जहां दूसरे टेस्ट में वह टॉस जीतने में सफल हो पाए हैं। गिल टेस्ट में टॉस जीतने से पहले सबसे ज्यादा मैच खेलने के मामले में संयुक्त रूप से दूसरे नंबर पर हैं। गिल और न्यूजीलैंड के टॉम लैथम ने टेस्ट में पहला टॉस जीतने से पहले 6-6 मुकाबले खेले हैं। वहीं न्यूजीलैंड के बेवन कॉन्गडन ने टेस्ट में पहला टॉस जीतने से पहले कुल 7 मुकाबले खेले थे। अगर गिल दूसरे टेस्ट में टॉस हार जाते, तो वह बेवन की बराबरी कर लेते।

## क्लच शतरंज

### घड़ी पर नजर रखना भूले आनंद, गैरी बढ़त की ओर



**सेंट लुई।** भारतीय दिग्गज विश्वनाथन आनंद ने अपने चिर प्रतिद्वंद्वी गैरी कास्पारोव के खिलाफ कुछ महत्वपूर्ण मौके गंवाए, जिससे रूसी दिग्गज ने क्लच शतरंज लीजेंड्स में अपने बहुचर्चित मुकाबले के अंतिम दिन से पहले दो जीत और इतने ही ड्रॉ के साथ अपनी बढ़त पांच अंक तक पहुंचा दी। कास्पारोव भाग्यशाली रहे जो वह पहली बाजी जीतने में सफल रहे क्योंकि तब आनंद जीत की स्थिति में थे लेकिन वह घड़ी पर नजर रखना भूल गए, जिसका उन्हें खामियाजा भुगतना पड़ा। दिन के दो ब्लिट्ज गेम में कास्पारोव ने फिर से पहला गेम जीत लिया और 144,000 अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि वाली प्रतियोगिता के अंतिम दिन से पहले 8.5-3.5 से आगे हो गए। यह मुकाबला 12 बाजियों का है और इसमें अभी चार बाजियां खेली जानी बाकी हैं। आनंद के पास अब भी चैंपियन बनने का मौका है क्योंकि अंतिम दिन प्रत्येक बाजी में जीत हासिल करने वाले खिलाड़ी को तीन अंक मिलेंगे जबकि बाजी ड्रॉ होने पर अंक बंट जाएंगे।

#### दूसरा गेम संघर्ष के बाद रहा ड्रॉ

आनंद ने मैच के बाद कहा, 'पहले गेम में एक समय मेरे पास एक मिनट 26 सेकंड थे और फिर मुझे नहीं पता। मुझे दोबारा घड़ी देखनी चाहिए थी। मैं पूरी तरह से भूल गया।' दूसरा गेम कड़े संघर्ष के बाद ड्रॉ रहा, लेकिन आनंद तीसरा गेम भी हार गए। इस दिन प्रत्येक जीत दो अंकों के बराबर थी, जिससे कास्पारोव को पांच अंकों की बढ़त मिल गई। यह मैच का सबसे छोटा गेम था और केवल 18 चाल में समाप्त हो गया, क्योंकि आनंद से एक गलती हो गई और उन्होंने तुरंत ही हार मान ली।

## रोहित ने शिवाजी पार्क में की नेट प्रैक्टिस, 2 घंटे बहाया पसीना

एजेंसी ▶▶| मुंबई

रोहित शर्मा ने ऑस्ट्रेलिया दौरे से पहले मुंबई रणजी टीम के अपने पूर्व साथी अभिषेक नायर के साथ शिवाजी पार्क में लगभग दो घंटे तक अभ्यास किया। नायर कुछ समय पहले तक भारतीय टीम के बल्लेबाजी कोच भी थे। रोहित की जगह हाल ही में शुभमन गिल को भारतीय एकदिवसीय टीम का कप्तान नियुक्त किया गया है।

रोहित 19 अक्टूबर से पर्थ में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरू होने वाली तीन मैचों की श्रृंखला के दौरान वापसी करेंगे। ऑल हार्ट क्रिकेट अकादमी में इस अभ्यास सत्र के दौरान मुंबई के क्रिकेटर अंगकृष रघुवंशी और कुछ अन्य स्थानीय खिलाड़ी मौजूद थे। 38 साल के रोहित ने इस साल फरवरी में न्यूजीलैंड के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में भारत के लिए अपना पिछला मैच खेला था। भारत ने उनकी कप्तानी में 2024 में अमेरिका और वेस्टइंडीज में टी20 विश्व कप जीत के बाद चैंपियंस ट्रॉफी के रूप में लगातार दूसरा आईसीसी खिताब जीता था।



## वुहान ओपन में लगातार 20वीं बार जीती सबालेंका

एजेंसी ▶▶| वुहान

एरिना सबालेंका ने वुहान में अपनी जीत का सिलसिला 20 मैचों तक बढ़ाते हुए आठवीं वरीयता प्राप्त एलेना रयबाकिना को 6-3, 6-3 से हराकर डब्ल्यूटीए 1000-स्तरीय टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। अमेरिकी ओपन चैंपियन ने 2018, 2019 और पिछले साल चीन के इस शहर में वापसी पर वुहान ओपन का खिताब जीता था। शीर्ष रैंकिंग वाली सबालेंका ने एक घंटे 25 मिनट तक चले मैच में तीन बार रयबाकिना की सर्विस तोड़ी और इस सत्र में 11वीं बार सेमीफाइनल में प्रवेश किया।




**11वीं बार सेमीफाइनल में पहुंची एरिना**

### आसानी से सेमीफाइनल में पहुंची कोको

*तीसरी वरीयता प्राप्त कोको गाफ को भी अंतिम चार में पहुंचने के लिए ज्यादा मशक्कत नहीं करनी पड़ी। उन्होंने लॉरा सीजमंड पर 6-3, 6-0 की जीत के साथ लगातार दूसरे सेमीफाइनल में प्रवेश किया। अमेरिका की इस खिलाड़ी के सामने अंतिम चार मैच में विश्व रैंकिंग में दूसरे स्थान पर काबिज इगा स्वियातेक या जैस्मीन पाओलिनी की चुनौती होगी। सबालेंका के छठी वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला से भिड़ेंगी। पेगुला ने कैटरीना सिनियाकोवा के खिलाफ पहला सेट गंवाने के बावजूद 2-6, 6-0, 6-3 से जीत हासिल की।*

## आज से जोहोर कप

### भारत और ब्रिटेन में पहला मुकाबला

**जोहोर बाहरु।** भारतीय जूनियर हॉकी टीम शनिवार से शुरू होने वाले सुल्तान जोहोर कप में दमदार प्रदर्शन करके आगामी जूनियर विश्व कप के लिए अपनी तैयारी को पुख्ता अंजाम देने की कोशिश करेगी।



जोहोर कप में भारत का पहला मुकाबला शनिवार को ग्रेट ब्रिटेन से होगा। कोच श्रीजेश का मानना है कि सुल्तान जोहोर कप, 28 नवंबर से चेन्नई और मदुरै में होने वाले जूनियर विश्व कप से पहले सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के खिलाफ अपने कौशल को परखने के लिए युवा खिलाड़ियों को शानदार मंच प्रदान करेगा। भारत के दिग्गज गोलकीपर ने कहा, 'सुल्तान जोहोर कप हमारे लिए हमेशा से एक विशेष टूर्नामेंट रहा है।

**15 अक्टूबर से शुरू होगा रणजी ट्रॉफी, दिल्ली ने किया टीम का ऐलान**

## बडोनी को दिल्ली की कमान, नीतीश की टीम में वापसी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दिल्ली ने हैदराबाद के खिलाफ 15 अक्टूबर से शुरू होने वाले रणजी ट्रॉफी क्रिकेट मैच के लिए शुक्रवार को 24 सदस्यीय टीम की घोषणा की, जिसमें आयुष बडोनी को कप्तान और यश ढुल को उपकप्तान नियुक्त किया गया है। दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) की चयन समिति ने नीतीश राणा को भी टीम में शामिल किया है। राणा उत्तर प्रदेश के साथ कुछ समय तक खेलने के बाद दिल्ली की टीम में वापस आ गए हैं।

डीडीसीए सचिव अशोक शर्मा ने बताया, 'चयनकर्ताओं ने 24 खिलाड़ियों को इसलिए चुना है क्योंकि उन्हें लगता है कि इससे प्रत्येक मैच में चयन के लिए एक बड़ा पूल हमेशा उपलब्ध रहता है। जब हम दिल्ली में घरेलू मैच खेलेंगे, तो हम इसे घटाकर 15 कर देंगे।'



राणा की वापसी पर शर्मा ने कहा, 'वह एक अनुभवी खिलाड़ी हैं और चयनकर्ता उन्हें परखना चाहते थे। अगले मैच में हम ऋषभ पंत के खेलने की उम्मीद कर रहे हैं।

### लाल गेंद से खेलने के लिए पूरी तरह फिट नहीं राणा

*'डीडीसीए के एक अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि राणा लाल गेंद के प्रारुप में खेलने के लिए पूरी तरह फिट नहीं हैं। अधिकारी ने कहा, 'नीतीश राणा लाल गेंद से खेलने के लिए भी पूरी तरह फिट नहीं हैं, फिर भी उन्हें टीम में शामिल किया गया है।' भ्रष्टाचार निरोधक संहिता के अनुसार भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) केवल 15 खिलाड़ियों को ड्रेसिंग रूम में जाने की अनुमति देता है। इस बारे में पूछे जाने पर डीडीसीए के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, 'मैच के लिए चुने गए 15 खिलाड़ियों के अलावा अन्य नौ खिलाड़ी चार दिन टीम होटल में बिताएंगे।' यह भी पता चला है कि कोचिंग स्टाफ या चयन समिति में से किसी को भी अनुबंध नहीं दिया गया है।*

### मुंबई के कप्तान बने शार्दुल ठाकुर

**मुंबई।** शार्दुल ठाकुर को मुंबई का कप्तान नियुक्त किया गया जबकि सरफराज खान और अजिंक्य रहाणे को भी जम्मू कश्मीर के खिलाफ रणजी ट्रॉफी 2025-26 सत्र के पहले मैच के लिए 16 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया। ठाकुर को रहाणे की जगह मुंबई का कप्तान बनाया गया है, जिन्होंने नया सत्र शुरू होने से पहले अपना पद छोड़ दिया था। रणजी ट्रॉफी में 42 बार की चैंपियन मुंबई की टीम सत्र के अपने पहले मैच में 15 से 18 अक्टूबर तक श्रीनगर के शेर-ए-कश्मीर स्टेडियम में जम्मू-कश्मीर से भिड़ेगी। मुंबई को हिमाचल प्रदेश, दिल्ली, हैदराबाद, राजस्थान, छत्तीसगढ़ और पांडिचेरी के साथ एलीट ग्रुप डी में रखा गया है।

## एसीसी ऑफिस में बंद एशिया कप ट्रॉफी पीसीबी चीफ नकवी ने दिए सख्त निर्देश



एजेंसी ▶▶| लाहौर

एशिया कप ट्रॉफी को लेकर विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। अब कहा जा रहा है कि एशिया कप ट्रॉफी को एशियाई क्रिकेट परिषद के दुबई स्थित मुख्यालय में बंद कर दिया गया है। एसीसी प्रमुख मोहसिन नकवी ने निर्देश दिया है कि उनकी मंजूरी के बिना इसे स्थानांतरित या भारत को नहीं सौंपा जाना चाहिए। बता दें कि भारतीय टीम ने एशिया कप जीतने के बाद नकवी के हाथों ट्रॉफी लेने से इनकार कर दिया था। इसके बाद नकवी इसे अपने साथ ले गए थे और तभी से ये ट्रॉफी एसीसी कार्यालय में है। भारत ने 28 सितंबर को दुबई में एशिया कप फाइनल में पाकिस्तान को हराया था।

मोहसिन नकवी पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष और अपने देश के गृह मंत्री भी हैं। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव चरम पर है। वहीं नकवी के एक करीबी सूत्र ने बताया कि आज की स्थिति में ट्रॉफी दुबई में एसीसी कार्यालय में है और नकवी ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि उनकी मंजूरी और व्यक्तिगत उपस्थिति के बिना इसे किसी को नहीं सौंपा जाना चाहिए।

**हाईकोर्ट ने कहा**

प्राइवेट नर्सिंग कॉलेज ऑल इंडिया एसोसिएशन की याचिका में आरोप - गलत तथ्य पेश कर राज्य सरकार ने लिया पक्ष में फैसला

# विशेष परीक्षा के नोटिफिकेशन पर लगा सकते हैं अर्जेंट हियरिंग का आवेदन

हरिभूमि जबलपुर।



मप्र हाईकोर्ट में प्राइवेट नर्सिंग कॉलेज आल इंडिया एसोसिएशन ने जनहित याचिका दायर की है। इसमें आरोप लगाया गया है कि गलत तथ्य पेश कर राज्य सरकार ने हाईकोर्ट से अपने पक्ष में फैसला करवा लिया है। ऐसे छात्रों को भी जीएनएम की विशेष परीक्षा में बैठने की अनुमति दे दी गई है, जो सीबीआई की जांच में अनसुटेबल पाए गए हैं। इस आदेश को वापस लिया जाए। जस्टिस अतुल श्रीधरन व जस्टिस प्रदीप मित्तल की डिवीजन बेंच ने प्रारंभिक सुनवाई के बाद याचिकाकर्ता एसोसिएशन को कहा कि यदि इस दौरान विशेष परीक्षा की अधिसूचना जारी होती है, तो वे अर्जेंट हियरिंग का आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। मामले की सुनवाई 28 अक्टूबर को नियत की गई।

याचिकाकर्ता एसोसिएशन ने याचिका में कहा कि पूर्व में कुछ छात्रों की ओर से याचिका दायर कर कहा गया था कि उनके कॉलेज के निरीक्षण हो चुके हैं। इसमें उन कॉलेजों को क्लीन चिट भी मिल गई है। इसके बावजूद उन्हें जीएनएम की विशेष परीक्षा में शामिल नहीं किया जा रहा है । इस पर कोर्ट ने उक्त छात्रों को विशेष परीक्षा में बैठने की अनुमति दे दी थी। याचिका में कहा गया कि उक्त मामले में राज्य नर्सिंग काउंसिल की ओर से कोई आपत्ति नहीं जताई गई। ना ही यह बताया कि इन छात्रों में सीबीआई की जांच में अनसुटेबल पाए गए कॉलेजों के छात्र भी शामिल हैं। इसके चलते अनसुटेबल कॉलेजों के छात्रों को भी विशेष परीक्षा में बैठने की अनुमति मिल गई। तर्क दिया गया कि इस आदेश के चलते बिना शिक्षा व प्रैक्टिकल ज्ञान वाले छात्रों के नर्सिंग प्रोफेशन में आने की आशंका है। हाइकोर्ट के पूर्व आदेश को वापस लेने का आग्रह किया गया। यह भी कहा गया कि विशेष परीक्षा 10 अक्टूबर को ही होने वाली थी, लेकिन फिलहाल स्थगित कर दी गई है। कभी भी फिर से इसकी अधिसूचना हो सकती है।

## भोपाल रेल मंडल में लोको इंस्पेक्टर के पद पर नियुक्ति हाईकोर्ट के निर्णय के अधीन

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने भोपाल रेल मंडल में लोको इंस्पेक्टर के पद पर नियुक्ति को याचिका के अंतिम निर्णय के अधीन कर दिया है। याचिका में चयन प्रक्रिया में अनियमितता का आरोप लगाया गया है। जस्टिस अतुल श्रीधरन व जस्टिस प्रदीप मित्तल की डिवीजन बेंच ने अगली सुनवाई 29 अक्टूबर को नियत की।

भोपाल में पदस्थ राजीव मालवीय की ओर से अधिवक्ता अजय रायजादा एवं अंजना श्रीवास्तव ने पक्ष रखा। दलील दी गई कि रेलवे ने 28 नवंबर 2024 को लोको रनिंग सुपरवाइजरों के लिए चीफ लोको इंस्पेक्टर के पद पर चयन हेतु अधिसूचना जारी की थी। जनवरी 2025 को भोपाल मंडल ने पात्र एवं पात्र कर्मचारियों की सूची जारी की। याचिकाकर्ता का नाम ग्रेडेशन सूची में शामिल था। मार्च 2025 को रेल मंत्रालय एवं रेलवे बोर्ड के द्वारा एक पत्र जारी किया गया, जिसमें कहा गया कि चयन प्रक्रिया में अनियमितताएं हुई हैं, सभी चयन प्रक्रिया निरस्त की जाती हैं। बाद में पमरे ने उक्त पत्र की व्याख्या करते हुए सभी मंडल प्रबंधकों अर्थात जबलपुर भोपाल और कोटा को एक पत्र लिखा जिसमें उन्होंने कहा कि प्रक्रिया को जारी रखा जा सकता है। दलील दी गई कि नई प्रक्रिया जारी करने के लिए अधिसूचना जारी होने से एक साल या विशेष परिस्थिति में 6 माह का अंतराल होना चाहिए। कैट ने यह कहते हुए याचिका निरस्त कर दी कि याचिकाकर्ता का नाम पात्र एवं अपात्र सूची में नहीं है। इसलिए हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई।

## निशानेबाजी से जुड़े लोगों को हाईकोर्ट से राहत

**जबलपुर।** निशानेबाजी से जुड़े लोगों को हाईकोर्ट से राहत मिली है। मप्र हाईकोर्ट ने भोपाल कलेक्टर के उस आदेश के क्रियान्वयन पर रोक लगा दी जिसमें कलेक्टर ने निशानेबाजों का शस्त्र लाइसेंस रद्द कर दिया था और उन्हें 30 दिनों के भीतर अपने सभी लाइसेंस प्राप्त खेल हथियार बेचने कहा गया था। जस्टिस विशाल मिश्रा की सिंगल बेंच ने कलेक्टर भोपाल और नेशनल राइफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। भोपाल के सयैद अयान व अन्य की ओर से अधिवक्ता कासिम अली ने पक्ष रखा। तर्क दिया गया कि विचाराधीन हथियार विशेष रूप से प्रतिस्पर्धी निशानेबाजी स्पर्धाओं के लिए उपयोग किए जाते हैं। जबरन बिक्री से उनके करियर को अपूरणीय क्षति होगी। कोर्ट ने कहा कि याचिकाकर्ताओं को अपने हथियार बेचने के लिए मजबूर करने या हथियार जब्त करने के लिए उसके खिलाफ कोई कठोर कदम नहीं उठाया जाएगा।



खाद्य सुरक्षा विभाग की कार्रवाई, मिठाइयों के सैंपल जांचे गए

## दीपावली से पहले मिलावटखोरों पर शिकंजा, मावा-मिठाइयों की सघन जांच



**जबलपुर।** दीपावली त्योहार के मद्देनज़र जिले में खाद्य सामग्री की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन ने सख्ती बढ़ा दी है। कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा जिले भर में मावा, मिठाइयों और नमकीन के निर्माण और विक्रय केंद्रों पर निरीक्षण कर सैंपल एकत्र किए जा रहे हैं।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी देवेंद्र कुमार दुबे ने बताया कि निरीक्षण अभियान के तहत तिलहरी के श्री बीकानेर मिष्ठान्न भण्डार, सालीवाड़ा स्थित अन्नपूर्णा स्वीट्स, नौदरा ब्रिज के हीरा स्वीट्स, गोरखपुर की आरती स्वीट्स, विनोद किराना स्टोर, होम साइंस कॉलेज रोड के सुरेश एण्ड संस, कटंगी रोड स्थित बड़कुल स्वीट्स, धनगवां के मां होटल, और धनवंतरी नगर स्थित आनंदम स्वीट्स सहित कई प्रतिष्ठानों से मिठाई, नमकीन, हल्दी पाउडर व मावा के नमूने जांच के लिए लिए गए हैं। सभी नमूनों को राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला, भोपाल भेजा गया है। यदि कोई नमूना अमानक पाया जाता है, तो संबंधित खाद्य कारोबारियों के खिलाफ खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 के तहत कानूनी कार्रवाई की जाएगी। अभियान के दौरान व्यापारियों को स्वच्छता बनाए रखने और सुरक्षित खाद्य निर्माण की सख्त हिदायत दी गई है। अधिकारी श्री दुबे ने कहा कि त्योहारों के समय मिलावटखोरों पर निगरानी और भी तेज़ कर दी गई है ताकि उपभोक्ताओं को शुद्ध और गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री मिल सके।

एमपीएमसीसीएल ने 19 दवाओं को किया ब्लैकलिस्ट

## बच्चों को दी जाने वाली 5 दवाएं निकली खराब



**जबलपुर।** मध्यप्रदेश मेडिकल कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने घटिया गुणवत्ता के कारण इस साल अब तक 19 दवाओं को ब्लैकलिस्ट किया है। इनमें से 5 दवाएं ऐसी हैं जो बच्चों को दी जाती थीं, जिससे सरकारी अस्पतालों में बच्चों को दी जा रही दवाओं की गुणवत्ता को लेकर गंभीर चिंता पैदा हो गई है। इन ब्लैकलिस्ट दवाओं में पेरासिटामोल ड्रॉप्स, जेंटामाइसिन इंजेक्शन, थायमिन टैबलेट्स, मल्टीविटामिन टैबलेट्स और एस्कॉर्बिक एसिड (विटामिन सी) शामिल हैं। इन दवाओं का उपयोग आमतौर पर बुखार, दर्द, पोषण की कमी और संक्रमण जैसी समस्याओं में बच्चों को दिया जाता है।

मार्च 2025 में पेरासिटामोल ड्रॉप्स को गुणवत्ता परीक्षण में असफल पाए जाने के बाद प्रतिबंधित किया गया था। वहीं, जेंटामाइसिन इंजेक्शन (40 एमजी/एमएल), जो आंखों और बैक्टीरियल संक्रमण के इलाज में प्रयुक्त होती थी, को अक्टूबर 2025 में ब्लैकलिस्ट किया गया। थायमिन टैबलेट्स आईपी 100 एमजी, जो बच्चों में विटामिन बी1 की कमी दूर करने के लिए दी जाती थीं, जनवरी 2025 में बाजार से हटाई गईं। मल्टीविटामिन टैबलेट्स, जिनमें बी-कॉम्प्लेक्स और विटामिन सी शामिल हैं, मई माह में गुणवत्ता जांच में फेल पाई गईं। वहीं एस्कॉर्बिक एसिड (विटामिन सी 100 एमजी), जो बच्चों की इम्युनिटी बढ़ाने के लिए दी जाती थी, को मई 2025 में ही ब्लैकलिस्ट किया गया।

एमपी खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने भी बच्चों के लिए दी जाने वाली दवाओं की गुणवत्ता को लेकर जांच का दायरा बढ़ा दिया है। हाल ही में बच्चों में प्रतिकूल दवा प्रतिक्रिया की रिपोर्टों के बाद यह कार्रवाई की गई है। खाद्य एवं औषधि प्रशासन के अधिकारी ने बताया कि जिन दवाओं के नमूने फेल पाए गए हैं, उन्हें तुरंत प्रतिबंधित कर दिया गया है। वहीं, विशेषज्ञों का कहना है कि यह स्थिति दवा नियंत्रण प्रणाली की गंभीर खामियों की ओर इशारा करती है। साथ ही सवाल उठाया है कि सरकार को प्रतिबंधित दवाओं वाली कंपनियों की भी जांच करने की पहल करनी चाहिए। इससे गड़बडियां पर रोक लगेगी। बता दें छिंदवाड़ा की घटना के बाद दवाओं की गुणवत्ता को लेकर सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है।

## महाराष्ट्र स्कूल के पास से ई रिक्शा चोरी

**जबलपुर।** लार्डगंज थाना अतंर्गत महाराष्ट्र स्कूल की गली आईसीआईसीबैंक के सामने खड़ा ई रिक्शा अज्ञात चोर चोरी कर ले गया। लार्डगंज पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार नर्मदा नगर गोहलपुर निवासी 40 वर्षीय गोविंद कोष्टा अपनी पत्नी व बच्चों के साथ दशहरा देखने गया था उसने अपना ई रिक्शा लगभग रात 10 बजे महाराष्ट्र स्कूल वाली गली में आईसीआईसी बैंक के सामने लगाया था। रात लगभग 10.30 बजे दशहरा देखकर वापस आया तो उसके होश उड़ गए, उसका ई रिक्शा क्रमांक एमपी 20 जेड डब्ल्यू 5733 अज्ञात चोर चोरी कर ले गया। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 303(2) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

ग्रामीण जान सकेंगे कि मनरेगा के अंतर्गत किस काम का हुआ कितना भुगतान

## क्यूआर कोड से मनरेगा के कार्यों में कसावट पारदर्शिता के साथ भ्रष्टाचार पर भी लगेगी लगाम



**जबलपुर।** महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए अब सभी ग्राम पंचायतों के लिए विशेष क्यूआर कोड तैयार कर लिए गए हैं। इन कोड को पंचायत भवन और प्रमुख स्थानों पर चस्पा किया जा रहा है। ग्रामीण अपने मोबाइल से इन कोड को स्कैन कर मनरेगा के पिछले तीन वर्षों में हुए सभी स्वीकृत और प्रगतिरत कार्यों की पूरी जानकारी आसानी से प्राप्त कर सकेंगे।

अक्सर मनरेगा के कार्यों में पारदर्शिता के अभाव और भ्रष्टाचार के आरोप लगाते रहते हैं। जानकारी जिला स्तर के अधिकारियों तक भी नहीं पहुंच पाती, लेकिन अब क्यूआर के अस्तित्व में आ जाने के बाद कोई भी सामान्य ग्रामीण कार्यों की पूरी जानकारी अपने स्तर पर प्राप्त कर सकेगा। इसकी शिकायत भी उच्च अधिकारियों तक की जा सकेगी। अधिकारी खुद भी कह रहे हैं कि सुशासन की दिशा में यह महत्वपूर्ण कदम है। जिसके परिणाम जल्द दिखेंगे।

### जनता के लिए उपयोगी, तुरंत मिलेगी जानकारी

यह व्यवस्था मनरेगा कार्यों को जनता के लिए पूरी तरह पारदर्शी और सुलभ बनाने की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम है। क्यूआर कोड से मिलने वाली प्रमुख जानकारी में पिछले तीन वर्षों में गांव में मनरेगा के अंतर्गत स्वीकृत कार्यों की सूची, प्रत्येक कार्य पर स्वीकृत राशि एवं व्यय का विस्तृत विवरण, प्रगतिरत कार्यों की स्थिति, जॉब कार्डधारियों की कुल एवं सक्रिय संख्या, 100 दिनों का कार्य पूरा करने वाले श्रमिकों की जानकारी सृजित कुल मानव दिवस और व्यय राशि आदि की जानकारी मोबाइल से मिल सकेगी। क्यूआर कोड को स्कैन करते ही पूरी जानकारी इंटरनेट के माध्यम से मिल जाएगी। प्रत्येक ग्राम पंचायत के लिए एक यूनिक क्यूआर कोड तैयार किया गया है।

### ग्रामीणों को सीधे निगरानी का मिलेगा अधिकार

अधिकारियों ने बताया कि यह पहल ग्रामीणों को योजनाओं की सीधे निगरानी का अधिकार देती है। अब ग्रामीण स्वयं देख सकेंगे कि उनके गांव में हुए विकास कार्यों पर कितना धन खर्च हुआ और किस स्तर पर उपयोग किया गया। इससे अनियमितताओं पर रोक लगेगी और योजनाओं पर जनता का भरोसा मजबूत होगा। यह प्रणाली न केवल पारदर्शिता सुनिश्चित करती है, बल्कि ग्रामीणों को सशक्त सहभागी भी बनाती है। अब वे केवल दर्शक नहीं, बल्कि अपने गांव के विकास की प्रत्यक्ष निगरानी करने वाले बनेंगे।

## भोपाल-दमोह एवं कोटा- मंदसौर के मध्य चलने वाली ट्रेनों में की स्थाई तौर पर कोच की वृद्धि



**जबलपुर।** रेलवे द्वारा यात्री सुविधा एवं मांग को देखते हुए स्थाई/अस्थाई तौर पर अतिरिक्त कोच लगाए जाते है। इसी कड़ी में पश्चिम मध्य रेल पर अतिरिक्त यात्री यातायात को देखते हुए यात्रियों की सुविधा हेतु भोपाल-दमोह-भोपाल राज्यरानी एक्सप्रेस में एक सामान्य श्रेणी कोच के स्थान पर एक तृतीय श्रेणी वातानुकूलित कोच एवं कोटा-मंदसौर-कोटा एक्सप्रेस में एक वातानुकूलित द्वितीय सह तृतीय श्रेणी, दो शयनयान श्रेणी के स्थान पर एक वातानुकूलित चेयरकार कुर्सीयान, दो सामान्य श्रेणी का स्थायी रूप से लगाने का निर्णय लिया है।

1) गाड़ी संख्या 22161 भोपाल-दमोह राज्यरानी एक्सप्रेस में 13 अक्टूबर 2025 से लगेगा।
2) गाड़ी संख्या 22162 दमोह-भोपाल राज्यरानी एक्सप्रेस में 14 अक्टूबर 2025 से लगेगा।
परिवर्तन के बाद स्थाई कोच संरचना- उपरोक्त दोनों ट्रेनों में 1 थर्ड एसी, 1 एसी चेयरकार, 6 द्वितीय चेयरकार, 5 सामान्य श्रेणी एवं 2 एसएलआरडी सहित कुल 15 कोच होंगे।
3) गाड़ी संख्या 19816 कोटा-मंदसौर एक्सप्रेस में 11 दिसंबर 2025 से लगेगा।
4) गाड़ी संख्या 19815 मंदसौर-कोटा एक्सप्रेस में 11 दिसंबर 2025 से लगेगा।
परिवर्तन के बाद स्थाई कोच संरचना- उपरोक्त दोनों ट्रेनों में 1 एसी चेयरकार, 2 स्लीपर क्लास, 6 सामान्य श्रेणी एवं 2 एसएलआरडी सहित कुल 11 कोच होंगें।

## कार ने बाईक को टक्कर मारी, 3 घायल

**जबलपुर।** कटंगी थाना अतंर्गत पौड़ी के आगे रोड किनारे बाईक में बैठकर बात कर रहे तीन युवकों को एक कार ने पीछे से टक्कर मार दी। तीनों घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कटंगी पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार शांतिनगर दमोहनाका गोहलपुर निवासी 43 वर्षीय बिनीत श्रीवास्तव अपने बड़े भाई विकास श्रीवास्तव और भाई के पहचान के देवेन्द्र लोधी, जमील शाह, समीर शाह के साथ सोयाबीन की कटाई के लिये दो बाईक से कटंगी आये थे। रात लगभग 8 बजे पौडी के आगे रूके एवं रोड किनारे खड़े होकर बात करने लगे, तभी कटंगी की ओर से आ रही कार एमपी 17 सीए 5301 के चालक ने तेज गति से चलाते हुये रोड किनारे मोटर सायकिल मे बैठे देवेन्द्र, जमील व विकास को पीछे से टक्कर मार दी जिससे तीनों को चोटे आ गयी, वहीं कार चालक जबलपुर की ओर भाग गया। बिनीत ने तीनों को उपचार हेतु जबलपुर भिजवाया है। पुलिस ने आरोपी कार चालक के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 281, 125 ए बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## शातिर बदमाश पिस्टल कारतूस के साथ गिरफ्तार

**जबलपुर।** गोहलपुर पुलिस ने पंचशील स्कूल के पास रद्दी चौकी में पिस्टल लेकर घूम रहे एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके पास से 1 पिस्टल और 1 कारतूस जब्त की है। गोहलपुर थाना प्रभारी रीतेश पांडे ने बताया कि गत रात मुखबिर की सूचना पर पंचशील स्कूल के पास रद्दी चौकी में अपराध करने की नीयत से घूम रहे अजीजगंज पसियाना गोहलपुर निवासी 24 वर्षीय जुबेर खान को गिरफ्तार कर उसके पास से 1 पिस्टल और 1 कारतूस जब्त की है। उल्लेखनीय है कि पकडा गया आरोपी जुबेर खान अपराधी प्रवृत्ति का है जिसके विरूद्ध थाना गोहलपुर में अवैध वसूली, मारपीट, चोरी, आर्म्स एक्ट के 7 अपराध पंजीबद्ध है। पुलिस ने आरोपी जुबेर खान के विरूद्ध धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240

### मुख्यमंत्री बाल श्रवण योजना में भ्रष्टाचार के आरोप से जुड़ा मामला

# हाई कोर्ट के हस्तक्षेप पर आठ लाख 96 हजार की रिकवरी का आदेश

## राशि जमा न करने पर होगी एफआइआई, बर्खास्तगी की भी चेतावनी

जबलपुर ।

मप्र हाईकोर्ट के हस्तक्षेप पर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, मध्य प्रदेश ने जिला प्रबंधक सुभाष शुक्ला के विरुद्ध आठ लाख 96 हजार की रिकवरी का आदेश जारी किया। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की डिवीजन बेंच ने इस संबंध में निर्देश दिए थे।इस सिलसिले में शिवसेना के प्रदेश उपाध्यक्ष शैलेंद्र बारी की ओर से याचिका दायर की गई थी।

याचिकाकर्ता के अधिवक्ता अमिताभ गुप्ता ने कोर्ट को अवगत कराया था कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, जबलपुर में पदस्थ राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के जिला प्रबंधक सुभाष शुक्ला ने दिव्यांग बच्चों का उपचार कराए बिना ही भोपाल की संस्था दिव्या ईएनटी को हितग्राही बच्चों के माता-पिता के फर्जी हस्ताक्षर कर आठ लाख 96 हजार रुपये लाख का भुगतान करा दिया था। जिस पर महालेखाकार आडिट में यह तथ्य उजागर हुआ कि जबलपुर में मुख्यमंत्री बाल श्रवण योजना में जन्मजात बहरे दिव्यांग बच्चों में



सुनने की क्षमता विकसित करने के लिए उनकी काकलियर इंप्लांट आपरेशन के बाद की जाने वाली थेरेपी करवाए बिना ही संस्था को भुगतान किया गया।

प्रकरण की सुनवाई के दौरान शासकीय अधिवक्ता ने अवगत कराया था कि सक्षम प्राधिकारी ने पहले ही कार्रवाई शुरू कर दी है। लिहाजा, कार्रवाई के संबंध में शपथ पत्र पेश करने समय दिया जाए। इसके उपरांत मिशन संचालक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन डा. सलोनी सिडाना ने मामले की जांच पहले संभाग स्तरीय जांच दल से और बाद में राज्य स्तरीय दल से कराई। इन दोनों जांचों में आरोप सही पाया गया। साफ हो गया कि महालेखाकार अंकेक्षण द्वारा 2019 में दी गई रिपोर्ट आपत्ति को नजरअंदाज कर अपने पदीय उत्तरदायित्व का निर्वहन न करते हुये बिना परीक्षण के शुक्ला ने भुगतान हेतु नस्ती अग्रेषित की व भुगतान की नस्ती में तत्कालीन प्रभारी जिला कार्यक्रम प्रबंधक द्वारा की गई आपत्ति का निराकरण किए बिना आठ लाख 96 हजार का अनियमित भुगतान कराया गया। जिसके बाद मनोज कुमार सरियाम अपर मिशन संचालक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन भोपाल द्वारा 24 सितंबर, 2025 के आदेश द्वारा सुभाष शुक्ला को दोषी मानते हुए रिकवरी की कार्यवाही का आदेश जारी किया गया। 21 दिन की समयसीमा में राशि सरकारी खाते में जमा न करने पर एफआइआर दर्ज कर सेवा से बर्खास्तगी की कार्यवाही की चेतावनी दी गई। इसके अतिरिक्त सख्त कार्यवाही करते हुए मिशन संचालक द्वारा हाई कोर्ट में कैविएट दाखिल करने की सूचना हेतु शुक्ला को पत्र भी जारी कर दिया।

## हज यात्रा के नाम पर धोखाधड़ी पर कारावास व जुर्माना

**अदालत का फैसला**

जबलपुर। प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी रवींद्र कुमार धुर्वे की अदालत ने हज यात्रा के नाम पर धोखाधड़ी के आरोपी जबलपुर निवासी शमीम अंसारी व मोहम्मद गफ्फार का दोष सिद्ध पाया। कोर्ट ने दोनों को दो-दो वर्ष के कारावास की सजा सुनाई। साथ ही एक-एक हजार रुपये जुर्माना लगाया।अभियोजन की ओर से सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी कांता मरावी ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि फरियादी सरदार हकीम बाबा के द्वारा पुलिस थाना गोहलपुर में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें कहा था कि वे इस अपनी पत्नी शमीम बानो के साथ अन्य लोगो एवं उनके परिवार वालों के साथ हज पर जाने को तैयार थे। हज पर जाने के लिए अधारताल निवासी आरोपितों ने, जो कि एजेंट हैं, अपने विश्वास में लिया। प्रति व्यक्ति दो लाख 90 हजार का खर्च बताया। पैकेज को विस्तार से समझाया। राशि हैदाराबाद निवासी मोहम्मद अरशद के खाते में जमा करने कहा गया। तीन चेकों के जरिए तीन लाख 80 हजार जमा किए गए। एक लाख 80 हजार की एनएफडी किया गया। इसी तरह अन्य खाता नंबर देकर राशि जमा कराई गई। पासपोर्ट आरोपियों ने ले लिए। इसके बावजूद हज यात्रा पर नहीं भेजा। जब वीजा व अन्य कागजात मांगे गए तो बहानेबाजी शुरू कर दी गई। अरशद का दफ्तर बंद मिला। इससे साफ हो गया कि धोखाधड़ी की गई है। कुल 69 लाख 60 हजार जमा कराकर हज यात्रा से वंचित किया गया। इस रवैये की थाने में शिकायत की गई। लिहाजा, पुलिस ने अपराध कायम कर लिया।

### लम्हेटा बायपास पर भीषण सड़क हादसा

# तेज रफ्तार डंपर ने छीनी मां-बेटी की जिंदगी

### बरगी जा रहे परिवार की बाइक को मारी टक्कर, चालक गंभीर घायल, आरोपी फरार

हरिभूमि, जबलपुर।

जिले में शनिवार को एक दिल दहला देने वाला सड़क हादसा सामने आया। तिलवारा थाना क्षेत्र के लम्हेटा बायपास पर तेज रफ्तार हाइवा डंपर ने एक बाइक को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे 25 वर्षीय महिला और उसकी एक साल की मासूम बेटी की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा इतना भयावह था कि टक्कर लगते ही बाइक के परखच्चे उड़ गए और मां-बेटी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार परिवार बरगी की ओर जा रहा था, तभी लम्हेटा बायपास के पास पीछे से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने उन्हें रौंद दिया। हादसे में बाइक चला रहा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है, जिसकी हालत नाजुक बताई जा रही है। राहगीरों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी।



### पुलिस ने पहुंचाकर कराई मदद

सूचना मिलते ही तिलवारा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायल युवक को 108 एम्बुलेंस की मदद से इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल भिजवाया गया। पुलिस ने दोनों मृतकों के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### तेज रफ्तार बनी कारण

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार डंपर की रफ्तार बहुत तेज थी और टक्कर के बाद चालक वाहन को छोड़कर मौके से फरार हो गया। हादसे के बाद बायपास पर कुछ देर के लिए आवागमन बाधित रहा।

### डंपर चालक की तलाश जारी

टीआई बृजेश मिश्रा ने बताया कि मृतका और बच्ची की पहचान की जा रही है। घटनास्थल से डंपर का नंबर और टायर के निशान मिले हैं, जिनके आधार पर पुलिस ने फरार चालक की तलाश शुरू कर दी है।

### भारी वाहनों की आवाजाही

स्थानीय लोगों का कहना है कि लम्हेटा बायपास क्षेत्र में भारी वाहनों की तेज रफ्तार और लापरवाह ड्राइविंग आए दिन हादसों को न्योता दे रही है। ग्रामीणों ने प्रशासन से क्षेत्र में स्पीड ब्रेकर लगाने और रात्रिकालीन निगरानी बढ़ाने की मांग की है।

# विसर्जन यात्रा में करंट से मौतों पर आयोग ने कलेक्टर से मांगा जवाब

जबलपुर।

शहर के गोरा बाजार थाना अंतर्गत टेमर भीटा क्षेत्र में गत दिनों दशहरा के बाद एक महाकाली प्रतिमा के विसर्जन जुलूस में 11 के वी बिजली की हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से दो लोगों की मृत्यु होने तथा 15 लोगों के झुलस जाने की बड़ी घटना सामने आई है। प्रतिमा के पीछे सजावट के लिये लगाये गये लोहे के पाइप में बंधा छत्र बिजली के करंट को आकर्षित कर लिया जिससे करंट वाहन से होते हुए गीली सड़क में फैल गया था। करंट की चपेट में आने से अखिलेश विश्वकर्मा (30) तथा निखिल पटेल (40) की मौके पर ही मृत्यु हो गई और अन्नू पटेल, माखन चौधरी, हर्ष पटेल, नीलेश सहित 15 अन्य लोग करंट से झुलस कर गंभीर रूप से घायल हो गये थे, जिन्हें उपचार के लिये अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दर्दनाक घटना से भगदड़ मच गई थी और क्षेत्र में दहशत फैल गई थी। मप्र मानव अधिकार आयोग की क्षेत्रीय कार्यालय प्रभारी फरजाना मिर्जा ने बताया कि समाचार पत्रों में प्रकाशित समाचार के आधार पर मामले में संज्ञान लेकर मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग की मुख्यपीठ भोपाल में प्रकरण पर सुनवाई करते हुए, सदस्य डॉ. अवधेश प्रताप सिंह की एकलपीठ जनहित में मानव अधिकारों के हनन का मामला मानकर, जबलपुर के कलेक्टर से मामले की जांच कराकर की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन दो सप्ताह में मांगा है।

## पोषण पर हुआ संवाद

जबलपुर। महिला एवं बाल विकास मंत्री सुनिर्मला भूरिया ने 09 अक्टूबर से 10 अक्टूबर 2025 को जबलपुर प्रवास के दौरान बाल देखरेख संस्थानों के केयर लीवर्स से चर्चा की। शासकीय बाल गृह संप्रेक्षण ग्रह जबलपुर का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए तथा महिला एवं बाल विकास जबलपुर के विभागीय अमले के साथ समीक्षा बैठक का आयोजन कर योजनाओं के सतत क्रियान्वयन के निर्देश दिए। उन्होंने पोषण अभियान के संबंध में संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिये। इसके पूर्व जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास ने जागृति बाल गृह में आयोजित संवाद के दौरान प्रेजेन्टेशन के माध्यम से विस्तृत जानकारी दी। संयुक्त संचालक महिला एवं बाल विकास ने भी संभाग में चल रही विभागीय गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर मंत्री सुभूरिया ने पोषण अभियान पुस्तिका का विमोचन कर जागृति सेन्टर बाल ग्रह का निरीक्षण कर परिसर में पौधारोपण भी किया। कार्यक्रम के दौरान संभागीय महिला एवं बाल विकास अधिकारी श्रीमती उषा सोलंकी, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास सौरभ सिंह सहित सभी विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

# इस बार जम्बो जेट नहीं होगी कांग्रेस की कार्यकारिणी

## इसी माह घोषणा की संभावना, दिवाली तक तय होंगे ब्लॉक अध्यक्षों के नाम

जबलपुर।

कांग्रेस संगठन को नई दिशा और मजबूती देने के लिए जबलपुर जिला कांग्रेस ने व्यापक पुनर्गठन की तैयारी शुरू कर दी है। पार्टी के "संगठन सृजन अभियान" के तहत अब शहर और ग्रामीण दोनों कार्यकारिणियों में बड़ा बदलाव होने जा रहा है। रायशुमारी का दौर पूरा हो चुका है और पूरी नगर कार्यकारिणी की घोषणा इसी माह होने की संभावना है। बताया जा रहा है की अब तक जबलपुर कांग्रेस की जिला कार्यकारिणी "जम्बो" आकार की हुआ करती थी, जिसमें 300 से अधिक पदाधिकारी और सदस्य तक शामिल रहते थे। लेकिन इस बार पार्टी ने संगठन को अधिक प्रभावी और सक्रिय बनाने के उद्देश्य से इसकी संख्या घटाने का निर्णय लिया है। नई संरचना में अधिकतम 75 पदाधिकारी होंगे, जिसमें 10 उपाध्यक्ष, 15 महामंत्री, 20 सचिव, बाकी सदस्य कार्यकारिणी में शामिल किए जाएंगे। कांग्रेस सूत्रों के अनुसार, यह निर्णय संगठन को फुर्तीला, जिम्मेदार और जमीनी स्तर पर सक्रिय बनाने के लिए लिया गया है।

### दिवाली तक तय होंगे ब्लॉक अध्यक्ष

ब्लॉक स्तर पर रायशुमारी की प्रक्रिया लगभग पूरी हो चुकी है। कुछ ब्लॉकों में नए चेहरे सामने आए हैं, जबकि कुछ स्थानों पर पूर्व अध्यक्षों को दोबारा जिम्मेदारी दिए जाने की संभावना है। पार्टी नेतृत्व ने स्पष्ट संकेत दिए हैं कि दिवाली तक ब्लॉक अध्यक्षों के नाम घोषित कर दिए जाएंगे, जबकि जिला और ग्रामीण कार्यकारिणी का गठन नवंबर के पहले सप्ताह में पूरा किया जाएगा।

### संगठन में नई ऊर्जा भरने की तैयारी

कांग्रेस नेतृत्व का मानना है कि यह पुनर्गठन संगठन में नई ऊर्जा, समन्वय और जवाबदेही लाएगा। सीमित लेकिन सक्रिय कार्यकारिणी से न केवल निर्णय लेने की प्रक्रिया तेज होगी बल्कि संगठनात्मक कार्यों में पारदर्शिता और परिणामकारी गति भी आएगी। संभावना है कि अक्टूबर के अंतिम सप्ताह तक नई नगर कार्यकारिणी की घोषणा कर दी जाएगी, जिससे नवंबर की शुरुआत में नए पदाधिकारी अपनी जिम्मेदारियां संभाल सकें।



# मानसून की आधिकारिक तौर पर हुई विदाई, लेकिन छाए रहे बादल

**धीरे-धीरे करवट बदल रहा मौसम**

जबलपुर।

मानसून सीजन के 10 दिन बीतने के बाद शुक्रवार को जबलपुर से दक्षिण पश्चिम मानसून की आधिकारिक तौर पर विदाई हो गई। मौसम विभाग ने इसकी घोषणा कर दी। मानसून की विदाई के बाद भी शुक्रवार को दिन भर बादल छाए रहे. जिसकी वजह से करवा चौथ की व्रतधारी महिलाओं को चंद्रोदय के लिये इंतजार करना पड़ा। मौसम भी अब धीरे धीरे करवट बदल रहा है। दिन में गर्मी और रात में ठंड होने लगी है। दिन और रात के तापमान में भी गिरावट आई है।

रात में उत्तरी हवायें ठंड का एहसास कराने लगी है। अब दिन में धूप भी कुनकुनी लगने लगी है।

स्थानीय मौसम विज्ञान केन्द्र से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले दिनों से उत्तर-पूर्वी हवाओं ने अपना प्रभाव जमा लिया है। रात में हवाओं की रफ्तार तेज होने से ठंड का एहसास होने लगा है और इसी कारण से रात के तापमान में गिरावट भी आने लगी है। पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 29.0 डिग्री सेल्सिय सामान्य से 3 डिग्री कम दर्ज किया गया। न्यूनतम तापमान 21.0 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 1 डिग्री कम रहा। हवा में नमी प्रातःकाल 81 प्रतिशत और सायंकाल 59 प्रतिशत आंकी गई। सूर्योदय सुबह 6.6 मिनिट पर और सूर्यास्त शाम 5.48 मिनिट पर हुआ। उत्तर पूर्वी हवाएं ४ किलो मीटर प्रति घण्टे की रफ्तार से चलीं। गत वर्ष आज के दिन अधिकतम तामपान 33.01 डिग्री और न्यूनतम तापमान 23.0 डिग्री रिकार्ड किया गया। मौसम विभाग के मुताबिक अगले 24 घंटों के दौरान मौसम आमतौर पर शुषक रहने की संभावना है।

# दवा विक्रेता सतर्क, आमजन को कर रहे जागरुक

### जहरीले कफ सिरप कांड के बाद मेडीकल स्टोर्स में चेतावनी के पोस्टर्स लगे

जबलपुर।

हाल ही में जहरीले कफ सिरप पीने से कई मासूम बच्चों की मौत के बाद अब जबलपुर में दवा विक्रेताओं ने खुद आगे आकर लोगों को जागरूक करने की पहल शुरू की है। सरकार और जिला प्रशासन की सख्त कार्रवाई के बीच अब शहर के मेडिकल स्टोर्स में चेतावनी वाले पोस्टर लगाए जा रहे हैं, जिनमें साफ लिखा है – "2 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को सर्दी-खांसी की दवाइयों का विक्रय नहीं किया जाता।" ड्रग एंड केमिस्ट एसोसिएशन के आव्हान पर शहरभर के दवा विक्रेताओं ने अपने मेडिकल स्टोर्स के बाहर जागरूकता पोस्टर चिपकाए हैं। इन पोस्टर्स में लोगों से अपील की गई है कि वे बिना डॉक्टर की सलाह के बच्चों को कोई भी कफ सिरप या दवा न दें। इसके अलावा दुकानदारों से कहा गया है कि वे केवल वैध चिकित्सीय प्रिसक्रिप्शन पर ही बच्चों के लिए दवाएं दें।

ड्रग एवं केमिस्ट संघ के सचिव ने बताया कि संगठन ने सभी थोक और खुदरा दवा विक्रेताओं से यह सुनिश्चित करने को कहा है कि बाजार में प्रतिबंधित या संदिग्ध कफ सिरप किसी भी सूरत में न बेचे जाएं। जबलपुर केमिस्ट एसोसिएशन के सचिव राहुल बॉबी जायसवाल ने कहा कि इस दर्दनाक घटना के बाद पूरा केमिस्ट संगठन बच्चों की सुरक्षा के लिए एकजुट है। उन्होंने कहा – "हम विक्रेता हैं, निर्माता नहीं। हमारे पास जो दवाएं निर्धारित बैच नंबर के साथ आती हैं, हम वही बेचते हैं। उत्पादन और गुणवत्ता नियंत्रण हमारी जिम्मेदारी नहीं होती, लेकिन अब हम खुद भी सजगता बढ़ाने की दिशा में काम कर रहे हैं।"

### संदेश साफ – बच्चों की सुरक्षा पहले

जबलपुर में यह अभियान तेजी से फैल रहा है। मेडिकल स्टोर्स के पोस्टर आमजन को सतर्क कर रहे हैं कि बिना डॉक्टर की सलाह कोई भी दवा, विशेषकर 4 साल से कम उम्र के बच्चों को, न दी जाए। दवा विक्रेताओं का कहना है कि अब समय है कि लोग भी सतर्क हों और बच्चों के स्वास्थ्य को लेकर कोई जोखिम न उठाएं।

### प्रशासन और औषधि विभाग भी कर रहे जांच

वहीं जिला प्रशासन और खाद्य एवं औषधि विभाग की टीम लगातार मेडिकल स्टोर्स की जांच में जुटी हुई है। संदिग्ध दवाइयों के सैंपल लिए जा रहे हैं और बच्चों के उपयोग में आने वाले सिरप की गुणवत्ता पर विशेष निगरानी रखी जा रही है।

### दहेज के लिये प्रताड़ित करने वालो के विरूद्ध प्रकरण दर्ज

जबलपुर। गोहलपुर थाना अतंर्गत अमखेरा रोड म.नं. 20 गली 04 गोहलपुर में एक महिला ने अपने पति, सास, जेठ व जेठानी के खिलाफ दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज कराया है। गोहलपुर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम गिदुरहा कुम्ही थाना मझगवा निवासी 27 वर्षीय प्रशा पटेल अमखेरा रोड म.न. 20 गली 04 निवासी 30 वर्षीय विकास पटेल से 2024 में हुई थी। विवाह के कुछ समय बाद से ही उसके माता पिता एवं परिवार वालों को पति विकास पटेल, सास शकुन बाई पटेल, जेठ अचल पटेल, जेठानी दीपाली कुशवाहा सभी ताना मारते हुए दहेज में कुछ नहीं दिया है कहते हुए आये दिन गाली गलौज करते एवं पति मारपीट करते है और कार के लिए 2 लाख रुपए की मांग करते है। उसके कहने पर उसके माता पिता ने 2 लाख रूपये कार के लिये पति विकास को दिये थे, पति विकास ने उन रूपयों से कार खरीदी, उसके बाद भी पति व ससुराल वालो में कोई सुधार नहीं हुआ। मायके से 5 लाख रूपये लाने कहते हुए उसे तलाक देने व दूसरी शादी करने की धमकी देते है। दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर उसे घर से बाहर निकाल दिया, फिर कुछ दिन बाद पति ने किराये का कमरा लेकर उसे अपने साथ रखा। जब प्रशा ने अपने पति से पूछा कि तुमने अपने भाई के नाम पर कार क्यो खरीदी है, इस बात को लेकर पति ने वाद विवाद किया और गत सुबह 8.30 बजे पति ने विवाद करते हुये अपने मायके वालों से 5 लाख रूपये लाकर देने का कहते हुए उसे किराये के मकान अमखेरा सुशीला परिसर में ही छोड कर चला गया। उसके परिवार के द्वारा ससुराल वालो से कई बार आपसी परिवारिक बातचीत करने का प्रयास किया गया परन्तु ससुराल वालो के व्यवहार में कोई परिवर्तन नहीं आया। सास से बात करने पर सास ने उसे रखने से मना कर दिया और वहाँ से भगा दिया। पुलिस ने प्रशा की लिखित शिकायत पर आरोपियो के विरुद्ध धारा 85, 351(3) बी एन एस एवं धारा 3, 4 दहेज प्रतिषेध अधिनियम का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।




# श्रीवनमाली सप्रे स्मृति शास्त्रीय संगीत महोत्सव आज शाम को

**जबलपुर**। आज शनिवार 11 अक्टूबर को सायं 06:30 बजे से स्थानीय शहीद स्मारक भवन, गोलबाजार में द्वितीय वर्ष श्री वनमाली सप्रे स्मृति महोत्सव का आयोजन किया गया है। यह कार्यक्रम पूर्णतः निःशुल्क है। आयोजक उनके पुत्र प्रोफेसर अखिलेश सप्रे ने बताया कि शास्त्रीय संगीत के संवर्धन, उन्नयन एवं जागरूकता की दृष्टि से इस कार्यक्रम का आयोजन आर्ट हब संस्था के सहयोग से किया गया है। कार्यक्रम में इस वर्ष भारत के विख्यात कलाकार अयान सेनगुप्ता (कोलकाता) सितार वादक, मास्टर प्रद्युम्न करपूर (बंगलोर) तबला वादक, अजिंक्य जोशी (पुणे) तबला वादक एवं आकार श्रुती (पुणे) हार्मोनियम वादक पधार रहे है। श्री वनमाली सप्रे का पूरा परिवार जबलपुर में शास्त्रीय संगीत को बढ़ावा देने के लिए कृतसंकल्प है एवं इसी तारतम्य में उनके पिताजी की स्मृति में यह कार्यक्रम प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है। उनकी पत्नी श्रीमती पद्मजा सप्रे एवं मित्र मंडली सदानंद गोडबोले (पूर्व महापौर), आदित्य सप्रे, आलोक सप्रे, संजय सोनी का इसमें सहयोगी है।

# भारत कृषक समाज ने धान उपार्जन की पंजीयन अवधि बढ़ाने मुख्य मंत्री से किया आग्रह

**जबलपुर**। किसानों की ओर से भारत कृषक समाज ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर धान उपार्जन की पंजीयन अवधि बढ़ाने का आग्रह किया है तथा कलेक्टर से भी शासन से पहल करने की गुजारिश की है।

भारत कृषक समाज महाकौशल के अध्यक्ष के. के. अग्रवाल ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि खाद की नई ई-टोकन प्रणाली लागू होने व उसमें किसानो के उलझाव व व्यस्तता तथा सिकमी नामा के लिए देर से आये निर्देश एवं गिरदावरी की समस्याओं आदि के चलते बहुत से किसान धान के उपार्जन हेतु अपना पंजीयन कराने से वंचित रह गये हैं। अतः पंजीयन की अवधि कम से कम 10 दिन और आगे बढ़ाने की जरुरत है।





# लेफ्टिनेंट देवांश बांगर कैप्टेन की उपाधि से सम्मानित

**जबलपुर**। शहर के बेटे लेफ्टिनेंट देवांश बांगर को केवल 23 साल की उम्र में ही कैप्टेन की उपाधि से सम्मानित किया गया है। केवल एक साल के छोटे से समय में ही भारत सरकार रक्षा विभाग द्वारा उन्हें कैप्टेन की पोस्टिंग दी गई है। वे गहोई वैश्य समाज में यह उपलब्धि पाने वाला पहले युवा है। देवांश गहोई वैश्य समाज पंचायत में पंच मिलौनिगंज निवासी राजू बांगर के भतीजे हैं।

छलनी की ओट में देखने चांद ने खूब कराया इंतजार

# करवा चौथ का पर्व मनाया गया



**जबलपुर।** पति की लंबी आयु की कामना के लिये महिलाओं ने शुक्रवार को दिन भर निर्जला-व्रत रखा और शाम को चांद निकलने का इंतजार किया। वहीं चांद निकलने पर अपने चांद (पति) का चलनी की ओट में दीदार कर चंद्र देव को अर्घ्य दिया और अपना व्रत पूरा किया। करवाचौथ शुक्रवार को आसमान पर बादल छाए रहे. निर्धारित समय 7.47 बजे तक चंद्रदेव के दर्शन नहीं हुये. 8 बजे के आसपास चंद्र देव ने दर्शन दिये, इंतजार के बाद चंद्रदर्शन के उपरांत महिलाओं ने अपना व्रत पूरा किया।

करवा चौथ पर बाजारों में काफी चहल-पहल रही। उपहारों की खरीददारी हुई और महिलाओं ने नए-नए परिधान खरीदे और हाथों में मेंहदी सजाई। चूड़ी, बिंदी से श्रृंगार किया और विधि-विधान से करवा की पूजा कर अपने पति के दीर्घ आयु होने की कामना की। पंडित ज्योतिषाचार्य पी.एल.गौतमाचार्य ने ईएमएस को बताया कि यह व्रत दाम्पत्य जीवन में मनमुटाव को दूर करने के साथ चंद्रमा के प्रभाव से मन को शीतलता भी प्रदान करता है। करवा चौथ के व्रत में मिट्टी से बने करवा में पूजन सामग्री रखकर भगवान चंद्र देव को अर्घ्य दिया जाता है। इस दिन माता पार्वती और भगवान भोले शंकर पूजन का विधान है। करवा चौथ कार्तिक मास की चतुर्थी को होता है। इस दिन करवे की पूजा की जाती है। यह पर्व पार्वती देवी की आराधना का पर्व है। माता पार्वती जी को स्त्रियों के अक्षत सुहाग का प्रतीक माना गया है। पौराणिक ग्रंथों के मुताबिक माता सीता ने भी मर्यादा पुरूषोत्तम श्रीराम को पति के रूप में प्राप्त करने के बाद माता पार्वती की आराधना करते हुए सर्वप्रथम कार्तिक चतुर्थी का व्रत किया था।

# कटाव पुल पर फिर लगा जाम, हार्वेस्टर फंसने से घंटों रुकी रही आवाजाही



**मझौली।** मझौली जनपद के अंतर्गत रानीताल पंचायत के कटाव पुल पर सोमवार दोपहर को एक बार फिर बड़ा जाम लग गया। दोपहर बाद एक भारी भरकम हार्वेस्टर पुल के पहले धंसी हुई सड़क और गहरे गड्ढों में फंस गया, जिससे सड़क के दोनों ओर लंबी कतारें लग गईं। यह पुल मझौली से करीब 7 किलोमीटर दूर, कटंगी रोड मुख्य मार्ग पर स्थित है, जो सिद्ध धाम जैसे धार्मिक स्थलों को जोड़ता है। स्थानीय निवासियों और वाहन चालकों के अनुसार, यह समस्या रोजमर्रा की हो गई है। सड़क की हालत बदहाल है और पुल के पास गहरे गड्ढों के कारण अक्सर छोटे-बड़े वाहन फंस जाते हैं, जिससे लगातार जाम की स्थिति बनती है। ग्रामीणों ने कई बार सड़क मरम्मत और पुल की स्थिति सुधारने की मांग की है, लेकिन अब तक प्रशासन की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। जाम के कारण राहगीरों, स्कूल बच्चों और एंबुलेंस जैसी आवश्यक सेवाओं को भी परेशानी उठानी पड़ती है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से अपील की है कि जल्द से जल्द सड़क और पुल की मरम्मत कराई जाए, ताकि भविष्य में दुर्घटनाओं और जाम से राहत मिल सके।

# विश्व मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता शिविर आयोजित



**सिहोरा।** सिविल हॉस्पिटल सिहोरा में विश्व मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया जहां मनकक्ष नोडल अधिकारी डॉ राघवेन्द्र त्रिपाठी मनोरोग नर्सिंग ऑफिसर मीनाक्षी रहगंड़ाले,नर्सिंग ऑफिसर प्रियंका ठाकरे,स्वेता नेती तथा स्टाफ के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। इस दौरान मानसिक रोगों के बारे में जागरूकता,भ्रांति एंव उसके इलाज के बारे में बताया गया तथा कैंप में उपस्थित मरीज को उचित परामर्श दिया गया इस दौरान शरीर में नशे के कारण पड़ने वाले दुष्प्रभाव तथा उपचार और तंबाकू व्यसन को रोकने के संबंध में भी जानकारी दी गई। डॉ त्रिपाठी ने सभी लोगों से अपील की कि वह आने वाली पीढ़ी को नशे से बचाने के लिए जागरूक करें साथ ही साथ हमारे आसपास घर परिवार में अगर कोई किसी भी तरह का नशा करता हो तो उसे रोकें नशे के उपचार के संबंध में भी बताया साथ ही मनहित एप के बारे में भी जानकारी दी एंव मानसिक स्वास्थ्य संबंधित मरीजो की स्क्रीनिंग की गई जिसमें विभिन्न प्रकार के मानसिक लक्षण पाए गए उन्उहें उपचार दिया गया।

# ब्लॉक कांग्रेस ने हस्ताक्षर अभियान की शुरुआत की




**बरेला।** जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष संजय यादव द्वारा वोट चोर गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान की शुरूआत बरेला ब्लॉक कार्यालय मुकेश रघुवर पटेल के यहां से मंड़लम गौर, सालीवाड़ा,सिलुआ मंड़लम से कराई गई जिसमें प्रत्येक मंड़लम से कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेताओं मंड़लम, सेक्टर, बूथ प्रभारियों एवं पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई कि वे प्रत्येक बूथ पर जाकर इस अभियान को आगे बढ़ाऐं और जन जन को इस मुहिम से जोड़ें और जागरूक करें। इस अवसर पर ब्लॉक प्रभारी राजकिशोर पटेल, अरविंद तिवारी,विवेक पटेल, बसंत तिवारी, विपिन झारिया, रामजी रैकवार, नीरज गर्ग,रामस्वरूप पटेल, सुनील पाठक, जम्मन जयसवाल, रमाकांत तिवारी, प्रभात दुबे, रमेश विश्वकर्मा, राजू मेहरा, गोपाल झारिया, अशोक महोबिया, कपिल पटेल, नीलेश बडकडे, लखन लाल,इंद्रकुमार श्रीपाल, डुमारी झारिया, दीपक विश्वकर्मा, भावसिंह पटेल, शेख शानू, भूपेन्द्र यादव, शेख सलीम, सिब्बू गौर, राजेन्द्र पटेल,गणेश प्रसाद, अनुराग पटेल, दिलीप कुमार, विजय जैन, पहलाद महोबिया, बैनी प्रसाद, सेवकराम आदि कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

हाईकोर्ट ने स्टेट बार काउंसिल से

# क्या बिहार की तर्ज पर प्रदेश के अधिवक्ताओं के लिए बनाई जा सकती हैं योजनाएं

हरिभूमि जबलपुर।



मप्र हाईकोर्ट ने स्टेट बार काउंसिल ऑफ मध्यप्रदेश से पूछा है कि क्या बिहार राज्य की तर्ज पर प्रदेश के अधिवक्ताओं के लिए पेंशन व अन्य कल्याणकारी योजनाएं बनाई जा सकती है। एक जनहित याचिका पर चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की खंडपीठ ने मुख्य सचिव, बार काउंसिल ऑफ इंडिया और राज्य अधिवक्ता परिषद को नोटिस जारी कर जवाब मांगा। अगली सुनवाई 12 नवंबर को होगी। इंदौर के अधिवक्ता राजेन्द्र श्रीवास्तव ने याचिका दायर कर तर्क दिया कि राज्य बार काउंसिल को उन अधिवक्ताओं के कल्याण के लिए एक कल्याणकारी योजना लागू की जानी चाहिए, जिन्होंने 35 से 40 साल की प्रैक्टिस पूरी कर ली है। उन्होंने कहा कि अधिवक्ता कानूनी पेशे में न्यायदान की प्रक्रिया में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं और अपने कैरियर के अंतिम पड़ाव पर उन्हों कोई सहायता प्रदान नहीं की जाती है। उन्होंने बताया कि बिहार राज्य बार काउंसिल ने अधिवक्ता कल्याण योजना, 2012 तैयार की है। इस योजना के तहत अधिवक्ताओं और उनके परिवार को पेंशन और पारिवारिक पेंशन का प्रावधान किया गया है। उक्त योजना की एक कॉपी कोर्ट में पेश की गई।

अदालत का फैसला

# बारकिंग डियर के शिकारियों को कारावास व लगा जुर्माना

**जबलपुर।** प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी शुभांगी पालो की अदालत ने बारकिंग डियर का शिकार करने के आरोपित कैलाश यादव व जगत गौड का दोष सिद्ध पाया। इसी के साथ दो-दो वर्ष के कारावास की सजा सुनाई। दो-दो हजार रुपये जुर्माना भी लगाया।

अभियोजन की ओर से सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी अभय मिश्रा ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि 12 फरवरी, 2018 को दिन के लगभग 12 बजे वनरक्षक को मोबाइल पर सूचना प्राप्त हुई कि आरोपित ने सिकमी पर लिए खेत में किसी वन्य प्राणी का शिकार किया है। उक्त सूचना के आधार पर कार्यवाही किए जाने पर खेत में बनी टपरिया से सिल्वर गंज में पका वन्य प्राणी बारकिंग डियर का मांस व अलग से कच्चा मांस भूसे में प्राप्त हुआ। जिस पर वन्य अपराध प्रकरण दर्ज कर सम्पूर्ण विवेचना उपरांत अदालत के समक्ष परिवाद प्रस्तुत किया गया।अदालत ने धारा 39/51 वन्य जीव संरक्षण अधिनियम के अंतर्गत आरोपितों का दोष सिद्ध पाकर सजा सुना दी।

# बस स्टैंड में चल रहा सट्टे का कारोबार

**बरेला।** नगर मे खुले आम चल रहा सट्टा पुलिस के लिए चुनौती या अपराध है कि नही, यह तो पुलिस ही जाने, किंतु विगत लंबे समय से नगर सहित आस पास के दर्जनों गांव ,सट्टे के खुलेआम केंद्र बन चुके हैं, नगर केप्रमुखसाप्ताहिक बाजार, बस स्टैंड, बस स्टैंड के पीछे, औरकिसानी मोहल्ला सहित अनेक चाय पान की दुकानों में, प्रतिदिन हो रहा ओपन क्लोज का खुलेआम अपराध पुलिस को नही दिख रहा है। पुलिस के सहयोगी कार्य प्रणाली के कारण सटोरियों को किसी का डर नही रह गया है , और पूरा क्षेत्र सट्टा रूपी अपराध के मकड़ जाल में फस गया है।स्थानीय पुलिस से सटोरियों को किसी प्रकार का भय नहीं होना, इस बात का प्रमाण है कि कही न कही सैटिंग है? क्योंकि खुले आम हो रहा सट्टे का कारोबार जो पुलिस को छोड़कर अन्य सभी को दिख रहा है,अनेक शंकाओं को जन्म देता है।

### नव पदस्थ टी आई से है उम्मीद

कुछ ही दिनों पूर्व नगर में पदस्थ हुई टी आई अनिल पटेल द्वारा सट्टा पर लगाम लगाने की कोशिश की गई थी किंतु कुछ दिन बंद होने के पश्चात सट्टा पुनः चालू हो गया है । क्षेत्र की समाजिक संस्थाओ, स्वतंत्र प्रतिभा मंच जागृति समाज कल्याण समिति सहित बुद्धिजीवियों को उम्मीद है की उनके द्वारा क्षेत्र में पूरी तरह फैले सट्टे के कारोबार को रोके जाने के लिए प्रभावी कार्यवाही की जावेगी।

### सट्टे के जाल में फंसे शासकीय कर्मचारी और गरीब मजदूर

नगर में खुले आम काटी जा रही सट्टा पट्टियों के काउंटरों में आम गरीब मजदूर और अनेक शासकीय कर्मचारी को प्रतिदिन देखा जा सकता है, एक ओर अपने परिवार का पेट काटकर सट्टा खेल रहे गरीब मजदूर ,तो दूसरी ओर सट्टा खेल कर खुद को कर्ज के तले दबाने वाले शासकीय कर्मचारी अपना जीवन बरबाद कर रहे हैं।

# कोदो, कुटकी के उपार्जन के लिये पंजीयन 24 तक

**जबलपुर।** राज्य शासन के किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के निर्देशानुसार खरीफ वर्ष-2025 में समर्थन मूल्य पर कोदो, कुटकी के उपार्जन हेतु जबलपुर जिले में किसानों के पंजीयन की प्रक्रिया 10 अक्टूबर से शुरू हो गई है। कोदो, कुटकी के उपार्जन हेतु किसान 24 अक्टूबर तक अपना पंजीयन करा सकते हैं। उप संचालक कृषि डॉ एस के निगम के अनुसार कोदो, कुटकी के उपार्जन के लिये किसानों के पंजीयन हेतु जिले में चार पंजीयन केंद्र निर्धारित किये गये हैं। ये पंजीयन केंद्र मझौली तहसील में वृहताकार सेवा सहकारी संस्था मझौली, कुंडम तहसील में वृहताकार सेवा सहकारी संस्था गौरी एवं सेवा सहकारी संस्था पडरिया तथा आधारताल तहसील में सहकारी विपणन संस्था जबलपुर में स्थापित किये गये हैं।

एस एस कालेज में राष्ट्रीय कार्यशाला आयोजित

# राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू करने का उद्देश्य छात्रों के व्यक्तित्व में निखार लाना : डॉ कुररिया

हरिभूमि सिहोरा।

युवा देश की रीढ़ है शिक्षित,संस्कारित एंव श्रेष्ठ व्यक्तितत्व के युवा ही विश्व पटल पर देश का भविष्य स्वर्ण अक्षर से अंकित कर सकते हैं उक्त आशय के उदगार डा.राजेन्द्र कुररिया कुल गुरु अवधेश प्रताप विश्व विद्यालय रीवा ने सिहोरा श्याम सुन्दर अग्रवाल स्नाकोत्तर विद्यालय में अयोजित वैदिक गणित कार्यशाला के समापन समारोह में व्यक्त किये।उन्होंने आगे कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागु करने का उद्देश्य छात्रों के व्यक्तित्व में निखार लाना।



### कार्यशाला में देश के गणितज्ञों ने लिया हिस्सा

गत दिवस शासकीय श्यामसुंदर अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सिहोरा, जबलपुर के गणित विभाग द्वारा एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला वैदिक गणित प्राचीन तकनीकें, आधुनिक गणित के लिए भव्य रूप से संपन्न हुई। कार्यशाला में देश भर के विश्वविद्यालयों एवं शिक्षण संस्थानों से गणितज्ञों, शोधार्थियों तथा शिक्षकों ने सक्रिय भागीदारी की और वैदिक गणित के त्वरित गणना तरीके तथा उनके आधुनिक अनुप्रयोगों पर गहन विचार-विमर्श हुआ।कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो. प्राचार्य मनोज कुमार श्रीवास्तव ने की इसके अलावा सारस्वत अतिथि आचार्य कपिल देव मिश्र चित्रकुट विश्वविद्यालय, विशिष्ट अतिथि राजा मोर अध्यक्ष जनभागीदारी समिती, प्रो.अलकेश चतुर्वेदी प्राचार्य तथा डॉ.विकास जैन, आचार्य कपिल देव मिश्र, डाक्टर अरुणा पांडे, विषय विशेषज्ञ प्रो वी के गुप्ता उपस्थित थे। विशिष्ट अतिथि श्री राजा मोर ने कहा इस कार्यशाला से विद्यार्थियों में गणित के प्रति नई ऊर्जा और सकारात्मक दृष्टिकोण का विकास हुआ है। इस अवसर पर गणमान्य नागरिक समस्त स्टाफ एंव छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

किसान व दुकानदार अस्पताल में भर्ती

# गुंडों ने वसूली के लिए किया 2 लोगों पर हमला

**जबलपुर।** मझौली और ओमती थाना क्षेत्र में शराब पीने के लिए रुपए नहीं मिलने की बात पर बदमाशों ने एक किसान व एक दुकान संचालक पर डंडे व बीयर की बोतल से हमला कर घायल कर दिया। घायल किसान को उपचार के लिए एफआरव्ही वाहन से सीएचसी मझौली में और दुकान संचालक को विक्टोरिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

मझौली पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम सुहजनी निवासी 38 वर्षीय किसान आनंद राजपूत गत रात लगभग 9 बजे अपने भाई अरविंद के साथ खेत में बसने के लिये गया था और शुक्रवार की सुबह लगभग 6.45 बजे पैदल अपने घर वापस आ रहा था, तभी रास्ते में गोविन्द आश्रम के पास ब्रजेश उर्फ भीम कनौजिया मिला और उससे शराब पीने के लिये 500 रूपये की मांग करने लगा, रूपये देने से मना करने पर भीम ने गाली गलौज कर डंडे से हमला कर घायल कर दिया तथा जान से मारने की धमकी दी।

इसी तरह ओमती में लालमाटी द्वारकानगर घमापुर निवासी 23 वर्षीय दुकान संचालक संस्कार पंजवानी की विक्टोरिया मार्केट तुलाराम चौक में स्थित अंजली मार्केटिंग सर्जिकल के नाम से दुकान है। गत रात लगभग 8.20 बजे संस्कार अपनी दुकान पर डायपर का पार्सल पैक कर रहा था तभी दो लड़के रोड़ पर आपस में लड़ रहे थे, उसने दोनों लड़कों को लड़ने से मना किया तो दोनों उससे शराब पीने के लिये पैसों की मांग करने लगे, पैसे देने से मना करने पर अरमान सोनकर ने उसके साथ गालीगलौज की और धमकी देकर वहां चला गया। लगभग 2 मिनिट बाद अरमान दोनों लड़कों के साथ दुकान आया और तीनों उसके साथ गाली गलोज करने लगे, अरमान से दोनों लड़कों को ने उसको बीयर की बाटल से मारने के लिये कहा तो अरमान ने बीयर की बाटल से हमलाकर उसके सिर में चोट पहुंचा दी। रिपोर्ट पर धारा 296, 119(1), 115(2), 351(3), 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

**श्री श्याम लाल बिरहा-** द्वारका नगर कछियाना निवासी पूर्व सैनिक श्री श्याम लाल बिरहा का 84 वर्ष की आयु में निधन हो गया।



वह श्याम नारायण बिरहा के जेयेष्ठ भ्राता एवं संजीत बिरहा और संजू बिरहा के पिता थे। उनका अंतिम संस्कार करिया पाथर शमशान भूमि में संपन्न हुआ।

**श्रीमती संध्या तिवारी-** रेवा विहार कॉलोनी जमतरा रोड गौर निवासी श्री फूलचंद तिवारी की धर्मपत्नी श्रीमती संध्या तिवारी (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री ओम प्रकाश तिवारी-** गोरैया प्लाट आमनपुर मदनमहल निवासी श्री ओम प्रकाश तिवारी (63) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री अनिल घई-** चग्गर फार्म तिलहरी निवासी श्री अनिल घई (61) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती बलवीर कपूर-** आदर्श नगर पुरूषार्थी सोसायटी निवासी श्री अशोक कपूर की धर्मपत्नी श्रीमती बलवीर कपूर (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री मोती लाल बर्मन-** बादशाह हलवाई मंदिर मोड़ के पास गौरीघाट रोड निवासी श्री मोती लाल बर्मन (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री लाल सोनकर-** सिंधी कैंप राधाकृष्णन वार्ड निवासी श्री राजा सोनकर के पुत्र श्री लाल सोनकर (38) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री डोरी लाल मोची-** नई बस्ती गौरीघाट साकेतधाम निवासी श्री डोरी लाल मोची (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती प्रेम बाई पटेल-** सेवक की दुकान के पीछे करियापाथर निवासी श्री रामसिया पटेल की धर्मपत्नी श्रीमती प्रेम बाई पटेल (57) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती इत्तो बाई ठाकुर-** इंद्रा नगर गुप्तेश्वर निवासी श्री शिव प्रसाद ठाकुर की धर्मपत्नी श्रीमती इत्तो बाई ठाकुर (58) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राजेंद्र कुमार महाजन-** संजीवनी नगर पीएचई कॉलोनी निवासी श्री राजेंद्र कुमार महाजन (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री आशुतोष सिंह-** नानक नगर मानेगांव रांझी निवासी श्री बलराम सिंह के पुत्र आशुतोष सिंह (24) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री पुरुषोत्तम कुमार चौधरी-** समदड़िया कॉलोनी कांचघर निवासी श्री पुरुषोत्तम कुमार चौधरी (62) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री रवि पिल्ले-** गोकलपुर इंजीनियरिंग कॉलेज के पास निवासी श्री रवि पिल्ले (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती मालती बाई प्रजापति-** रतन नगर गुप्तेश्वर निवासी श्री छोटे लाल प्रजापति की धर्मपत्नी श्रीमती मालती बाई प्रजापति (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती शारदा बेलवंशी-** रिलायबल स्टेट गौरीघाट आयुर्वेद कॉलेज के पास निवासी श्री दिनेश बेलवंशी की धर्मत्नी श्रीमती शारदा बेलवंशी (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री श्याम लाल-** द्वारका नगर लालमाटी निवासी श्री श्याम लाल डुमार (84) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती संगीता चौहान-** न्यू बिल्डिंग बजरंग नगर निवासी श्री मधु सूदन चौहान की धर्मपत्नी श्रीमती संगीता चौहान (30) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती ममता राजपूत-** संजय




गांधी नगर कटंगा कैंट निवासी श्री दिलीप कुमार राजपूत की धर्मपत्नी श्रीमती ममता राजपूत (62) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती लक्ष्मी सोनी-** गांधीगंज कटनी निवासी श्री भगवान दास सोनी की धर्मपत्नी श्रीमती लक्ष्मी सोनी (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राजा लाल सोनकर-** भरतीपुर निवासी श्री राजा लाल सोनकर का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती पानपति देवी-** तलैया के पास छापर रामपुर निवासी श्री अशर्फी सिंह की धर्मपत्नी श्रीमती पानपति देवी (67) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री कन्छेदी लाल यादव-** गली नं. 20 सदर निवासी श्री कन्छेदी लाल यादव (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती बसंती बाई-** मेडिकल कॉलेज सर्वेंट क्वाटर्स नं. 5 निवासी श्री शिवराज की धर्मपत्नी श्रीमती बसंती बाई (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री फकीर चंद रजक-** मेंहदीबाग कम्पाउंड सदर निवासी श्री फकीर चंद रजक (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती राधा देवी ताम्रकार-** सराफा निवासी श्री खेमचंद ताम्रकार की धर्मपत्नी श्रीमती राधा देवी ताम्रकार (90) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री चरण पाटिल-** सिद्धबाबा वार्ड लालमाटी निवासी श्री राकेश पाटिल के पुत्र श्री चरण पाटिल (30) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

हरिभूमि
निधन/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
ब्लैक&व्हाईट 300/-
रंगीन 400/-
रंगीन 1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:- 9303508294, 9407362100

# चांदी में बंपर तेजी से सिल्वर ईटीएफ में टूट पड़े निवेशक, प्रीमियम पर हो रही ट्रेडिंग

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

चांदी की कीमतों में तेजी जारी है। भारी मांग के चलते वैश्विक बाजारों में इसने 9 अक्टूबर को पहली बार 50 डॉलर का आंकड़ा पार किया। वहीं देश के अंदर कीमतें 1.63 लाख रुपए प्रति किलोग्राम तक पहुंच गईं।

- ईटीएफ अपने नेट एसेट वैल्यू से काफी ऊपर ट्रेड कर रहे

डिमांड में भारी बढ़ोतरी के कारण जो लोग अब तक चांदी से दूर रह रहे थे, वे अब चांदी के एक्सचेंज ट्रेडेड फंड (ईटीएफ) में निवेश कर रहे हैं। इसकी वजह है कि सिल्वर ईटीएफ फिलहाल हाई प्रीमियम पर ट्रेड कर रहे हैं। सिल्वर ईटीएफ एक ऐसा फंड है, जो स्टॉक एक्सचेंज पर ट्रेड करता है और चांदी की फिजिकल फॉर्म या चांदी से संबंधित इंस्ट्रूमेंट्स में निवेश करता है। ईटीएफ की यूनिट्स को स्टॉक की तरह खरीदा और बेचा जाता है, और इनकी वैल्यू चांदी की कीमत के आधार पर घटती-बढ़ती रहती है।

## चांदी ने 9 अक्टूबर को पहली बार 50 डॉलर का आकंड़.किया पार

### ईटीएफ में 9 से 13 फीसदी तक उछाल

सेमको सिक्यूरिटी में मार्केट पर्सपेक्टिव्स एंड रिसर्च हेड अपूर्व शेठ का कहना है, एनएसई पर एसबीआई सिल्वर, एचडीएफसी सिल्वर और एक्सिस सिल्वर जैसे प्रमुख ईटीएफ 9-13 प्रतिशत तक बढ़ गए हैं। ये अपने नेट एसेट वैल्यू (नाऊ) से काफी ऊपर ट्रेड कर रहे हैं। एक ओर जहां ईटीएफ में तेजी देखी जा रही है, वहीं एमसीएक्स पर चांदी का दिसंबर वायदा भाव 0.6 प्रतिशत गिर गया है। यह इस बात को दर्शाता है कि बुनियादी बातों से नहीं, बल्कि भावनाओं से प्रेरित खुदरा उत्साह इस दौड़ को बढ़ावा दे रहा है।



### ईटीएफ में निवेश का यह बेस्ट टाइम नहीं

शेठ ने निवेशकों को धैर्य रखने की सलाह दी है। उनके मुताबिक, प्रीमियम पर कारोबार कर रहे ईटीएफ में निवेश करने का यह बेस्ट टाइम नहीं है। कीमतों के कम होने या नाउ के बाजार के साथ तालमेल बिठाने का इंतजार करें। चांदी की लॉन्ग टर्म पोजिशन मजबूत बनी हुई है। कोटक म्यूचुअल फंड ने चांदी पर अपने लॉन्ग टर्म बुलिश आउटलुक की पुष्टि की है।

*तेज उछाल में फिजिकल सप्लाई कम हो जाती है : तेज उछाल के दौरान जब फिजिकल सप्लाई कम हो जाती है और मार्केट मेकर्स को चांदी जुटाने में मुश्किल होती है, तो ईटीएफ प्रीमियम पर ट्रेड करने लगते हैं। यह डिमांड-सप्लाई में अस्थायी असंतुलन दर्शाता है। लॉन्ग टर्म के लिए ईटीएफ प्रीमियम पर ट्रेड करें, ऐसा जरूरी नहीं है।*

### शॉर्ट टर्म हो सकती है यह तेजी

यह फोमो यानि कि फियर ऑफ मिसिंग आउट खरीदारी का एक अच्छा उदाहरण है। शेठ के मुताबिक, निवेशक मौका गंवाना नहीं चाहते हैं, इसलिए वे सिल्वर ईटीएफ में निवेश कर रहे हैं। जबकि हाजिर बाजार संकेत दे रहा है कि तेजी शॉर्ट टर्म की है। लेकिन निवेशक इस बात को दरकिनार करते हुए मौका भुनाने की जुगत में हैं।

## खबर संक्षेप

### एनटीपीसी के बिजलीघरों में तोशिबा की निगरानी प्रणाली



**नई दिल्ली।** तोशिबा एनर्जी सिस्टम्स एंड सॉल्यूशंस कॉरपोरेशन की भारतीय इकाई तोशिबा जेएसडब्ल्यू सार्वजनिक क्षेत्र की एनटीपीसी के बिजलीघरों में एआई आधारित निगरानी प्रणाली लगाएगी। कंपनी ने कहा कि इस अनुबंध के साथ एनटीपीसी के बिजलीघरों में निगरानी समाधान प्रणाली की पहली बार उपयोग होगा।

### पुंज लॉयड के परिसमापन की समयसीमा छह माह बढ़ी

**नई दिल्ली।** दिवाला न्यायाधिकरण एनसीएलटी ने इंजीनियरिंग और निर्माण कंपनी पुंज लॉयड की परिसमापन प्रक्रिया पूरी करने की समयसीमा छह महीने बढ़ाकर 12 मार्च, 2026 कर दी है। समय सीमा बढ़ाई है कि कर्ज में डूबी पुंज लॉयड वर्तमान में कईपरियोजनाओं पर काम कर रही है। इनमें से कुछ देश के विकास के लिए महत्वपूर्ण और अनिवार्य हैं।

### टाइड भारत में 6,000 करोड़ रुपए का करेगी निवेश

**मुंबई।** ब्रिटेन की व्यवसाय प्रबंध कंपनी टाइड 2026 से अगले पांच सालों में भारत में 50 करोड़ पाउंड (लगभग 6,000 करोड़ रुपये) का निवेश करेगी। वह अगले 12 महीनों में 800 से ज्यादा नई नौकरियां भी देगी। 2026 से अगले पांच वर्षों में 50 करोड़ पाउंड के निवेश के साथ, कंपनी भारत के प्रति अपनी दीर्घकालिक प्रतिबद्धता को और मजबूत करेगी।

## इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी सचिव कृष्णन ने दी जानकारी

# भारत का अपना स्वदेशी एआई मॉडल फरवरी तक हो जाएगा तैयार : सचिव

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत का स्वदेशी रूप से विकसित किया जा रहा अपना कृत्रिम मेधा (एआई) मॉडल अगले साल फरवरी में होने वाले 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट' से पहले तैयार हो जाएगा। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी सचिव एस. कृष्णन ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

कृष्णन ने यहां आयोजित 'इंडिया मोबाइल कांग्रेस 2025' को संबोधित करते हुए कहा कि एआई क्षेत्र में देर से प्रवेश करने के बावजूद भारत ने अपनी कंप्यूटिंग अवसंरचना को तेजी से बढ़ाया है और 10,000 जीपीयू (ग्राफिक्स प्रोसेसिंग यूनिट) के लक्ष्य के मुकाबले 38,000 जीपीयू की तैनाती की है।

### देश के भीतर स्थित सर्वरों पर संचालित होगा



*स्वायत एआई मॉडल भारत में विकसित ऐसा स्वदेशी एआई तंत्र होगा जो पूरी तरह भारतीय डेटा पर प्रशिक्षित होगा और देश के भीतर स्थित सर्वरों पर ही संचालित किया जाएगा। सरकार ने 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026' का आयोजन 19-20 फरवरी को करने की घोषणा की है।*



*विशिष्ट व छोटे एआई मॉडल पर जोर : कृष्णन ने कहा कि सरकार एआई के संभावित प्रभावों को लेकर सतर्क है और ऐसे मंच विकसित करना चाहती है जो समावेशी हों। सरकार क्षेत्र-विशिष्ट छोटे एआई मॉडल विकसित करने पर भी जोर दे रही है, ताकि प्रौद्योगिकी का लाभ उन क्षेत्रों तक भी पहुंचे जहां*

### सरकार लगातार कंप्यूटिंग क्षमता बढ़ा रही

सचिव ने कहा कि सरकार लगातार कंप्यूटिंग क्षमता बढ़ा रही है और भारतीय कंपनियों के लिए अधिक जीपीयू उपलब्ध कराएगी। स्वदेशी जीपीयू के विकास में प्रगति के बारे में पूछे जाने पर कृष्णन ने कहा कि यह 'इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन 2.0' के तहत सरकार के महत्वपूर्ण लक्ष्यों में से एक होगा, जिस पर वर्तमान में चर्चा चल

### क्वांटम कंप्यूटिंग में सुरक्षा के लिए उठा रहे कदम : सेबी

पूंजी बाजार नियामक सेबी के चेयरमैन तुहिन कांत पांडेय ने कहा कि क्वांटम कंप्यूटिंग की शुरुआत से बड़ी सुरक्षा चुनौतियां उत्पन्न हो सकती हैं और नियामक इसे ध्यान में रखते हुए पहले से ही प्रणाली को सुरक्षित बनाने की तैयारी कर रहा है। पांडेय ने यहां आयोजित 'ग्लोबल फिनटेक फेस्ट' को संबोधित करते हुए कहा कि क्वांटम कंप्यूटिंग में ऐसी प्रौद्योगिकी क्षमता है जिससे पासवर्ड जैसे बेहद सुरक्षित माने जाने वाले सुरक्षा तंत्र भी खतरे में पड़ सकते हैं। ऐसे में जरूरी हो जाता है कि उद्योग समय रहते 'क्वांटम सुरक्षित' प्रणाली के लिए तैयार हो।

### चार वर्षों में सुरक्षा ढांचे को सुदृढ़ किया जाएगा

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के प्रमुख ने कहा कि नियामक ने सभी विनियमित हितधारकों की 'क्वांटम के लिए तैयारी' सुनिश्चित करने के लिए एक कार्ययोजना तैयार की है।


# संगठित स्वर्ण ऋण बाजार 15 लाख करोड़ रुपए तक पहुंचने का अनुमान

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

रेटिंग एजेंसी इक्रा ने कहा कि संगठित स्वर्ण ऋण बाजार मार्च 2026 तक 15 लाख करोड़ रुपये के आंकड़े तक पहुंच सकता है। पिछले अनुमान के मुताबिक इस स्तर पर मार्च 2027 तक पहुंचने की संभावना जतायी गयी थी।

इक्रा ने कहा कि बैंक अपनी अग्रणी स्थिति को काफी मजबूत कर रहे हैं और एनबीएफसी की तुलना में तेजी से बढ़ रहे हैं। रेटिंग एजेंसी ने सितंबर 2024 में अनुमान जताया था कि संगठित स्वर्ण ऋण बाजार मार्च 2027 तक 15 लाख करोड़ रुपये के आंकड़ों को छू सकता है।

इक्रा का अब अनुमान है कि वित्त वर्ष 2026-27 तक बाजार का आकार तेजी से बढ़कर 18 लाख करोड़ रुपये हो जाएगा।



- इक्रा ने मार्च 2026 तक के लिए व्यक्त किया अनुमान
- बैंक अपनी अग्रणी स्थिति को काफी मजबूत कर रहे हैं

पूर्वानुमानों में यह संशोधन मुख्य रूप से सोने की कीमतों में लगातार वृद्धि के कारण हुआ है, जिसने नई ऊंचाइयों को छुआ है। रेटिंग एजेंसी के मुताबिक बैंक अपनी प्रमुख स्थिति को मजबूत कर रहे हैं और वृद्धि में गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) से आगे निकल रहे हैं।

# शेयर बाजार में लगातार दूसरे दिन मजबूती, सेंसेक्स 329 अंक उछला



- दवा और बैंकिंग शेयरों में निकली खरीदारी
- विदेशी कोषों के समर्थन से बाजार में बढ़त रही

एजेंसी ▶▶| मुंबई

दवा कंपनियों और बैंकों के शेयरों में लिवाली और विदेशी कोषों के समर्थन से शुक्रवार को स्थानीय शेयर बाजार लगातार दूसरे दिन बढ़त के साथ बंद हुए। सेंसेक्स लगभग 329 अंक चढ़ गया जबकि निफ्टी में 104 अंकों की तेजी रही। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 328.72 अंक यानी 0.40 प्रतिशत बढ़कर 82,500.82 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 482.01 अंक बढ़कर 82,654.11 के स्तर पर पहुंच गया था। सेंसेक्स की 30 में से 22 कंपनियों के शेयर बढ़त के साथ बंद हुए जबकि आठ शेयरों में गिरावट दर्ज की गई। निफ्टी 103.55 अंक यानी 0.41 प्रतिशत बढ़कर 25,285.35 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 148.95 अंक बढ़कर 25,330.75 तक पहुंच गया था।

विश्लेषकों ने कहा कि इजराइल और हमास के बीच गाजा शांति योजना पर सहमति बनने से भू-राजनीतिक तनाव में कमी आने और भारत-अमेरिका व्यापार समझौते की दिशा में सुधार के संकेतों से निवेशक धारणा को बल मिला।

# इक्विटी म्यूचुअल फंड में निवेश सितंबर में नौ प्रतिशत घटा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इक्विटी म्यूचुअल फंड में निवेश सितंबर में नौ प्रतिशत घटकर 30,421 करोड़ रुपये रहा। भारतीय म्यूचुअल फंड संघ (एम्फी) के शुक्रवार को जारी आंकड़े के अनुसार निवेश में लगातार दूसरे महीने गिरावट आई है। इसके बावजूद यह लगातार 55वां महीना है जब इक्विटी खंड में शुद्ध रूप से निवेश बढ़ा है।

- एम्फी ने जारी किए सितंबर माह के लिए आंकडे
- निवेश में 30,421 करोड़ रुपए रहा

आंकड़ों के अनुसार, इक्विटी वाले म्यूचुअल फंड में सितंबर में 30,421 करोड़ रुपये का निवेश हुआ, जो अगस्त के 33,430 करोड़ रुपये और जुलाई के 42,702 करोड़ रुपये से काफी कम है। इक्विटी फंड श्रेणियों में, सबसे अधिक योगदान फ्लेक्सी कैप फंड्स का 7,029 करोड़ रुपये रहा। इसके बाद मिड कैप फंड ने 5,085 करोड़ रुपये और स्मॉल कैप फंड ने 4,363 करोड़ रुपये का योगदान किया।

लार्ज कैप फंड में 2,319 करोड़ रुपये आए। मॉर्निंगस्टार इन्वेस्टमेंट रिसर्च इंडिया के वरिष्ठ विश्लेषक (प्रबंधक अनुसंधान) नेहल मेश्राम ने कहा कि दो महीनों के असाधारण रूप से मजबूत निवेश के बाद यह गिरावट संरचनात्मक के बजाय चक्रीय लगती है। इक्विरस वेल्थ के प्रबंध निदेशक और व्यवसाय प्रमुख अंकुर पुंज ने इस गिरावट के लिए भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं को जिम्मेदार ठहराया। इस बीच, व्यवस्थित निवेश योजनाएं (एसआईपी) म्यूचुअल फंडों के लिए एक स्थिर निवेश माध्यम के रूप में बनी हुई है। सितंबर में एसआईपी के जरिये योगदान बढ़कर 29,361 करोड़ रुपये हो गया, जो अगस्त में 28,265 करोड़ रुपये था।

### यात्रा मंच इक्सिगो 10 प्रतिशत से अधिक हिस्सेदारी बेचेगा

**नई दिल्ली।** यात्रा मंच इक्सिगो ने शुक्रवार को कहा कि वह इक्विटी शेयरों के तरजीही निर्गम के जरिये वैश्विक प्रौद्योगिकी निवेशक प्रोसस से 1,296 करोड़ रुपये जुटाएगा। इक्सिगो (ले ट्रैवेन्यूज़ टेक्नोलॉजी लिमिटेड) ने शेयर बाजार को बताया कि वह 1,295.56 करोड़ रुपये में प्रोसस (एमआईएच इन्वेस्टमेंट्स वन बी.वी.) को 10.1 प्रतिशत हिस्सेदारी बेच रहा है। दी गई जानकारी के मुताबिक इक्सिगो के निदेशक मंडल ने 1,295.56 करोड़ रुपये में 4,62,70,092 इक्विटी शेयर जारी करने को मंजूरी दी है।

# टीसीएस ने लंदन में एआई हब डिजाइन स्टूडियो किया पेश

- ब्रिटेन में तीन साल में मिलेंगी 5,000 नौकरियां

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) ने शुक्रवार को लंदन में एक कृत्रिम मेघा (एआई) अनुभव क्षेत्र और डिजाइन स्टूडियो पेश करने की घोषणा की। कंपनी ने साथ ही कहा कि ब्रिटेन में उसके निवेश से अगले तीन वर्षों में 5,000 रोजगार के नये अवसर तैयार होंगे। टीसीएस इस समय ब्रिटेन में 42,000 से अधिक प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार देती है। कंपनी ने शेयर बाजार को बताया कि वित्त वर्ष 2023-24 में उसने ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था में 3.3 अरब पाउंड का योगदान दिया।

*लंदन में दूसरा केंद्र सितंबर में पेश किए गए न्यूयॉर्क डिजाइन स्टूडियो के बाद, लंदन स्टूडियो टीसीएस का दूसरा डिजाइन केंद्र है। ब्रिटेन और आयरलैंड के लिए टीसीएस के प्रमुख विनय सिंघवी ने कहा कि ब्रिटेन वैश्विक स्तर पर टीसीएस का दूसरा सबसे बड़ा बाजार है और कंपनी पूरे देश में अपनी उपस्थिति बढ़ाना जारी रखेगी।*

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग परियोजना खण्ड कटनी**
Email:- mp.eephedkat@gmail.com Phone no. 07622-225752

क्रमांक 3454/का.यं./निप्रको./लो.स्वा.यां.परि.खण्ड /2025 निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 38-40/25-26 कटनी, दिनांक 06.10.2025

ई-टेण्डरिंग पद्धति से पोर्टल http://www.mptender.gov.in पर जिले के विभिन्न विकासखंड के विभिन्न ग्रामो में पुनरीक्षित जल जीवन मिशन के अंतर्गत शेष कार्य ओवर हैडटेंक, पंप हाउस / सम्पवेल निर्माण, पाईप लाईन बिछाने का कार्य, घर घर कनेक्शन, अन्य कार्य एवं योजना का 90 दिन ट्रायलरन सफल संचालन - संधारण के कार्य हेतु निम्नानुसार निविदा म.प्र. लोक निर्माण विभाग में नवीन पंजीयन प्रणाली अंतर्गत पंजीकृत फर्मो से आमंत्रित है ।

| निविदा क्रमांक | सिस्टम निविदा क्र. | कार्य का विवरण | निविदा की लागत लाख में | धरोहर राषि | निविदा प्रपत्र मूल्य | कार्य पूर्ण करने की समय अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 38/25 26 | 2025_PHED _456121 | ग्राम पहरुआ, भेड़ा, खिरहनी भरदा कुआं विकासखंड बहोरीबंद एंव खमतरा, मढ़ाना विकासखंड ढीमरखेडा में पुनरीक्षित जलजीवन मिशन अंतर्गत नलजल योजना का शेष कार्य | 169.23 | 163230 | 12500 | 06 माह |
| 39/25 26 | 2025_PHED _456122 | ग्राम बिलहरी विकासखंड रीठी में पुनरीक्षित जलजीवन मिशन अंतर्गत नलजल योजना का शेष कार्य | 100.09 | 100090 | 12500 | 06 माह |
| 40/25 26 | 2025_PHED _456123 | ग्राम कांटी, संगवारा एवं गौरहा विकासखंड विजयराघवगढ में पुनरीक्षित जलजीवन मिशन अंतर्गत नलजल योजना का शेष कार्य | 87.85 | 87850 | 10000 | 06 माह |

ऑन लाईन निविदा क्रय एवं बिड की अंतिम तिथी-23.10.2025 18.00 बजे
ऑन लाईन निविदा दर खोलने की तिथी-24.10.2025 18.05 बजे

निविदा फार्म ऊपर दर्षित बेबसाईट पर (Ofline System) क्रेडिट कार्ड या ऑनलाईन भुगतान कर कय किये जा सकते है । निविदा एवं उससे संबंधित जानकारी ऊपर दर्षाई गई बेबसाईट पर देखे ।

कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, परियोजना खण्ड कटनी
फोन नं. -07622-225752
G-19766/25 "स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता"

**कार्यालय, अधीक्षक जिला जेल छिन्दवाड़ा म.प्र.**
E mail -Jsdjcdw@mp.gov.in, Fax no.-07162-247325

-:: ई - निविदा वित्तीय वर्ष 2025-2026 ::-
mptenders.gov.in के माध्यम से ई-निविदा सूचना ( प्रथम आमंत्रण )

जेल मुख्यालय म.प्र. भोपाल के पत्र क्रमांक 18861 / उद्योग / 25 भोपाल दिनांक 11.08.2025 के द्वारा जिला जेल छिन्दवाड़ा में सिलाई, कापरेंटरी एवं फेब्रीकेशन उद्योग हेतु उपकरणों के क्रय की अनुमति प्रदाय की गई है, उक्त उद्योगों हेतु उपकरण क्रय हेतु वर्ष 2025-26 में www.mptenders.gov.in पर दिनांक 27.10.2025 को शाम 05 :30 बजे तक ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा कार्यक्रम विवरण निम्नानुसार है :-

| क्र. | विवरण | दिनांक एवं समय | स्थान |
|---|---|---|---|
| 1 | ऑन लाईन निविदा प्रकाशन | 06.10.2025 | कार्यालय अधीक्षक जिला जेल छिन्दवाड़ा |
| 2 | प्रिबिड | 19.10.2025 | कार्यालय अधीक्षक जिला जेल छिन्दवाड़ा |
| 3 | ऑनलाईन फार्म क्रय करने की अंतिम तिथि, निविदा फार्म का मूल्य 05 लाख की निविदा हेतु 500 / - तथा 05 लाख से अधिक की निविदा हेतु 1000 /- रुपए प्रति फार्म राशि ऑनलाईन शीर्ष 0056-800 प्राप्तियों में जमा किया जाएगा। | 27.10.2025 को सायंकाल 05 :30 तक | www.mptenders.gov.in से प्राप्त किया जा सकता है। |
| 4 | ऑन लाईन निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 27.10.2025 को सायंकाल 05 :30 तक | www.mptenders.gov.in पर स्वीकार की जावेगी । |
| 5 | तकनीकी निविदा (आवश्यक दस्तावेज) | 29.10.2025 को प्रात: 11.30 बजे | कार्यालय अधीक्षक जिला जेल छिन्दवाड़ा |
| 6 | ऑनलाईन निविदा खोलने की तिथि | 29.10.2025 को प्रात: 12.30 बजे | कार्यालय अधीक्षक जिला जेल छिन्दवाड़ा |

निविदा फार्म एवं निविदा से संबंधित जानकारी www.mptenders.gov.in वेबसाईट पर भी देखी जा सकती है। निविदा फार्म दर्शित वेबसाईट पर क्रेडिट कार्ड या ऑनलाईन पेमेंट कर क्रय किया जा सकता है।

अधीक्षक
जिला जेल छिन्दवाड़ा
G-19801/25 "स्वच्छता ही सेवा"

**कार्यालय नगर परिषद पाटन, जिला जबलपुर (म.प्र.)**
फोन नं. - 07621-220435 ईमेल - cmopatan@mpurban.gov.in

क्र. 1273/PWD/NP/2025 निविदा सूचना पाटन, दिनांक 09.10.2025

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है । निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है ।

| टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 2025_UAD_456754_1 दि. 10-10-2025 | वार्ड क्रं. 04 में मछली मार्केट में 2 दुकान, निर्माण कार्य | 03 माह 9,72,018/- | 2000/- 9,800/- | 28/10/2025 |

शर्त - निविदा संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://www.mptenders.gov.in की वेबसाईट पर किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा ।

अध्यक्ष
नगर परिषद पाटन जिला जबलपुर

मुख्य नगर पालिका अधिकारी,
नगर परिषद पाटन जिला जबलपुर

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग (भ / स ) संभाग क्र.-2 जबलपुर**
AN ISO 9001: 2015 CERTIFIED OFFICE
इंदिरा गांधी मार्ग, साऊथ सिविल लाईन, जबलपुर (म.प्र.) पिन-482001 फोन एवं फैक्स नं. 0761-2622333. ई-मेल : eepwd2jbp@nic.in

अल्पकालीन निविदा सूचना क्र 22 वर्ष 2025-26 अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना क्र.-20 जबलपुर दिनांक 06/10/2025

निम्नलिखित कार्यों हेतु ई-टेण्डरिंग के मार्फत निविदा आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य वेबसाईट http://mpteders.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदा प्रपत्र उक्त वेबसाईट पर ऑन लाईन भुगतान करने पर वेबसाईट के माध्यम से प्राप्त हो सकेंगे।

| स. क्र. | टेण्डर आई. डी. | कार्य का नाम | आमंत्रण | ठेके की अनु. राशि (रू. लाख में) | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र का मुल्य | समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_PWDRB _456161_pack1 | वीर सावरकर वार्ड जबलपुर के अंतर्गत संजीवनी नगर, शुक्ला नगर, गढ़ा आदि डामरीकृत मार्गो में मजबूतीकरण का कार्य । | प्रथम | 173.10 | 173100/- | 12500/- | 04 माह वर्षा ऋतु सहित |
| 2 | 2025_PWDRB _456162_pack1 | दादा वीरेन्द्रपुरी वार्ड जबलपुर के अंतर्गत विभिन्न मार्गो में मजबूतीकरण का कार्य । | प्रथम | 124.63 | 124630/- | 12500/- | 04 माह वर्षा ऋतु सहित |
| 3 | 2025_PWDRB _456163_pack1 | रैनी पिपरिया मार्ग का निर्माण कार्य । | द्वितीय | 370.14 | 370140/- | 15000/- | 08 माह वर्षा ऋतु सहित |
| 4 | 2025_PWDRB _456164_pack1 | मझगवां उपखण्ड सिहोरा के अंतर्गत आवासीय भवनों में वाटर प्रूफिंग, दरवाजे खिड़की मरम्मत एवं एल्युमिनियम का कार्य । | प्रथम | 5.00 | 10000/- | 2000/- | 02 माह वर्षा ऋतु सहित |
| 5 | 2025_PWDRB _456165_pack1 | मुख्यालय उपखण्ड जबलपुर के अंतर्गत गैर आवासीय भवनों में प्लास्टर मरम्मत, रंगाई पुताई एवं पेंटिंग का कार्य । | प्रथम | 19.98 | 40000/- | 2000/- | 02 माह वर्षा ऋतु सहित |
| 6 | 2025_PWDRB _456166_pack1 | पाटन उपसंभाग के अंतर्गत सिविल कोर्ट भवन में मरम्मत कार्य । | प्रथम | 20.00 | 40000/- | 2000/- | 02 माह वर्षा ऋतु सहित |
| 7 | 2025_PWDRB _456167_pack1 | पाटन उपसंभाग के अंतर्गत आवासीय भवनों में रंगाई पुताई डिस्टेम्परिंग | प्रथम | 10.00 | 20000/- | 2000/- | 06 माह वर्षा ऋतु सहित |
| 8 | 2025_PWDRB _456169_pack1 | सिविल लाईन स्थित न्यायाधीश बंगलों में रखरखाव एवं मरम्मत कार्य । | प्रथम | 19.99 | 40000/- | 2000/- | 02 माह वर्षा ऋतु सहित |
| 9 | 2025_PWDRB _456171_pack1 | पचपेढ़ी उपखण्ड स्थित गैर आवासीय भवनों में प्लास्टर मरम्मत, रंगाई पुताई एवं पेंटिंग का कार्य । | प्रथम | 19.98 | 40000/- | 2000/- | 02 माह वर्षा ऋतु सहित |
| 10 | 2025_PWDRB _456172_pack1 | पचपेढी उपखण्ड स्थित न्यायाधीश बंगलों में प्लास्टर मरम्मत, रंगाई पुताई एवं पेंटिंग का कार्य । | प्रथम | 19.98 | 40000/- | 2000/- | 02 माह वर्षा ऋतु सहित |
| 11 | 2025_PWDRB _456173_pack1 | नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडीकल कॉलेज के अंतर्गत नर्सिंग हॉस्टल एवं गर्ल्स हॉस्टल में सीवर लाईन, ड्रेनेज चेम्बर, विंडो ग्रिल एवं फ्लाईप्रूफ वायरमेश कार्य एवं अन्य आकस्मिक कार्य (डिपॉजिट कार्य।) | प्रथम | 20.00 | 40000/- | 2000/- | 02 माह वर्षा ऋतु सहित |
| 12 | 2025_PWDRB _456174_pack1 | नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडीकल कॉलेज के अंतर्गत भवनों में वाटर प्रूफिंग का कार्य। (डिपॉजिट कार्य ।) | प्रथम | 20.00 | 40000/- | 2000/- | 02 माह वर्षा ऋतु सहित |
| 13 | 2025_PWDRB _456175_pack1 | नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडीकल कॉलेज के अंतर्गत एच.डी.यू., सर्जरी विभाग एवं एनाटोमी विभाग में टॉयलेट का निर्माण, ग्रेनाईट सेल्वस, नर्सिंग स्टेशन एवं एल्युमिनियम पार्टीशन का कार्य एवं अन्य आकस्मिक कार्य। (डिपॉजिट कार्य ।) | प्रथम | 20.00 | 40000/- | 2000/- | 02 माह वर्षा ऋतु सहित |
| 14 | 2025_PWDRB _456178_pack1 | नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडीकल कॉलेज के अंतर्गत स्टेट कैंसर इंस्टीट्यूट में चैनल गेट, स्टेयरकेश, विंडो ग्रिल एवं फ्लोरिंग का कार्य एवं अन्य आकस्मिक कार्य। (डिपॉजिट कार्य ।) | प्रथम | 20.00 | 40000/- | 2000/- | 02 माह वर्षा ऋतु सहित |
| 15 | 2025_PWDRB _456181_pack1 | नेताजी सुभाष चंद्र बोस मैडीकल कॉलेज के अंतर्गत ऑर्थोपेडिक ओ.पी.डी., पी. आई. सी.यू. सर्जरी एवं पीडियाट्रिक विभाग में सीलिंग प्लास्टर मरम्मत, रंगाई पुताई, वाटर प्रूफिंग, फ्लोरिंग, बाथरूम रेनोवेशन एवं एल्युमिनियम पार्टीशन का कार्य । (डिपॉजिट कार्य ।) | प्रथम | 20.00 | 40000/- | 2000/- | 02 माह वर्षा ऋतु सहित |
| 16 | 2025_PWDRB _456183_pack1 | नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडीकल कॉलेज के अंतर्गत आकस्मिक मेडीसन विभाग में सी.एम.ओ. बाथरूम, स्टाफ बाथरूम एवं पेशेंट बाथरूम में रेनोवेशन कार्य एवं अन्य आकस्मिक कार्य। (डिपॉजिट कार्य ।) | प्रथम | 20.00 | 40000/- | 2000/- | 02 माह वर्षा ऋतु सहित |
| 17 | 2025_PWDRB _456184_pack1 | रूखरिया वाला टोला से नवीन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तक मार्ग निर्माण कार्य । | प्रथम | 50.81 | 50810/- | 10000/- | 04 माह वर्षा ऋतु सहित |

(1) निविदा प्रपत्र क्रय करने एवं निविदा ऑनलाईन अपलोड करने की अंतिम तिथि दिनांक 21/10 /2025 समय 17.30 बजे तक है । इलेक्ट्रानिक ई. एम. डी. (RTGS/NEFT) के माध्यम से एवं अन्य दस्तावेज केवल ऑनलाईन ही स्वीकार किये जावेगें ।(2) अन्य विस्तृत विवरण एवं संशोधन ऑनलाईन पोर्टल पर देखी जा सकती है। किसी भी प्रकार के संशोधन का पुन: प्रकाशन नहीं कराया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री
G-19779/25 "स्वच्छता ही सेवा" लोक निर्माण विभाग (भ / स ) संभाग क्रं. -2, जबलपुर

## चिंतन

# नोबेल पुरस्कार कमेटी ने भी ट्रंप के दावों की निकाली हवा

हिन्दी फिल्म का एक गीत है, दिल के अरमा आंसूओं में बह गए। यह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर सटीक बैठ रहा है। बीते एक साल से शांति का नोबेल पुरस्कार पाने के लिए उन्होंने न जाने कितने दावे किए। एक के बाद एक सात युद्ध रुकवाने की ताल ठोंकी। बकायदा खुद ही नोबेल मांग भी लिया। ट्रंप ने दावा किया कि सिर्फ सात महीनों में, मैंने सात अंतहीन युद्धों को समाप्त कर दिया है। इसमें कुछ 31 साल से चल रहे थे, एक 36 साल से। मैंने सात युद्ध समाप्त किए। सभी युद्ध अनगिनत लोगों की जान लेने के साथ भीषण रूप से चल रहे थे। मुझे लगता था कि इनमें से शायद सबसे बड़ा युद्ध रूस-यूक्रेन होगा। वे हर हफ़्ते लगभग 7,000 लोगों को खो रहे हैं, और यह बहुत बुरा लगता है। उन्होंने भारत-पाकिस्तान युद्ध में भी शांति करवाने के लिए मध्यस्थता करने का दावा किया था, जिसे भारत ने सिरे से खारिज कर दिया था। हालांकि पाकिस्तान ने उनकी भावना को स्वीकार करते हुए उन्हें नोबेल पुरस्कार के लिए नॉमिनेट किया था। पाकिस्तान के अलावा इजरायल ने भी डोनाल्ड ट्रंप को नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नॉमिनेट किया था, लेकिन डोनाल्ड ट्रंप को नोबेल शांति पुरस्कार नहीं मिल पाया। नोबेल शांति पुरस्कार 2025 इस बार वेनेज़ुएला की लोकतंत्र समर्थक नेता मारिया कोरिना मचाडो को दिया गया है। नॉर्वेजियन नोबेल समिति ने कहा कि यह सम्मान उन्हें वेनेज़ुएला के लोगों के लोकतांत्रिक अधिकारों के लिए उनके अथक संघर्ष और देश को तानाशाही से लोकतंत्र की ओर ले जाने के प्रयासों के लिए दिया गया है। मचाडो ने विपरीत परिस्थितियों में भी लोकतंत्र की ज्योति जलाए रखी और निरंकुश शासन के खिलाफ शांतिपूर्ण संघर्ष जारी रखा। समिति ने उन्हें लैटिन अमेरिका में नागरिक साहस की असाधारण मिसाल बताया है। एक समय पर विभाजित विपक्ष को एकजुट कर उन्होंने वेनेज़ुएला में "स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव की मांग को राष्ट्रीय आंदोलन का रूप दिया। माचाडो की यह नोबेल ऐसे समय में मिला है जब वेनेज़ुएला में तानाशाही शासन आ चुका है। आज देश मानवीय और आर्थिक संकट से गुजर रहा है, जहां अधिकांश नागरिक गरीबी में हैं जबकि सत्ता से जुड़े कुछ लोग असीमित लाभ उठा रहे हैं। सरकार की हिंसक मशीनरी अपने ही नागरिकों पर दमन कर रही है और अब तक करीब 80 लाख लोग देश छोड़ने को मजबूर हो चुके हैं। विपक्ष को चुनावी धांधली और फर्जी मुकदमों के जरिए जेलों में ठूंस दिया गया है। इस घोषणा के बाद व्हाइट हाउस के प्रवक्ता ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बजाय वेनेज़ुएला की विपक्षी नेता मारिया कोरिना मचाडो को शांति पुरस्कार देने के फैसले की तीखी आलोचना की है। साथ ही नोबेल कमेटी पर पुरस्कार देने में राजनीतिकरण किए जाने का आरोप लगाया है। असल में ट्रंप का मिजाज अलग तरह का है। वो हर काम में खुद को अव्वल साबित करने की कोशिशों में लगे रहते हैं। कोई माने या न माने, वो हमेशा खुद ही अपने काम का गुणगान करने लगते हैं। बीते दिनों एक वीडियो भी वायरल हुआ जिसमें यूरोपीय देश अल्बानिया के प्रधानमंत्री, आर्मेनिया के पीएम और फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों ट्रंप के दावे का मजाक उड़ाते नजर आ रहे हैं। कोपेनहेगन में आयोजित यूरोपीय राजनीतिक समुदाय की बैठक में अल्बानिया के प्रधानमंत्री एदी रामा ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की बार-बार की जाने वाली भौगोलिक गलतियों को लेकर चुटकी ली थी। अब नोबेल पुरस्कार कमेटी ने भी ट्रंप के दावों की हवा निकल दी है।

# लोकतंत्र की पैरोकार को नोबेल पुरस्कार



पुरस्कार
प्रो. कन्हैया त्रिपाठी

नॉर्वेजियन नोबेल समिति ने 2025 का नोबेल शांति पुरस्कार एक साहसी और समर्पित शांति समर्थक को देने का निर्णय लिया। एक ऐसी महिला जो अंधकार के बढ़ते दौर में लोकतंत्र की ज्योति को जलाने की कोशिश कीं। उन्हें यह सम्मान अपने देश में लोकतंत्र और मानवाधिकारों के लिए शांतिपूर्ण संघर्ष करने और तानाशाही शासन को समाप्त करने की मुहिम के लिए मिला है। मारिया मचाडो लंबे समय से वेनेजुएला में सत्तावादी राष्ट्रपति निकोलस मादुरो के खिलाफ लोकतांत्रिक आंदोलन की अगुवाई करती रही हैं। उन्होंने अहिंसक प्रतिरोध किया। शांतिपूर्ण जन-आंदोलन और राजनीतिक संवाद के ज़रिए बदलाव की राह चुनी।

पूरी दुनिया में नोबेल शांति पुरस्कार हर वर्ष लोगों की जिज्ञासा का विषय होता है। इस वर्ष भी नोबेल शांति पुरस्कार कम विमर्श के केंद्र में नहीं रहा। खासकर, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की अपनी इस पुरस्कार को पाने की महत्वाकांक्षा बहुत ज्यादा हो गई थी। उन्होंने खुद को इस प्रकार प्रोजेक्ट किया कि उनसे अधिक सुयोग्य कोई है ही नहीं। उन्होंने कई देशों के राष्ट्राध्यक्षों से स्वयं का नॉमिनेशन करवाया। पाकिस्तान तो संयुक्त राष्ट्र महासभा में ट्रंप को इस पुरस्कार के लिए सबसे योग्य बताया। लेकिन दुखद यह है कि सात से अधिक देशों ने उन्हें नॉमिनेट किया लेकिन पुरस्कार नहीं मिला। वह अमेरिका के उन चार राष्ट्रपतियों के साथ अपना नाम इतिहास में दर्ज कराना चाहते थे जिन्हें नोबेल शांति पुरस्कार मिला है। ग्रेता थनबर्ग समेत दुनिया के और बहुत से नॉमिनेशन हुए थे। नोबेल की इच्छा रखने वाले ये सक्रिय लोग भी निराश हुए होंगे जिन्हें यह लगता था कि यह पुरस्कार इस बार उन्हें मिल जाएगा। नोबेल शांति पुरस्कार 2025 की घोषणा हुई तो पता चला कि यह पुरस्कार इस वर्ष मारिया कोरिना मचाडो को मिला।

जैसा कि पूरी दुनिया को पता है कि नोर्वेजियन नोबेल समिति ने 2025 का नोबेल शांति पुरस्कार एक साहसी और समर्पित शांति समर्थक को देने का निर्णय लिया। एक ऐसी महिला जो अंधकार के बढ़ते दौर में लोकतंत्र की ज्योति को जलाने की कोशिश कीं। उन्हें यह सम्मान अपने देश में लोकतंत्र और मानवाधिकारों के लिए शांतिपूर्ण संघर्ष करने और तानाशाही शासन को समाप्त करने की मुहिम के लिए मिला है। मारिया मचाडो लंबे समय से वेनेज़ुएला में सत्तावादी राष्ट्रपति निकोलस मादुरो के खिलाफ लोकतांत्रिक आंदोलन की अगुवाई करती रही हैं। उन्होंने अहिंसक प्रतिरोध किया। शांतिपूर्ण जन-आंदोलन और राजनीतिक संवाद के ज़रिए बदलाव की राह चुनी। नोबेल कमेटी ने उनके इस प्रयास को लोकतांत्रिक मूल्यों की वैश्विक रक्षा का प्रतीक बताया। यह पुरस्कार ऐसे समय आया है जब वेनेज़ुएला में लोकतंत्र को लेकर चिंता बढ़ रही है। मचाडो के संघर्ष ने वहां के नागरिक समाज को नई ऊर्जा दी है। इसी ऐलान के साथ डोनाल्ड ट्रंप का नोबेल पुरस्कार जीतने का सपना टूट गया। 2025 की नोबेल शांति पुरस्कार जूरी ने मारिया कोरिना मचाडो को इसके काबिल समझा। वस्तुतः मचाडो एक ऐसी राजनीतिक विपक्ष की एक प्रमुख और एकजुट करने वाली शख्सियत रही हैं। उन्होंने लोकतंत्र की आत्मा को समझा और अपनी इच्छाशक्ति को भी जो जन-शासन के सिद्धांतों की रक्षा को समर्पित रहे हैं। वेनेज़ुएला के आपसी मतभेद को उन्होंने ख़त्म किया, खतरे में पड़े लोकतंत्र को बचने हेतु सशक्त आवाज़ बनीं। लोकतंत्र की क्रूर सत्ता को चुनौती देकर उन्होंने तानाशाही को एक तरह से ललकारा। मानवीय और आर्थिक संकट से जूझ रहे वेनेज़ुएला को बचने के लिए आगाह किया और आगे बढ़कर बचाया भी। पूरी दुनिया को पता है कि अधिकांश वेनेज़ुएलाई नागरिक गहरी गरीबी में जीवन बिता रहे हैं। सत्ता में बैठे कुछ लोग खुद को समृद्ध कर रहे हैं। राज्य की हिंसक मशीनरी देश के अपने ही नागरिकों के खिलाफ खड़ी हो चुकी है। लगभग 80 लाख लोग देश से पलायन कर चुके हैं। विपक्ष को सुनियोजित तरीकों से कुचल दिया गया।



चुनावों में धांधली, कानूनी मुकदमे और जेल की सजा के जरिए जिन्हें जेल में नहीं होना चाहिए, वे जेल में बंद हुए और सजा काट रहे हैं। किसी भी लोकतंत्र के लिए कितना कष्टमय और खतरनाक होता है उस देश के लोकतंत्र की हत्या जब हो जाती है। वेनेज़ुएला के लोगों को लोकतांत्रिक अधिकारों के लिए स्पेस न हो और तानाशाही से लोकतंत्र कुचल दिया गया हो तो ऐसे में न्यायपूर्ण, शांतिपूर्ण परिवर्तन के लिए संघर्ष को किसी ने नेतृत्व प्रदान किया तो उस नेतृत्व का नाम है मारिया। यह उनकी उस सभ्यता के साथ लड़ाई मानी गई है जो अपने क्रूरतम षड्यंत्र में देश को फंसाकर अपने हितों को साध रही थी। सबसे अहम् बात यह है कि जब तानाशाह सत्ता पर कब्जा करते हैं, तब यह बेहद जरूरी हो जाता है कि हम उन साहसी स्वतंत्रता सेनानियों को पहचानें जो उठते हैं, और विरोध करते हैं। लोकतंत्र उन लोगों पर निर्भर करता है जो चुप नहीं रहते, जो गंभीर खतरे के बावजूद आगे बढ़ते हैं। जो हमें याद दिलाते हैं कि स्वतंत्रता को कभी भी हल्के में नहीं लेना चाहिए। इसकी हमेशा रक्षा करनी होती है चाहे शब्दों से, साहस से और संकल्प के साथ। इस बात का जिक्र नोबेल पुरस्कार की घोषणा करते हुए जूरी ने भी की है कि मरिया मचाडो ने शब्दों से, साहस से व संकल्प से इस तानाशाही से संघर्ष किया और उन अधिकारों की पैरोकार बनीं जिससे वेनेज़ुएला के नागरिक आहत हो चुके थे या देश छोड़कर जा चुके हैं। अंधकार के बढ़ते माहौल में लोकतंत्र की लौ को जलाए रखने वाली मारिया कोरिना मचाडो का व्यक्तिगत जीवन भी बहुत शानदार रहा है। उन्होंने इंजीनियरिंग और वित्त की पढ़ाई की। 1992 में, मारिया ने अतेनिया फाउंडेशन की स्थापना की, जो कराकास में सड़क पर रहने वाले बच्चों के कल्याण के लिए काम करती है। 2010 में, मरिया विधानसभा के लिए निर्वाचित हुईं और रिकॉर्ड वोटों से जीतीं। लेकिन कुछ वर्षों बाद 2014 में शासन ने उन्हें पद से निष्कासित कर दिया। मारिया कोरिना मचाडो वेंते वेनुजुएला नामक विपक्षी पार्टी का नेतृत्व करती हैं। 2017 में सोय वेनेज़ुएला गठबंधन की स्थापना में भी मरिया मचाडो का योगदान रहा है, जो देश की लोकतांत्रिक ताकतों को राजनीतिक विभाजन के पार एकजुट करता है।

अभी दो वर्ष पूर्व 2023 में उन्होंने 2024 के राष्ट्रपति चुनावों में अपनी उम्मीदवारी की घोषणा की थी। जब शासन ने उन्हें चुनाव लड़ने से रोक दिया, तो उन्होंने विपक्ष के वैकल्पिक उम्मीदवार एडमुण्डो गोंजालेज़ उरुतिया का समर्थन किया। विपक्ष ने व्यापक स्तर पर जनसमर्थन जुटाया। व्यवस्थित रूप से यह दस्तावेज़ीकरण किया कि उन्होंने चुनाव में जीत हासिल की है। लेकिन शासन ने खुद को विजेता घोषित कर लिया और सत्ता पर अपनी पकड़ और मजबूत कर ली, यह बात उन्हें रास न आई और वह एक मुखर प्रतिरोध की संस्कृति की वाहक बन गयीं। नोबेल शांति पुरस्कार 2025 जूरी ने तर्क दिया है कि लोकतंत्र, जिसे इस रूप में समझा जाता है कि हर व्यक्ति को अपनी राय स्वतंत्र रूप से व्यक्त करने का अधिकार है। अपना मत डालने का अधिकार है। एक निर्वाचित सरकार में प्रतिनिधित्व प्राप्त करने का अधिकार है वस्तुतः यही शांति की नींव है, चाहे वह किसी देश के भीतर हो या देशों के बीच हो।

सुश्री मचाडो ने इस प्रकार एक नई परिभाषा लोकतंत्र के बहाने पूरी दुनिया को दी जो वेनेज़ुएला के साथ पूरी दुनिया के लिए शांति व अमन, विकास व स्थायी गरिमा के लिए मिसाल बन गया है। नोबेल शांति पुरस्कार की जूरी ने सुश्री मारिया को यह पुरस्कार देकर ट्रंप को भी एक सबक दिया है कि पुरस्कार पाने के पैमाने कुछ और हैं, जबरदस्ती नॉमिनेशन कराकर यह सम्मान हासिल नहीं किया जा सकता।

( लेखक अहिंसक सभ्यता के पैरोकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## जयंती विशेष

आस्था अग्रवाल




# जेपी नारायण ने लोकतंत्र की चेतना को नया स्वर दिया

भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में 11 अक्टूबर का दिन एक नैतिक स्मृति के रूप में अंकित है। इसी तिथि को 1902 में बिहार-उत्तर प्रदेश की सीमा पर स्थित सिताबदियारा ग्राम में जयप्रकाश नारायण का जन्म हुआ, ऐसे व्यक्तित्व का, जिसने भारतीय राजनीति को जनसहभागिता और नैतिक उत्तरदायित्व की दिशा दी। लोकमानस ने उन्हें 'लोकनायक' कहा, क्योंकि उन्होंने जनता को केवल मतदाता नहीं, बल्कि शासन का वास्तविक केंद्र माना। जयप्रकाश नारायण का प्रारंभिक जीवन संघर्ष और आत्मनिर्भरता का प्रतीक था। पटना और बनारस में शिक्षा प्राप्त करने के बाद वे 1922 में उच्च अध्ययन हेतु अमेरिका गए। वहां उन्होंने समाजशास्त्र और राजनीति विज्ञान का अध्ययन किया और जीविका के लिए खेतों, कारखानों और रेस्तरां में कार्य किया। इस अनुभव ने उन्हें सिखाया कि श्रम ही समाज का सच्चा आधार है, और यहीं से उनके समाजवाद की नींव पड़ी। अपने प्रसिद्ध निबंध 'समाजवाद क्यों?' (1936) में उन्होंने लिखा "समाजवाद केवल आर्थिक संरचना का प्रश्न नहीं, बल्कि मनुष्य की आत्मा में नैतिक परिवर्तन की प्रक्रिया है।" भारत लौटने पर वे गांधीजी और नेहरू से जुड़े और कांग्रेस सोशलिस्ट पार्टी की स्थापना में अग्रणी भूमिका निभाई। 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन में उन्होंने सक्रिय भाग लिया और नासिक जेल भेजे गए। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद जब अधिकांश नेता सत्ता-संरचना का हिस्सा बने, तब जयप्रकाश नारायण ने उससे दूरी बनाई। सरकार में सम्मिलित होने के प्रस्तावों को अस्वीकार करते हुए उन्होंने कहा-"मैं सत्ता में नहीं, समाज में रहकर कार्य करना चाहता हूँ।" उनके लिए राजनीति का अर्थ शासन नहीं, बल्कि समाज-निर्माण था। 1950 के दशक में वे विनोबा भावे के भूदान और सर्वोदय आंदोलनों से जुड़े, जहां उन्होंने ग्राम-स्वराज्य को भारतीय लोकतंत्र का मूलाधार बताया। उनके शब्दों में- "लोकतंत्र वह संरचना है जिसमें निर्णय और शक्ति का स्रोत जनता के सबसे निकट स्तर पर हो।" 1970 के दशक का राजनीतिक परिदृश्य भ्रष्टाचार और असंतोष से भरा था। इसी काल में बिहार से संपूर्ण क्रांति का आह्वान हुआ, जो सत्ता परिवर्तन नहीं, बल्कि समाज के नैतिक पुनर्जागरण का संदेश थी। अपने प्रसिद्ध भाषण में उन्होंने युवाओं से कहा-"मेरे नौजवान मित्रों, भ्रष्टाचार के विरुद्ध संघर्ष ही सच्ची आज़ादी की लड़ाई है।" छात्रों और युवाओं की भागीदारी ने इस आंदोलन को राष्ट्रीय स्वरूप दिया। 1974 का बिहार आंदोलन शीघ्र ही भारतीय लोकतंत्र के पुनर्जागरण का प्रतीक बन गया। उन्होंने स्पष्ट किया कि क्रांति केवल राजनीतिक सत्ता परिवर्तन नहीं, बल्कि व्यक्ति, समाज, शिक्षा, संस्कृति और अर्थव्यवस्था के स्तर पर नैतिक पुनर्जन्म की प्रक्रिया है। जब 1975 में आपातकाल घोषित हुआ, तब जयप्रकाश नारायण भारतीय लोकतंत्र की अंतरात्मा की आवाज़ बनकर उभरे। जेल में रहते हुए उन्होंने 'जेल डायरी' में लिखा-"सत्ता का अहंकार जब जनता की आवाज़ को दबाता है, तब मौन भी प्रतिरोध बन जाता है।"आपातकाल की समाप्ति के बाद उन्होंने जनता पार्टी के गठन में मार्गदर्शक की भूमिका निभाई, परंतु कोई पद स्वीकार नहीं किया। उनके लिए सत्ता का उद्देश्य आत्मसिद्धि नहीं, जनकल्याण था और यही उन्हें गांधी परंपरा के सबसे प्रामाणिक उत्तराधिकारी के रूप में प्रतिष्ठित करता है। लोकनायक का जीवन उनके सिद्धांतों का साक्ष्य था। उन्होंने जीवनभर कोई निजी संपत्ति नहीं जोड़ी। पटना के कदमकुआं स्थित उनके सादे आवास में कुछ पुस्तकें, पत्र और खादी के वस्त्र ही उनकी सम्पत्ति थे। गंभीर रोग से ग्रस्त रहने के बावजूद वे अंतिम समय तक भारत के भविष्य को लेकर चिंतनशील रहे। उन्होंने कहा था- "शरीर थक गया है, पर देश के लिए चिंता अभी बाकी है।" बिहार उनके विचारों की प्रयोगभूमि रहा। यहीं से उन्होंने युवाओं को लोकशक्ति का महत्व सिखाया और लोकतंत्र की चेतना को नया स्वर दिया। बिहार आंदोलन ने यह सिद्ध किया था कि जब जनता नैतिकता की मांग करती है, तो सत्ता को झुकना पड़ता है। उन्होंने लोकतंत्र को जनता की सजगता से जोड़ा था, यह मानते हुए कि शासन की गुणवत्ता नागरिक चेतना पर निर्भर करती है। उनका स्मरण किसी दल की प्रशंसा नहीं, बल्कि मतदाता के विवेक को जगाने का अवसर होना चाहिए। आज जब भारत अपनी लोकतांत्रिक परिपक्वता की परीक्षा से गुजर रहा है, लोकनायक का स्मरण केवल श्रद्धांजलि नहीं, बल्कि आत्ममंथन का अवसर है। उनकी विरासत हमें यह सिखाती है कि -"महानता सत्ता से नहीं, आचरण से आती है।"और शायद यही कारण है कि जयप्रकाश नारायण आज भी भारतीय लोकतंत्र की अंतरात्मा के सबसे निर्मल स्वर बने हुए हैं ।

(लेखिका शोध छात्रा है, ये उनके अपने विचार हैं।)

# हमारा वास्तविक स्वभाव क्या है?



संकलित
## दर्शन

जीवन क्या है? इसका उद्देश्य क्या है? ये प्रश्न जितने सरल लगते हैं, उतने ही रहस्यमय भी हैं। इन्हें जितना समझने की कोशिश करते हैं, वे उतने ही उलझते जाते हैं। दरअसल, जानना हृदय का विषय नहीं है, जीना हृदय का विषय है। रहस्य समझने के लिए नहीं, बल्कि जीने के लिए हैं। जीवन के रहस्य को जीना ही आनंद है। ज्ञान प्राप्त होने से पहले लगता है कि हममें अज्ञान नहीं है। लेकिन जैसे-जैसे ज्ञान बढ़ता है, तो लगता है हममें काफी अज्ञान है। एक कहावत है, आत्मज्ञान होने से पहले लकड़ी काटो और पानी भर कर लाओ। आत्मज्ञान के बाद भी, लकड़ी काटो और पानी भर कर लाओ। अंतर इतना है कि पहले हम दुखी रहकर काम करते थे। लेकिन आत्मज्ञान के बाद वही कार्य आनंद से करते हैं। हमारा जीवन कितना उत्तम है, यह हमारे मन की अवस्था पर निर्भर करता है। हम वही सुनना पसंद करते हैं, जिसमें हमारी रुचि होती है। जब हमारा जीवन प्रेम में केंद्रित होता है, तो हम प्रेम के बारे में जानना चाहते हैं। जब जीवन बच्चों के इर्द-गिर्द घूमता है, तो हम बच्चों के बारे में ही सुनना चाहते हैं। जो हमारी इच्छा हो, हमें वही सुनना पसंद है और हमारी इच्छाओं का कभी अंत ही नहीं होता।

# अनुकरण अच्छा, अंधानुकरण नहीं



संकलित
## प्रेरणा

एक गाँव में दो युवक रहते थे। दोनों में बड़ी मैत्री थी। जहाँ जाते साथ-साथ जाते। एक बार दोनों एक धनी व्यक्ति के साथ उसकी ससुराल गए। किसी धनी व्यक्ति के साथ रहने का यह पहला अवसर था, सो वे अपने धनी मित्र की प्रत्येक गतिविधि ध्यान से देखते रहे। गरमियों के दिन थे। रात में उक्त युवक के लिए शयन की व्यवस्था खुले स्थान पर की गई। पर्याप्त शीतलता बनी रहे इसके लिए वहाँ चारों तरफ जल छिड़का गया और रात को ओढ़ने के लिए बहुत ही हलकी मखमली चादर दी गई। अन्य दोनों युवकों ने इतना ही जाना कि इस तरह का रहन-सहन बड़प्पन की बात है। कुछ दिन बाद उन्हें भी अपनी-अपनी ससुराल जाने का अवसर मिला पर वे दिन गरमी के न होकर शीत के थे। नकल तो नकल ही है। दोनों ने अपना बड़प्पन जताने के लिए बिस्तर खुले आकाश के नीचे लगवाया, लोगों के लाख मना करने पर भी उन्होंने बिस्तर के आस-पास पानी भी छिड़कवाया और ओढ़ने के लिए कुल एक-एक चादर वह भी हलकी ली। रात को पाला पड़ गया सो दोनों को निमोनियाँ हो गया । चिकित्सा कराई गई तब कठिनाई से जान बची। इतनी कथा सुनाने के बाद गुरुजी ने शिष्य को समझाया–' तात ! उचित और अनुचित का विचार किए बिना जो औरों का अनुकरण करता है वह मूर्ख ऐसे ही संकट में पड़ता है जैसे वह दोनों युवक।' !

## सटाका




## आज की पाती

### डाक विभाग की कमियों को दूर किया जाए

नौ अक्टूबर को विश्व डाक दिवस मनाया जाता है और इसी उपलक्ष्य पर 9 अक्टूबर से विश्व डाक सप्ताह मनाया जा रहा है। इस दौरान सरकार और डाक विभाग इससे संबंधित योजनाओं और डाक विभाग के अन्य कार्यों के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए अभियान चलाते हैं। दुनिया में डाक का विस्तार हो, और यह सुगम हो, इसके लिए दुनिया के लगभग 22 देशों ने एक संधि पर हस्ताक्षर 9 अक्टूबर 1874 को करके जनरल पोस्टल यूनियन का गठन किया था। हमारा देश 1 जुलाई 1876 को यूनिवर्सल पोस्टल यूनियन का सदस्य बना था। हमारा देश गांवों का देश है, यहां आज भी कुछ हद तक डाक प्रणाली की बहुत जरूरत और अहमियत हैं। डाक विभाग ही लोगों के पत्र और दूसरे बहुत से सामान को गंतव्य तक पहुंचाता है। **- मुकेश गुप्ता**, दुर्ग

## करंट अफेयर

# जापान के कोमेइतो पार्टी ने सत्तारूढ़ पार्टी का साथ छोड़ा



जापान की कोमेइतो पार्टी के प्रमुख ने कहा है कि भ्रष्टाचार से जुड़ी चिंताओं के कारण वह लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी (एलडीपी) के नेतृत्व वाले सत्तारूढ़ गठबंधन से अलग हो रहे हैं। कोमेइतो नेता तेत्सुओ सेइतो द्वारा शुक्रवार को घोषित निर्णय लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी के सदस्यों के लिए एक बड़ा झटका है, जिन्होंने पिछले सप्ताहांत धुर–रूढ़िवादी सांसद साने ताकाइची को अपना नेता चुना था। ताकाइची अभी भी जापान की पहली महिला प्रधानमंत्री बन सकती हैं, लेकिन बौद्ध समर्थित कोमेइतो के साथ छोड़ देने से लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी को सत्ता में बने रहने के लिए कम से कम एक अन्य गठबंधन सहयोगी खोजने के लिए बाध्य होना पड़ेगा। साने ताकाइची ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि सेइतो ने 'गठबंधन छोड़ने के निर्णय की एकतरफा घोषणा की है', जबकि उन्होंने और एलडीपी महासचिव शुनिची सुजुकी ने कहा था कि लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी उनके द्वारा उठाए गए मुद्दों पर चर्चा करेगी और तुरंत जवाब देगी। ताकाइची ने कहा, 'हम 26 वर्षों से एकसाथ थे और यह बेहद निराशाजनक था, लेकिन अंत में हम ऐसे अलग हुए।' सत्तारूढ़ गठबंधन पहले ही संसद के दोनों सदनों में अपना बहुमत खो चुका है। निचले सदन में इस महीने के अंत में नये प्रधानमंत्री के लिए मतदान होना है।

## ऑफ बीट

# पेयजल से माइक्रोप्लास्टिक हटाने में मिली सफलता



माइक्रोप्लास्टिक हमारी प्लास्टिक की दुनिया के अंश हैं, जो बड़े वस्तुओं के टूटने से या सिंथेटिक कपड़ों और पैकेजिंग जैसे उत्पादों से उत्पन्न होते हैं। अब ये हर जगह मौजूद हैं। वैज्ञानिकों का अनुमान है कि दुनिया के सतही जल में लगभग 51 खरब कण तैर रहे हैं, और दक्षिण अफ्रीका के नल के पानी में भी इनका निम्न स्तर पाया गया है। यही चिंता का विषय है क्योंकि ये कण रसायन और हानिकारक बैक्टीरिया के वाहक बन सकते हैं, मछलियों और अन्य वन्य जीवों द्वारा खाए जा सकते हैं, और हमारे शरीर में भी पहुंच सकते हैं। हम जल वैज्ञानिक हैं और इस समस्या के समाधान की तलाश में हैं। हाल ही में किए गए एक अध्ययन में, हमने एक व्यावहारिक समाधान का परीक्षण किया – दो ''चुंबकीय सफाई पाउडर'' जो पानी में मौजूद माइक्रोप्लास्टिक्स पर चिपक सकते हैं। इन गुच्छों को फिर एक चुंबक की मदद से बाहर निकाला जा सकता है। इन पदार्थों को चुंबकीय नैनोकंपोजिट कहा जाता है (इनकी कल्पना विशेष सतहों वाले बहुत महीन पाउडर के तौर पर की जा सकती है)। इसके पीछे का विचार बहुत सरल है। पानी में पाउडर की थोड़ी मात्रा मिलाएं, इसे माइक्रोप्लास्टिक्स को आकर्षित करने और उनसे जुड़ने दें, और फिर पाउडर–प्लास्टिक समूहों को हटाने के लिए एक शक्तिशाली चुंबक का उपयोग करें, जिससे स्वच्छ पानी बचेगा।

## ट्रेंड

### आवंटियों को फ्लैट्स सौंपे



किसी भी परिवार का एक सपना होता है कि उनका अपना घर हो। इस सपने को साकार करते हुए जनपद गोरखपुर में आज आवासीय परियोजना के अंतर्गत ईडब्ल्यूएस/एलआईजी फ्लैट्स के आवंटियों को चाबी वितरित की।

**- योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र**

### पारदर्शी तरीके से नौकरी



असम ने आज एक बार फिर यह साबित किया है कि बिना किसी धांधली या विवाद के भी पारदर्शी तरीके से सरकारी भर्ती परीक्षाओं के परिणाम घोषित किए जा सकते हैं। हमने चुनाव में 1 लाख सरकारी नौकरियों का वादा किया था, लेकिन अब हम लगभग 2 लाख नौकरियां दे रहे हैं।

**- हिमंत बिस्वा सरमा, सीएम, बिहार**

### झूठ बोलती है सरकार



दो महीने से पेंशन नहीं मिली! हम अगर एचआरटीसी के कर्मचारियों की हक़ की बात करें तो सरकार झूठ बोलने पर उतारू हो जाती है। पेंशन समय से जारी करने की बात करें तो मंत्री इस्तीफे की चुनौती देकर सनसनी फैलाते हैं और सुर्खियां बटोरते हैं।

**-जयराम ठाकुर, पूर्व सीएम, हिमाचल**

### शिक्षा व्यवस्था दयनीय



दुर्भाग्यपूर्ण है कि आज शिक्षा जैसी बुनियादी ज़रूरतों के लिए भी हमारे झारखंड के युवाओं को आंदोलन का सहारा लेना पड़ रहा है। यह स्थिति राज्य की शिक्षा व्यवस्था की संवेदनहीनता को दर्शाती है।

**- बाबूलाल मरांडी, भाजपा नेता**

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## परासिया के वकीलों ने रंगनाथन का केस लड़ने से किया इंकार

# भारी पुलिस बल के साथ रंगनाथन कोर्ट में पेश, मिली 10 दिनों की रिमांड



हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

कफ सिरप कंपनी के मालिक गोविंदन रंगनाथन को शुक्रवार शाम परासिया कोर्ट में पेश किया गया । जहां से विस्तृत पूछताछ के लिए पुलिस को 10 दिनों की रिमांड मिली । शुक्रवार सुबह से ही परासिया थाना और कोर्ट परिसर में मीडिया , पीड़ति परिवार और लोगों की भीड़ लगी रही । भारी पुलिस बल की मौजूदगी में आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया ।जिस जहरीले कफ सिरप से अब तक 22 बच्चों की मौत हो गई , उस कफ सिरप कंपनी के मालिक गोविंदन रंगनाथन को एसआईटी की टीम ने तमिलनाडु से गिरफ्तार कर परासिया लाया । यह खबर लगते ही शुक्रवार सुबह से ही आरोपी को देखने लोगों की भीड़ परासिया थाने और कोर्ट परिसर में लगी रही । न्यूज़ कवरेज के लिए भी बड़ी संख्या में मीडिया कर्मी दोनों जगह मौजूद रहे । पुलिस ने बड़ी मशक्कत के बाद आरोपी रंगनाथन को शाम 5 : 17 बजे थाने से कोर्ट ले गई । जहां पहले से ही मौजूद भीड़ फांसी दो के नारे लगाते रहे । कोर्ट में पेश कर पुलिस ने रिमांड मांगी , जो मंजूर कर ली गई और 10 दिनों की रिमांड दी गई है ।



**थाने में ही हुआ मुलाहेजा :-** सुरक्षा की दृष्टि से एक ओर जहां पुलिस ने भारी पुलिस बल इकठ्ठा कर रखा था , वहीं कोर्ट में पेश करने के पूर्व आरोपी का मेडिकल मुलाहेजा थाने में ही कराया गया ।

**वकीलों ने केस लड़ने से किया इंकार :-** अधिवक्ता संघ परासिया के अध्यक्ष श्याम कुमार साहू ने बताया है कि परासिया और छिंदवाड़ा का कोई भी वकील आरोपी रंगनाथन का केस नहीं लड़ेगा और इसका केस लड़ने बाहर से आने वाले वकीलों का विरोध भी किया जाएगा ।

## मासूम बच्चों को दी गई श्रद्धांजलि




**इकलेहरा / परासिया :-** जहरीले कफ सिरप से मरने वाले बच्चों को प्रति हर कोई अपनी संवेदनाएं व्यक्त कर रहा है , कोई मृतक बच्चों के घर जाकर परिजनों से मिलकर सांत्वना दे रहा है , तो कहीं कैंडल मार्च निकाला जा रहा है । शुक्रवार को ग्राम ईकलेहरा में भी परासिया में हुई गलत इलाज के चलते 24 मासूम बच्चों की मौत हो गई । जिनकी आत्मा की शांति के इकलेहरा बस स्टैंड में मासूमों को श्रद्धांजलि दी गई । इस दौरान उपसरपंच फखरूल सिद्दीकी , इलियास सिद्दीकी , राजेंद्र पाटेकर , संजय बन्देवार , संजय पंडोले , अमित कुमार , हेमालाल यदुवंशी , विक्की लाउतरे , अरविन्द चौरसिया , धनसिंग बन्देवार , उमेश साहू , आकाश साहू , अनवर खान , विनोद कोचे और नईमउल्ला (गुड्डू भाई ) मौजूद रहे।

## बिछुआ में शहर कांग्रेस कमेटी ने निकाला मौन कैंडिल मार्च

**बिछुआ।** जिले में जहरीले कफ सिरप के पीने से हुई नौनिहालों की मौत पर जिला कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर गुरूवार को बिछुआ में ब्लाक और शहर कांग्रेस कमेटी के द्वारा मौन कैंडिल मार्च निकाला गया। मौन कैंडिल मार्च ब्लाक कांग्रेस कार्यालय से प्रारंभ होकर बस स्टैंड, बाजार चौक, पुराना बाजार चौक होते हुए शहीद स्मारक पहुंचा, जहां कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस कैंडिल मार्च में कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष इन्द्रपाल सिंह पटेल, कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष पृथ्वीराज सिंह ठाकुर, शहर कांग्रेस अध्यक्ष लेखराम मालवीय, कार्यकारी अध्यक्ष सुनील साहू, वरिष्ठ कांग्रेसी मोतीसिंग ठाकुर, कैलाश मालवीय, पार्षद राजकुमार मरावी, कैलाश यादव, हितेन्द्र पवार, दिनेश गोनेकर, युवक कांग्रेस अध्यक्ष किरण कोडपे, प्रकाश उइके, महिला कांग्रेस अध्यक्ष आरती शर्मा, नगर अध्यक्ष संगीता पवार, राधेश्याम मालवीय, पवन रंगारे, विनोद डोंगरे, निशिकांत धुर्वे, विपिन उइके, आबिद अली, अफजल खान, रोहित साहू, सतीश बोबड़े, राजा मिनोटे, मिथुन मिनोटे, धनपत उइके, दीपक खडसे, रितिक श्रीवास, अजाबराव मिनोटे, गौरव शिवहरे, राहुल डेहरिया,ज्योति कालभूते,समेत बड़ी संख्या में कांग्रेस के अनुसंगिक संगठन के पदाधिकारी उपस्थित थे।



## प्रशासन जानबूझकर कर रहा दवाई विक्रेता पर कार्यवाही

**सौंसर।** कफ सिरप मामले में लगातार दवाई दुकानदारों पर हो रही कार्रवाई को लेकर सौसर औषधि विक्रेता द्वारा गुरुवार को सौसर प्रशासन को ज्ञापन सौंपते हुए अनिश्चितकालीन पर चले गए है।प्रशासन को सोफे ज्ञापन में दवाई विक्रेताओं के द्वारा अधिकारियों पर बिना कारण दवाई दुकानदारों को परेशान करने एवं प्रकरण बनाने का भी आरोप लगाया है।रैली निकाल कर नारेबाजी करते हुए तहसील कार्यालय पहुंचे औषधि विक्रेता संघके अध्यक्ष राधावल्लभ राठी, सतीश गाडगे, रत्नाकर खडतकर पिंटू मानेकर, ने बताया कि कफ सिरप के मामले में जिन बच्चों की मृत्यु हुई है उनके साथ में हमारी गहरी संवेदनाएं हैं। छिंदवाड़ा एवं पांढुर्णा जिले में मासूम बच्चों की मृत्यु से हमारा पूरा केमिस्ट परिवार दुखी है। प्रशासन के द्वारा इस घटना के बाद से एंटीकोल एवं कफ सिरप को लेकर जिले दुकानों पर प्रशासन द्वारा अनुचित कार्रवाई कर परेशान किया जा रहा है।जिससे केमिस्ट के परिवार भयभीत एवं परेशान है। घटना में दोषी दवा कंपनी संचालक है उसपर कार्रवाई होनी चाहिए,परंतु प्रशासन के द्वारा जबरदस्ती निर्दोष दवाई दुकानदारों को परेशान किया जा रहा है।प्रशासन की अनुचित कार्यवाही पर तत्काल रोक लगनी चाहिए, अनुचित कार्रवाई के कारण क्षेत्र के सभी दवाई दुकानदारों के द्वारा अनिश्चितकालीन हड़ताल दुकाने बद की गई है।



# पुलिस वालों ने ‘लूट’ लिए 3 करोड़! एसडीओपी पूजा पांडेय सस्पेंड, 9 अधिकारी-कर्मचारियों पर भी एक्शन

**मध्य प्रदेश में जिस पुलिस पर चोरों को पकडने की जिम्मेदारी थी उसी पुलिस पर हवाला के करीब 3 करोड़ रुपए आपस में बांटने के आरोप लगे हैं. मामला सिवनी के बंडोल थाना क्षेत्र का है. जब इस पूरी ‘लूट’ का खुलासा हुआ तो पुलिस विभाग में हडक़ंप मच गया. पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना ने इस मामले में एसडीओपी पूजा पांडेय को निलंबित कर दिया है. वहीं, 9 पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों पर भी गाज गिरी है।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

मामला मध्य प्रदेश के सिवनी जिले का है. बंडोल थाना पुलिस को जानकारी मिली थी कि 8 अक्टूबर को जालना का रहने वाला एक शख्स सोहनलाल परमार अपने कुछ साथियों के साथ महाराष्ट्र की गाड़ी में सवार होकर हवाला के 3 करोड़ रुपए लेकर कटनी से नागपुर जा रहा है। इस जानकारी के आधाक पर पुलिस ने जंगल में रात करीब 1 से 2 बजे के बीच आरोपियों को पकड़ लिया. इतना ही नहीं हवाला के 3 करोड़ रुपए कब्जे में ले लिए. आरोप है कि इसके बाद पुलिसकर्मियों ने आरोपियों को मौके से धमकाकर भगा दिया और बरामद किए करीब 3 करोड़ रुपए आपस में ही बांट लिए।



एसडीओपी पूजा पांडेय

### 1.5 करोड़ रुपए लौटाए

जांच में सामने आया कि जब व्यापारियों ने इस मामले की शिकायत की तो पुलिसकर्मियों ने उन्हें 1.5 करोड़ रुपए लौटा दिए और बाकी के पैसे अपने पास रखे.

### एसडीओपी पूजा पांडेय सस्पेंड-डीजीपी

इस मामले में डीजीपी कैलाश मकवाना ने आदेश जारी कर महिला एसडीओपी पूजा पांडेय को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है. यह कार्रवाई पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) जबलपुर जोन से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर की गई है।

### सबूत नागपुर कैसे पहुँचे?

सबसे चौंकाने वाली बात यह सामने आई कि आरोपियों के मोबाइल फोन, जो पुलिस कस्टडी में थे, नागपुर तक पहुँच गए। अब यह सवाल उठ रहा है कि कस्टडी में रखे सबूत जिले से बाहर कैसे पहुँचे?

### मुख्यमंत्री कार्यालय का एक्शन

मामला मीडिया में आने के बाद मुख्यमंत्री कार्यालय ने खुद हस्तक्षेप किया। जबलपुर द्वत्र प्रमोद वर्मा ने तत्काल जांच शुरू की और स्ष्ठहक्क सिवनी कार्यालय व बंडोल थाना के 9 पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया।

### इन 9 अधिकारियों-कर्मचारियों पर गिरी गाज

इस मामले में सिवनी एसडीओपी ऑफिस और बंडोल थाना के 9 अधिकारियों-कर्मचारियों पर भी गाज गिरी है. इन सभी 9 अधिकारियों-कर्मचारियों को निलंबित कर दिया गया है।

उप निरीक्षक अर्पित भैरम, थाना प्रभारी बंडोल, सिवनी प्रधान आरक्षक माखन (203), एसडीओपी कार्यालय सिवनी प्रधान आरक्षक रविन्द्र उईके (447), रीडर, एसडीओपी कार्यालय सिवनी आरक्षक जगदीश यादव (803), एसडीओपी कार्यालय सिवनी आरक्षक योगेन्द्र चौरसिया (306), एसडीओपी कार्यालय सिवनी आरक्षक चालक रितेश (582), ड्राइवर, एसडीओपी कार्यालय सिवनी आरक्षक नीरज राजपूत (750), थाना बंडोल, सिवनी आरक्षक केदार (610), गनमैन एसडीओपी सिवनी, 8वीं वाहिनी विसबल छिंदवाड़ा आरक्षक सदाफल (85), गनमैन एसडीओपी सिवनी, 8वीं वाहिनी विसबल छिंदवाड़ा विभागीय सूत्रों के अनुसार, इन सभी पर कर्तव्य में लापरवाही और संदिग्ध आचरण के आरोप लगाए गए हैं। मामले की जांच जारी है और आगे विभागीय कार्रवाई भी संभव है।

## शहडोल में वन्यजीवों का दोहरा आतंक

**शहडोल।** जिले में वन्यजीवों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। एक ओर ब्यौहारी क्षेत्र में जंगली हाथियों का झुंड किसानों की महीनों की मेहनत पर पानी फेर रहा है, वहीं दूसरी ओर केशवाही वन परिक्षेत्र के बालबाहरा गांव में भालू का आतंक ग्रामीणों के लिए नई मुसीबत बन गया है। सूत्रों के अनुसार, जैतपुर वन परिक्षेत्र के केशवाही रेंज के अंतर्गत बालबाहरा गांव में एक भालू पिछले एक सप्ताह से सुबह-सुबह खेतों और बस्ती के आसपास घूमता देखा जा रहा है। भालू कई बार सीधे धान के खेतों में घुसकर फसलों को नुकसान पहुंचा चुका है, जिससे ग्रामीणों में भय का माहौल है। इधर ब्यौहारी क्षेत्र के अनहरा और नादव गांवों में दर्जनभर से अधिक जंगली हाथियों का झुंड धावा बोल चुका है। इन हाथियों ने एक एकड़ से अधिक धान की फसल रौंद डाली, जिससे किसानों का भारी नुकसान हुआ है। ग्रामीण रातभर खेतों की रखवाली कर रहे हैं, लेकिन वन विभाग की कार्रवाई केवल कागजों तक सीमित दिखाई दे रही है। शहडोल में अब यह डबल खतरा हाथियों और भालू का है, किसानों की आजीविका और जनजीवन दोनों के लिए गंभीर चुनौती बन गया है।

## कोचिंग से लौटते छात्र पर चाकू से 10 वार

### अस्पताल में एमएलसी से इनकार पर बवाल

**शहडोल।** जिले के जयसिंहनगर से शुक्रवार देर शाम एक दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई है। कोचिंग से लौट रहे कक्षा 12 वीं के छात्र पर उसके ही साथी छात्र ने धारदार चाकू से ताबड़तोड़ 10 वार कर दिए। घटना इतनी भयावह थी कि कुछ ही सेकेंड में आस-पास अफरा-तफरी मच गई और राहगीरों में दहशत फैल गई। जानकारी के अनुसार, घटना जनकपुर रोड बायपास स्थित मॉडल स्कूल के पास की है। बताया जा रहा है कि जयसिंहनगर थाना क्षेत्र के सीएम राइस स्कूल में पढने वाले कक्षा 11 वीं और 12 वीं के दो छात्रों के बीच बीते दिनों विवाद हुआ था। दरअसल 12 वीं के छात्र ने आरोपी छात्र को स्कूल परिसर में कोरेक्स सिरप पीने से मना किया था। इसी बात पर दोनों में कहासुनी हुई और आरोपी ने बदला लेने की ठान ली। गुरुवार की शाम आरोपी छात्र ने कोचिंग से लौट रहे 12वीं के छात्र पर अचानक हमला कर दिया। उसने एक के बाद एक 10 बार चाकू से वार किए, जिससे छात्र लहूलुहान होकर सडक़ पर गिर पड़ा। स्थानीय लोगों ने तुरंत घायल छात्र को जयसिंहनगर अस्पताल पहुँचाया, जहाँ उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है। मामले ने तब नया मोड़ ले लिया जब अस्पताल के डॉक्टरों ने घायल छात्र की एमएलसी करने से इनकार कर दिया। डॉक्टरों ने कथित तौर पर कहा कि अगर दबाव बनाया गया तो वे इस्तीफा दे देंगे। इस पर पुलिस और अस्पताल प्रशासन आमने-सामने आ गए और अस्पताल परिसर में तनाव की स्थिति बन गई। फिलहाल पुलिस ने आरोपी छात्र की तलाश शुरू कर दी है। यह घटना न सिर्फ छात्र सुरक्षा पर सवाल खड़ा करती है बल्कि चिकित्सा व्यवस्था की संवेदनहीनता को भी उजागर करती है।





### इनका कहना है

जयसिंहनगर में एक युवक पर चाकू से हमला किया गया, पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है, जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार किया जाएगा।

**अभिषेक दीवान**
**अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, शहडोल**

## पेंच टाइगर रिज़र्व में फिर गूंजी किलकारी

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** गत दिवस करमाझिरी परिक्षेत्र के 39 नम्बर केम्प में मादा हथिनी दामिनी ने सुबह एक नन्हे नर बछड़े को जन्म दिया। वर्तमान में माँ और बछड़ा दोनों स्वस्थ है। दामिनी हाथी वर्ष 2000 में बांधवगढ़ टाइगर रिज़र्व से लाई गई थी। इसकी माँ का नाम अनारकली था। जिस समय इसे लाया गया था तब इसकी उम्र 5 वर्ष थी अभी इसकी उम्र 30 वर्ष हो गई है। उक्त बछड़ा दामिनी और बाली नमक नर हाथी की संतान है बाली हाथी वर्ष 2022 में कर्नाटक राज्य से लाया गया था। इसके पूर्व भी दामिनी ने एक बछडे को जन्म दिया था पर कुछ ही समय मे उसकी मृत्यु हो गई थी। उसके बाद दामिनी ने यह अपना दूसरा बछड़ा दिया है।



## कुख्यात डकैत 'ठोकिया' के भाई समेत 4 डकैतों को 10 साल की कठोर कारावास

**सतना।** चित्रकूट उत्तर प्रदेश के पाठा क्षेत्र के कुख्यात डकैत अंबिका पटेल उर्फ ठोकिया गैंग पर लगभग 20 साल पहले दर्ज गैंगस्टर एक्ट के एक मामले में आखिरकार कोर्ट का फैसला आ गया है। चित्रकूट की गैंगस्टर कोर्ट के अपर सत्र न्यायाधीश रवि दिवाकर ने शुक्रवार को यह महत्वपूर्ण निर्णय सुनाया।

### ठोकिया के भाई समेत 4 दोषी

अदालत ने गैंग के चार सदस्यों को 10 वर्ष की कठोर कारावास और प्रत्येक पर दो-दो लाख रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है।दोषी पाए जाने वालों में गैंग लीडर ठोकिया का भाई कलेश पटेल,चाचा नत्थू पटेल,राममिलन उपाध्याय और हीरालाल शामिल हैं। यह मुकदमा वर्ष 2005 में कोतवाली कर्वी में दर्ज किया गया था,जिसमें ठोकिया समेत कुल 10डकैतों को आरोपी बनाया गया था। सुनवाई के दौरान ठोकिया सहित छह आरोपियों की मृत्यु हो चुकी थी,जिसके बाद शेष बचे पांच में से चार को दोषी ठहराया गया। आरोप पत्र में ठोकिया द्वारा की गई जघन्य घटनाओं,जैसे दो सिपाहियों की हत्या,बगहिया नरसंहार और 22 जुलाई 2007 को एसटीएफ टीम पर घात लगाकर हमला (जिसमें छह जवान शहीद हुए थे) का विस्तृत उल्लेख किया गया था। इस हमले ने इस गैंग की खूंखार छवि को और मजबूत किया था। ठोकिया अगस्त 2008 में एक एनकाउंटर में एसटीएफ के हाथों मारा गया था।

## घरेलू विवाद में पति ने पत्नी और मासूम बेटी पर हँसिया से किया जानलेवा हमला



**सतना।** मझगवां थाना क्षेत्र में एक घरेलू विवाद ने गंभीर रूप ले लिया जब पति राकेश अहिरवार 24 वर्ष ने अपनी पत्नी इंद्रावती वर्मा 25 वर्ष और उनकी एक वर्षीय मासूम बेटी नंदनी पर हँसिया से जानलेवा हमला कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार,नई बस्ती निवासी राकेश अहिरवार का अपनी पत्नी इंद्रावती से किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। विवाद के दौरान राकेश ने आवेश में आकर घर में रखी हँसिया उठाकर इंद्रावती पर हमला कर दिया। इस हमले में इंद्रावती और उनकी गोद में मौजूद मासूम बेटी नंदनी घायल हो गईं। घटना की सूचना मिलते ही मझगवां थाना प्रभारी आदित्य नारायण धुर्वे मौके पर पहुंचे और घायल मां-बेटी को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मझगवां पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। वर्तमान में,घायल पत्नी और बेटी का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। बच्ची नंदनी की हालत गंभीर होने के कारण उसे आईसीयू में भर्ती किया गया है,जहाँ उसके स्वास्थ्य में धीमी गति से सुधार बताया जा रहा है। पुलिस के अनुसार,पति ने सीधे बच्ची पर हमला नहीं किया था,बल्कि हमले के दौरान संयोग से उसे भी चोट आ गई। पुलिस ने आरोपी पति राकेश अहिरवार के खिलाफ धारा 307 (जानलेवा हमला) के तहत प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

## भजन, पूजन, महाआरती और श्रद्धा की लहर में देर रात तक डूबे रहे भक्त

# जीवन गुरु और मां भगवती को समर्पित ब्रह्मचारी चैतन्यानंद जी का जन्मोत्सव भक्ति भाव से संपन्न

हरिभूमि, जबलपुर।

सिद्ध बगलामुखी पीठ में शुक्रवार को भक्ति, अध्यात्म और गुरु भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। पीठ के मुख्य पुजारी ब्रह्मचारी स्वामी चैतन्यानंद जी महाराज का जन्मोत्सव बगलामुखी भक्त मंडल द्वारा बड़े ही हर्षोल्लास और श्रद्धाभाव से मनाया गया। पूरे परिसर को पुष्पों, दीपों और सजावटी झालरों से सुसज्जित किया गया, जबकि वातावरण में जय मां बगलामुखी के घोष गूंजते रहे। इस अवसर पर ब्रह्मचारी चैतन्यानंद जी महाराज ने कहा मैंने अपना संपूर्ण जीवन अपने गुरु ब्रह्मलीन जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद जी महाराज और मां बगलामुखी की सेवा को समर्पित कर दिया है। यही मेरे जीवन का धर्म, साधना और मार्ग है। जो भी मां की शरण में आता है, वह सदैव निर्भय और विजयी होता है।

### पूजन-अर्चन और महाआरती से गुंजा मठ

कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हुआ। भक्तों ने मां बगलामुखी का विशेष पूजन, हवन, अर्चन और महाआरती कर देवी की कृपा प्राप्त की। इसके बाद भजन संध्या का आयोजन किया गया, जिसमें भजन गायकों ने देवी महिमा और गुरु भक्ति के गीतों से वातावरण को पूर्णतः आध्यात्मिक बना दिया। आरती उपरांत सभी भक्तों को महाप्रसाद वितरित किया गया।



### समाजसेवियों और श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही विशेष-

कार्यक्रम में शहर के अनेक समाजसेवी और भक्तजन भी शामिल हुए, जिनमें विधायक अभिलाष पांडे, विनोद गोटिया, ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी, महेश पुरवानी, संदीप जैन, राजेश द्विवेदी, विवेक गुप्ता, शिवम चतुर्वेदी, सुखेन्द्र तिवारी, विजय घनघोरिया, पदमा मेनन, श्याम चौदहा, अधिवक्ता आशीष त्रिवेदी, पुष्पेंद्र सिंह परिहार, आशीष चौकसे, तुलसी अवस्थी, वैभव दुबे, अंकित दीक्षित, पीयूष दुबे, सोनल कुरेले, राहुल मौर्य ,राज गुप्ता, गोविंदा साहू, शिव गुप्ता, लकी शर्मा, सुनील गुप्ता, रोहित तिवारी, मनोज सेन, अभिषेख उपाध्याय सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।



### कलमवीर संघर्ष संगठन ने किया सम्मान-

इस पावन अवसर पर कलमवीर संघर्ष संगठन के पदाधिकारियों ने भी बगलामुखी मठ पहुंचकर पूज्य महाराज श्री का पुष्पहारों से स्वागत किया और उन्हें जन्मोत्सव की शुभकामनाएं दीं। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मयंक तिवारी, प्रवक्ता सत्यजीत यादव, प्रदेश अध्यक्ष शुभम शुक्ला, महासचिव विनोद मिश्रा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष योगेश सोनी, जिला अध्यक्ष सृजन शुक्ला, उपाध्यक्ष किशोर गौतम, शुभम रजक, अमन पटेल, हिमांशु तिवारी, राजू शर्मा, सुमित ने एक स्वर में ब्रह्मचारी जी के दीर्घायु, स्वास्थ्य और सेवा पथ की निरंतरता की प्रार्थना की।



# पमरे में स्वच्छता वॉकथॉन का आयोजन, महाप्रबंधक ने लिया भाग

जबलपुर।

स्वच्छता ही सेवा-2025 अभियान के अंतर्गत पश्चिम मध्य रेलवे द्वारा रैल सौरभ कॉलोनी में वॉकथॉन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में पश्चिम मध्य रेलवे की महाप्रबंधक श्रीमती शोभना बंदोपाध्याय एवं अपर महाप्रबंधक प्रमोद कुमार खत्री सहित मुख्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों और बड़ी संख्या में रेल कर्मचारियों ने भाग लिया।कार्यक्रम का उद्देश्य स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाना और स्वच्छ वातावरण को बढ़ावा देना रहा। वॉकथॉन का नेतृत्व प्रमुख मुख्य यांत्रिक इंजीनियर एम. विजय कुमार ने किया।इस अवसर पर एक पेड़ माँ के नाम पहल के तहत पौधारोपण भी किया गया। खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि यह आयोजन पूरे पश्चिम मध्य रेलवे में 1 अगस्त से 31 अक्टूबर 2025 तक चल रहे स्वच्छता अभियान का हिस्सा है।

# मद्य निषेध सप्ताह पर छात्रों ने जाना नशा के दुष्परिणाम

जबलपुर।

नवज्योति नशा मुक्ति केन्द्र अवधपुरी द्वारा गुरु गोविंद सिंह पब्लिक हायर सेकण्डरी स्कूल पोलीपाथिर में मद्य निषेध सप्ताह के अंतर्गत नशा मुक्ति जन जागरूकता कार्यक्रम प्राचार्य रिचा आनंद एवं सह प्राचार्य एसआईएस कोहली के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। संस्था से हेमंत सोलंकी ने छात्रों को तम्बाकू निर्मित उत्पादों से होने वाले शारीरिक दुष्परिणामों को विस्तार से बताया। काउंसलर श्वेता सिंह, डॉ. सरकार ने बच्चों को मादक पदार्थ के सेवन से होने वाली शारीरिक व मानसिक बीमारियों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में गुरु गोविंद पब्लिक हा.से. स्कूल की शिक्षिका लज्जा पांडे, नीरू मान, शिवानी जाटव सहित छात्रों की उपस्थिति रही।



### तृतीय जबलपुर अधिवक्ता शतरंज टूर्नामेंट आज से

जबलपुर। जिला अधिवक्ता संघ जबलपुर के सचिव ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी के द्वारा बताया गया कि जिला अधिवक्ता संघ जबलपुर द्वारा निरंतर जबलपुर अधिवक्ता शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता रहा है, इसी क्रम में तृतीय जबलपुर अधिवक्ता शतरंज टूर्नामेन्ट 2025 का आयोजन दिनांक 11/10/2025 से 12/10/2025 के मध्य किया जा रहा है। यह टूर्नामेंट कृष्णमूर्ति मिश्र प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के मुख्य अतिथ्यि एवं जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष मनीष मिश्रा की अध्यक्षता में किया जा रहा है। जिसमें लगभग 150 अधिवक्ता खिलाड़ियों के शामिल होने की संभावना है। प्रतियोगिता दोपहर 12:15 से आरंभ होगी जिसमें उपस्थिति की अपील जिला अधिवक्ता संघ जबलपुर के अध्यक्ष मनीष मिश्रा, सचिव ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी, उपाध्यक्ष मनोज तिवारी, महिला उपाध्यक्ष ज्योति राय, सह सचिव मनोज शिवहरे, कोषाध्यक्ष विनोद विश्वकर्मा, पुस्तकालय सचिव शैलेन्द्र यादव, कार्यकारिणी सदस्यगण क्रमशः रवीन्द्र दत्त, प्रशांत नायक, अनुभव शर्मा (सीपू), अर्जुन साहू, दुर्गेश मनाना, मनोज तिवारी ने की है।

# खेल में उत्कृष्ट कार्य के लिए किया सम्मानित

## स्कूल स्तर पर कबड्डी में नई पौध तैयार कर रहीं हेमलता तिवारी



**जबलपुर।** शासकीय कमला नेहरू कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गंजीपुरा में व्यायाम निर्देशक (पीटीआई) के रूप में पदस्थ हेमलता तिवारी लगभग 30 से 35 वर्षों से शिक्षा विभाग में अपनी सेवा देते हुए कबड्डी खेल में बच्चों को अपनी कोचिंग से तैयार करते आ रही हैं, उनकी कड़ी मेहनत से संस्कारधानी के बच्चे कबड्डी में राज्य स्तर और राष्ट्रीय स्तर पर निरंतर पदक जीतते आ रहे हैं, इनकी खेल के प्रति समर्पण भावना को देखते हुए जागरूक खेल संघ ने इनकी पदस्थ संस्था में पहुंचकर इनका सम्मान किया। इस अवसर पर शाला प्राचार्य और समस्त शिक्षकगण उपास्थि रहे। ध्यान रहे कि आपने अनेक बार मध्यप्रदेश कबड्डी टीम में खिलाड़ी व प्रशिक्षक के रूप में अपनी अविस्मरणीय पहचान बनाई है। इस गरिमामय उपलब्धि से सम्पूर्ण शिक्षा विभाग गौरवान्वित हुआ है। इस अविस्मरणीय उपलब्धि पर जागरूक खेल संघ जबलपुर के प्रांतीय अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन एवं राकेश श्रीवास संभागीय अध्यक्ष ने उनकी पदस्थ संस्था में पहुंचकर श्रीमती हेमलता तिवारी को पुष्प गुच्छ भेंट कर और शाल ओढ़ाकर उनके शालेय परिवार सहित सम्मानित किया। संघ के रॉबर्ट मार्टिन, राकेश श्रीवास, मीनुकान्त शर्मा, धनराज पिल्ले, दिनेश गोंड, शशिरमन स्वामी, राजेश सहारिया, रऊफ खान, सुधीर अवधिया, गुडविन चार्ल्स, आदि ने बधाई देते हुए इनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## डॉ. शिखा, प्रशांत और मोनिका को मिला सर्वोच्च सम्मान

# जनेकृविवि के शोधार्थियों ने अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में लहराया परचम

जबलपुर।

जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर के शोधार्थियों ने एक बार फिर विश्वविद्यालय का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। 5 से 7 अक्टूबर 2025 तक राजस्थान के उदयपुर में आयोजित 10वें अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन ग्लोबल रिसर्च इनिशिएटिव्स फॉर सस्टेनेबल एग्रीकल्चर एंड अलाइड साइंसेज में विश्वविद्यालय के प्रतिभावान शोधकर्ताओं ने उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कीं। डॉ. स्तुति शर्मा (प्रिन्सिपल इन्वेस्टिगेटर) और डॉ. आर. शिव रामकृष्णन (को-इन्वेस्टिगेटर) के मार्गदर्शन में किए जा रहे अनुसंधान कार्यों ने सम्मेलन में विशेष पहचान बनाई।




डॉ. शिखा उपाध्याय को उनके शोध कृषि-मॉर्फोलॉजिकल इवैल्यूएशन ऑफ अलसी जर्मप्लाज्म फॉर डीयूएस टेस्टिंग एंड जेनेटिक वेरीएबिलिटी असेसमेंट₹ के लिए ₹बेस्ट पोस्टर प्रेजेंटेशन₹ का पुरस्कार मिला।प्रशांत नामदेव ने अपने विषय स्ट्रेंग्थेनिंग एग्रो-बायोडायवर्सिटी एंड फार्मर्स राइट्स थ्रू कंजर्वेशन ऑफ इंडीजीनस वैराइटीज इन मध्य प्रदेश पर मौखिक प्रस्तुति दी और बेस्ट ओरल प्रेजेंटेशन का खिताब जीता। मोनिका पटेल को फेनोटाइपिक डिसेक्शन ऑफ साइसर एरीटिनम जर्मप्लाज्म फॉर डूयरेवल रजिस्टेंश टू फ्यूसेरियम ऑक्सीस्पोरम पर उनकी उत्कृष्ट पोस्टर प्रस्तुति के लिए बेस्ट पोस्टर प्रेजेंटेशन सम्मान से नवाजा गया। कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा ने शोधार्थियों की इस महत्वपूर्ण सफलता पर उन्हें बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि विश्वविद्यालय के शिक्षण, अनुसंधान और नवाचार के क्षेत्र में उत्कृष्टता को दर्शाती है।

इस अवसर पर अधिष्ठाता कृषि संकाय डॉ. धीरेन्द्र खरे, संचालक अनुसंधान सेवाएं डॉ. जी.के. कौतू, कुलसचिव डॉ. ए.के. जैन और अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय, जबलपुर डॉ. अनिता बब्बर ने भी शोधार्थियों को शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।




### श्रीराम इंस्टीट्यूट में मेंहदी प्रतियोगिता संपन्न

जबलपुर। श्री राम इंस्टीट्यूट ऑफ़ साइंस एंड टेक्नोलॉजी जबलपुर में इलेक्टोरल लिट्रसि क्लब के तत्वावधान में 10 अक्टूबर 2025 को मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को मतदान के अधिकार एवं निर्वाचन प्रक्रिया के प्रति जागरूक करना था। इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, इस प्रतियोगिता का आयोजन नोडल अधिकारी श्रीमती नम्रता सोनी एवं डॉ. ग्रेस मेरी के द्वारा किया गया। इसमें कैंपस एंबेसडर वासु अग्रहारी एवं लकी प्रताप सिंह का सहयोग रहा। कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. समीर वैद्य और प्रोफेसर डॉ. मोहम्मद सलीम खान के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# छावनी क्षेत्र में विकास के लिए विधायक अशोक रोहाणी मिले जीओसी पीएस शेखावत से

**जबलपुर।** कैंट क्षेत्र के विधायक अशोक ईश्वरदास रोहाणी ने लेफ्टिनेंट जनरल पी. एस. शेखावत, जनरल ऑफिसर कमांडिंग (जीओसी), मध्य भारत एरिया से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर छावनी क्षेत्र में नागरिक सुविधाओं, सैनिक परिवारों के कल्याण और समग्र विकास कार्यों को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। दोनों पक्षों ने समयबद्ध सुधार और जनहितकारी योजनाओं पर सहमति व्यक्त की।

विधायक श्री रोहाणी ने 'सूर्या हाफ मैराथन (तृतीय संस्करण)', जो 16 नवंबर 2025 को आयोजित होगी, हेतु स्वयं पंजीकरण कर जबलपुरवासियों से उत्साहपूर्वक भाग लेने का आग्रह किया। उन्होंने इसे स्वास्थ्य, युवा नेतृत्व और सिविल–मिलिट्री सद्भावना का प्रतीक बताया। इसके अतिरिक्त, श्री रोहाणी ने गीता ज्ञानेश्वरी मंदिर, भैरव ताल और वरूंची हनुमान मंदिर में चल रहे स्वच्छता एवं विकास कार्यों के लिए जीओसी का आभार प्रकट किया तथा विधायक निधि से सहयोग की इच्छा भी व्यक्त की। इस पर जीओसी ले. जनरल शेखावत ने उनका स्वागत करते हुए ठोस प्रस्ताव प्रस्तुत करने का अनुरोध किया। जीओसी ने 'सूर्या हाफ मैराथन' में अधिकतम सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु समय पर पंजीकरण करने का निवेदन भी किया।






# स्मार्ट सिटी में संविदा नियमों का उल्लंघन, सौंपा ज्ञापन

**जबलपुर।** जबलपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड में मध्यप्रदेश शासन के संविदा सेवा नियमों (2017, संशोधित 2023) का उल्लंघन कर 65 वर्ष से अधिक आयु के अधिकारी को संविदा पर रखे जाने और अनियमित भुगतान किए जाने को लेकर बड़ा खुलासा हुआ है। इस संबंध में संगठन ने नगर निगमायुक्त, संभागायुक्त, कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक एवं लोकायुक्त को ज्ञापन सौंपते हुए दोषियों पर कार्यवाही की माँग की है।पूर्व डीएफओ के.एल. कावरे, जिनकी उम्र 68 वर्ष से अधिक है, को नियमों के विरुद्ध संविदा पर बनाए रखा गया है। बताया गया है कि उनका मासिक वेतन ₹88,000 है, जबकि उनके जिम्मे का कार्य मदन महल पहाड़ी प्रोजेक्ट वर्षों पहले ही पूरा हो चुका है। फिर भी उन्हें पिछले 3 वर्षों से वेतन का भुगतान हो रहा है, जिससे शासन को लगभग ₹30 लाख की क्षति हुई है।इस भुगतान में नियमों की अनदेखी करते हुए हाल ही में नियुक्त मुख्य वित्त अधिकारी को बायपास कर, संविदा वित्त अधिकारी अमित खत्री द्वारा मनमाने ढंग से भुगतान किया गया। इस पर भी संगठन ने आपत्ति दर्ज की है और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की माँग की है।संगठन के अध्यक्ष अमित मेहरा, गुलशन जबलपुरी, रामाराव मगरदे, काजल विश्वास, जगदीश नन्हे, संतोष गौतम, नरसिमलू सहित अन्य पदाधिकारी ज्ञापन सौंपते समय उपस्थित रहे। संबंधित अधिकारियों ने आवश्यक जांच और कार्यवाही का आश्वासन दिया है। यदि शीघ्र कार्यवाही नहीं होती, तो संगठन न्यायालय का दरवाज़ा खटखटाएगा।

## देश में पिछड़े समाज को राजनीतिक प्रतिनिधित्व दिए बगैर नहीं होगा देश का विकास, यही कांशीराम का संदेश : बसपा प्रभारी

# बसपा ने मनाई संस्थापक कांशीराम की 19वीं पुण्यतिथि

**जबलपुर।** बामसेफ, बसपा के जन्मदाता मान्यवर कांशीराम की 19वीं पुण्यतिथि पर पार्टी द्वारा जिला स्तरीय श्रद्धांजलि सभा का आयोजन डॉ. अंबेडकर भवन जबलपुर में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बसपा जॉन इंचार्ज रामजी ने कांशीराम के जीवन संघर्ष पर प्रकाश डालते हुए कहा कि, बाबा साहब के निधन के बाद उनके मिशन को आगे बढ़ाने का बीड़ा कांशीराम ने उठाया, वे मानते थे इस देश के 85 प्रतिशत बहुजन समाज जो काफी हद तक अपना स्वाभिमान खो चुका है, हर स्तर पर अन्य लोगों से पीछे है जब तक वे सत्ता सरकारों में नहीं पहुंचेंगे तब तक देश में बदलाव नहीं आयेगा, बसपा कार्यकर्ताओं की मेहनत और समर्पण की बदौलत आज सामाजिक परिवर्तन तेजी से हो रहा है, उनका मिशन किसी भी कीमत पर ना रुके इसलिए निरंतर जमीनी स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम, बसपा को मजबूत करने के लिए करते रहना है। डॉ अंबेडकर भवन में आयोजित कार्यक्रम में विशेष रूप से जॉन प्रभारी रामजी सतनामी, एड. रामराज राम, राकेश चौधरी, डॉ सतपाल सिंह, सहित बड़ी संख्या में बसपा कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।




### कफ सिरप से बच्चों की मौत पर कमला नेहरू नगर व्यापारी संघ ने व्यक्त किया आक्रोश

**जबलपुर।** आज हमारे देश के उद्योगपति पैसे की अंधाधुंध में मानवता को भूल गए हैं, शासन, प्रशासन, मेडिकल साइंस मानवता को शर्मसार कर रहा है, हमारे डॉक्टर भगवान का दर्जा योग्यता के अनुकूल नहीं हैं। यह कहना आज के परिवेश में सही होगा कि मेडिकल स्टोर मेडिकल से संबंधित दवाइयां उन अधिकारियों जिनकी देखरेख में यह सब हुआ इन्हें भी फांसी दी जाना चाहिए तब इन्हें इस दर्द का एहसास होगा। हमारे शहीदों ने देश को आजाद करने के लिए अपने प्राणों की आहुति दी, आज भी अपने आपको ठगा महसूस करते होंगे। कमला नेहरू नगर व्यापारी संघ, धनुष यज्ञ रामलीला समिति, संपूर्ण ब्राह्मण मंच मृत बच्चों को श्रद्धांजलि व्यक्त की। इस अवसर पर धनंजय बाजपेई, सीताराम कुरचानिया, संदीप चौकसे, अभिषेक पटेल, निशांत शर्मा, विकास सेन, विजय गुप्ता, अखिलेश मेहता सहित अन्य उपस्थित रहे।

**CHANGE OF NAME**

I, INDRA KUMAR SEN is legally Father of No 6500156L RANK SEP NAME RAJENDRA SEN presently residing at VILL- SIMARIYA, PO-PONDA, TEH-MAJHOLI, DISTT-JABALPUR (MP)-483225 I, have changed of my name from INDRA KUMAR (Name as per my SON, Army service records) to INDRA KUMAR SEN (name as per my AADHAR CARD) vide affidavit dated 10/10/2025 (date of affidavit) formerly before Public Notary RAMDAS SHARMA MP HIGH COURT, JABALPUR (MP)

CORRECT NAME-INDRA KUMAR SEN
INCORRECT NAME -INDRA KUMAR

**CHANGE OF NAME**

I, PYARI BAI SEN is legally Mother of No 6500156L RANK SEP NAME RAJENDRA SEN presently residing at VILL-SIMARIYA, PO-PONDA, TEH-MAJHOLI, DISTT-JABALPUR (MP)-483225 I, have changed of my name from BANNA BAI (Name as per my SON, Army service records) to PYARI BAI SEN (name as per my AADHAR CARD) vide affidavit dated 10/10/2025 (date of affidavit) formerly before Public Notary RAMDAS SHARMA MP HIGH COURT, JABALPUR (MP)

CORRECT NAME
PYARI BAI SEN
INCORRECT NAME
BANNA BAI

**CHANGE OF NAME**

I, ANITHA PANCHAMAN is legally Mother of No 6507379L RANK SEP NAME AMAL K P presently residing at VILL- VELIYANAD, PO-KIDANGARA, TEH-KUTTANAD, DISTT-ALAPPUZHA (KERALA)-686102 I, have changed of my name from ANITHA (Name as per my SON, Army service records) to ANITHA PANCHAMAN (name as per my AADHAR CARD) vide affidavit dated 08/10/2025 (date of affidavit) formerly before Public Notary RAMDAS SHARMA MP HIGH COURT, JABALPUR (MP)

CORRECT NAME
ANITHA PANCHAMAN
INCORRECT- NAME ANITHA

**नाम सुधार सूचना**

मैं RAJESH RAJAK उम्र लगभग 53 वर्ष पिता LATE ROOPRAM RAJAK निवासी- म. नं. 224, दुर्गा मंदिर के पीछे, घाना, थाना खमरिया, तह. पनागर, जिला जबलपुर, म.प्र. शपथपूर्वक कथन करता कि मैं उपरोक्त पते का स्थायी निवास हूँ। मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम RAJESH KUMAR RAJAK दर्ज है। मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम RAJESH RAJAK दर्ज है, जो कि सत्य व सही है। RAJESH KUMAR RAJAK एवं RAJESH RAJAK ये दोनो ही नाम मेरे ही है, किसी अन्य व्यक्ति के नहीं है। अतः भविष्य में मुझे RAJESH RYAJAK के नाम से जाना-पहचाना, पढ़ा-लिखा व समझा जावे। इस हेतु शपथ पत्र पेश है।